जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Why Should Anyone Consult You?

Become the natural choice of anyone who needs what you do. Don't compete. Leverage yourself out of competition.

CONTEMPORARY SCULPTURE MEETS HISTORIC ARCHITECTURE

Airplane Turbulence Is Getting Worse, Here's What That Means for You



*ओरांगुटान बेहद होशियार होते हैं यह बात पहले ही साबित हो चुकी है, विशेष रुप से बीज कुरेदने व कीड़ों को ढूंढने के लिए टूल्स का इस्तेमाल करने जैसे कौशल के लिए। पर एक नई रिसर्च से पता चला है कि, ओरांगुटान जड़ी बूटी का इस्तेमाल करना भी जानते हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि, उन्होंने एक नर सुमात्रन ओरांगुटान को चेहरे पर मौजूद एक घाव का इलाज करते हुए देखा। उसने एक ऐसे पौधे की पत्तियों का रस और लुगदी अपने घाव पर लगाई, जो एंटी इन्फ्लमेटरी और दर्द निवारक गुणों के लिए जाना जाता है। वैसे यह पहली बार नहीं है जब जानवरों को खुद का इलाज करते हुए देखा गया है। बोर्नियन ओरांगुटान को अपने हाथ पैरों पर ऐसे पौधों की पत्तियों को चबाकर लेप करते हुए देखा गया जिसका इस्तेमाल इंसान दुखती मांसपेशियों के ईलाज के लिए करते हैं। वहीं, चिपांज़ियों को, कृमि संक्रमण के इलाज के लिए ज्ञात पौधों को चबाते और घाव पर कीड़ों को लगाते हुए भी देखा गया है। तथापि इस नई खोज में किसी जंगली जानवर को पहली बार खुले घाव का इलाज करते हुए देखा गया है। जर्मनी के मैक्सप्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल बिहेवियर की वरिष्ठ शोध लेखक डॉ. कैरोलाइन स्क्पली ने कहा कि, "हमारे अध्ययन में ओरांगुटान ने जिस पौधे का इस्तेमाल किया वह अपने औषधीय गुणों के लिए विख्यात है। टीम ने बताया कि, राकुस नाम के नर सुमात्रन ओरांगुटान को ट्रैक करते समय उन्होंने देखा कि, ओरांगुटान के चेहरे पर एक ताजा घाव है। तीन दिन बाद राकुस एक बेल, फाईब्रॉरिया टिंक्टोरिया की पत्तियों व शाखाओं को खा रहा था। फिर उसने कुछ अप्रत्याशित किया। पत्तियां खाने के तेरह मिनट बाद उसने पत्तियों को चबाया पर निगला नहीं। फिर, अपने मुंह से निकलने वाले पौधे के रस को अपनी ऊंगलियों से सीधे अपने चेहरे के घाव पर लगा लिया। पांच दिन बाद घाव ठीक हो गया और कुछ सप्ताह बाद सिर्फ एक निशान रह गया था। टीम ने कहा कि राकुस ने जिस पौधे का इस्तेमाल किया उसमें एंटी बैक्टीरियल, एंटी इन्फ्लमेटरी, एंटी फंगल, एंटी ऑक्सीडैंट्स, पेन किलिंग और एंटी कार्सिनोजैनिक खूबियां हैं और पारम्परिक चिकित्सा में डिसैन्टरी, डायबिटीज़ और मलेरिया के इलाज में इसका प्रयोग होता है।*

# मतदान के आंकड़े सार्वजनिक करने में विलंब व आनाकानी बर्दाश्त नहीं होगी?

## सुप्रीम कोर्ट दोबारा मतदान भी करा सकता है अगर चुनाव आयोग समय से पूर्ण आंकड़े जारी नहीं करता

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 मई। सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को उन याचिकाओं की सुनवाई करेगा, जिसमें चुनाव आयोग द्वारा चुनाव डेटा घोषित नहीं करने को चुनौती दी गई है।

अटकलें हैं कि, सुप्रीम कोर्ट चुनाव रद्द कर नए सिरे से चुनाव करवाने के आदेश भी दे सकता है। हालांकि अभी सुप्रीम कोर्ट में ग्रीष्मवकाश चल रहा है, पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सी.जे.आई.) डी.वाई. चन्द्रचूड़ खुद बैंच की अध्यक्षता कर सकते हैं।

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने गुरूवार को कहा कि, चुनाव आयोग बूथ वाइज़ वोटर्स का डेटा अपनी वैबसाइट पर नहीं दे रहा है। इससे राजनैतिक दलों में संदेह पैदा हो रहा है कि, दाल में कुछ काला है। और उन्होंने हैरानी जताई है कि डेटा जारी करने में आखिर समस्या क्या है।

वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि जब पोलिंग एजेंट को दिए जाने वाले फार्म 17 सी में सारी जानकारी होती है तो वोटिंग का डेटा जारी करने में क्या समस्या है।

- **राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा कि, बूथ वाइज़ मतदान के आंकड़े अगर चुनाव आयोग अपनी वेबसाइट पर नहीं डालता है, तो, राजनीतिक पार्टियों का शक और मजबूत होता है कि, कुछ गड़बड़ तो है।**
- **चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह दलील दी कि, विवेकहीन तरीके से हर बूथ पर हुए मतदान का आंकड़ा रिलीज़ करने से चुनाव प्रक्रिया में बेवजह "अव्यवस्था" फैलेगी और चुनाव कराने वाली मशीनरी वैसे ही अभी चुनाव कराने में व्यस्त है।**

उनकी टिप्पणी से एक दिन पहले ही चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि बूथ वाइज़ डेटा को विवेकहीन तरीके से वैबसाइट पर पोस्ट करने से चुनाव प्रक्रिया में बेवजह अव्यवस्था फैलेगी। और आयोग पहले से ही लोकसभा चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त है।

चुनाव आयोग ने कहा कि फॉर्म 17 सी, जिसमें एक पोलिंग स्टेशन पर डाले गए उन वोटर्स की संख्या होती है, की सार्वजनिक पोस्टिंग का कानूनी प्रावधान नहीं है। और इससे चुनाव प्रक्रिया अस्त व्यस्त हो सकती है इससे मतदाताओं के चित्रों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने गुरूवार को चुनाव आयोग पर बेशर्मी से वोटिंग डेटा छिपाने का आरोप लगाया।

तृणमूल सांसद ने एक्स पर अपनी पोस्ट में एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि फॉर्म 17 सी के अनुसार मतदान प्रतिशत का खुलासा करने में समय लगेगा। सांसद ने अपनी पोस्ट में लिखा कि ई.सी.आई. द्वारा प्रकाशित "हैंडबुक फॉर रिटर्निंग आफिसर्स" में कहा गया है कि रिटर्निंग आफिसर्स को सिर्फ "क्लोज़" बटन दबाना है और ऐसा करते ही कुल मतों की संख्या प्रदर्शित हो जाती है जो फॉर्म 17 सी में दर्ज है।

गोखले ने कहा, "बहुत महत्वपूर्ण और चिंताजनक बात यह है कि चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट में खुलेआम झूठ बोल रहा है।

गोखले ने उपरोक्त हैंडबुक का हवाला देकर कहा जब बटन दबाते ही जानकारी मिल जाती है जो इससे कितना समय लगेगा? मात्र तीन सैकेंड। फिर भी चुनाव आयोग बेशर्मी से डेटा छुपा रहा है और झूठ बोल रहा है। कुछ बहुत बड़ी गड़बड़ चल रही है और चुनाव आयोग इसका सक्रिय हिस्सा बन गया है।

चुनाव आयोग ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में मतदान के आंकड़े में अंतर के आरोप को झूठ और गुमराह करने वाला बताते हुए खारिज कर दिया कि लोकसभा चुनाव में पहले दो चरणों के मतदान प्रतिशत में मतदान वाले दिन और बाद में जारी किए गए आंकड़े में अंतर देखा गया है।

चुनाव आयोग ने एन.जी.ओ. की प्रार्थना पर दायर हलफनामे के जवाब में कहा कि फार्म 17 सी को सार्वजनिक रूप से जारी करने का कानूनी प्रावधान नहीं है और इससे अव्यवस्था फैल सकती है।

एन.जी.ओ. ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की है कि चुनाव आयोग को मतदान के 48 घंटे के भीतर अपनी वैबसाइट पर हर चरण के आंकड़े जारी करने के निर्देश दिए जाएं।

# मु.मंत्री सिद्धारमैया ने एक और पत्र लिखा प्र.मंत्री को प्रज्ज्वल का पासपोर्ट रद्द करने के लिये

## प्रज्ज्वल रैवन्ना, क्योंकि सांसद हैं, उन्हें कूटनीतिक पासपोर्ट मिला हुआ है, जिसे रद्द करने की बात कर रहे हैं कर्नाटक के मु.मंत्री

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 मई। प्रज्ज्वल रैवन्ना के केस में चल रही जांच और प्रज्ज्वल की जानकारी व उसे वापस लाने के मुद्दे पर केन्द्र व राज्य के बीच चल रही लड़ाई में भाजपा को सोशल मीडिया की पावर का सामना करना पड़ रहा है, प्रज्ज्वल के खिलाफ अनेकों महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोप में एफ.आई.आर. दर्ज की गई है। भाजपा को चिंता है कि इससे भाजपा को चुनाव प्रचार में दूरगामी नुकसान हो सकता है।

चुनाव के 5 चरण पूरे हो चुके सिर्फ दो ही चरण बचे हैं, 25 मई और एक जून का। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार प्रज्वल का डिप्लोमैटिक पासपोर्ट कैंसल कराने के लिए उसे आर पार की लड़ाई लड़ रही है। प्रज्वल जनता दल (एस) के सांसद हैं और मौजूदा चुनाव में हासन से एन.डी.ए. के प्रत्याशी हैं।

- **सिद्धारमैया ने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि, यह भी आश्चर्य की बात है कि, ऐसे व्यक्ति को, जिस पर कई महिलाओं से बलात्कार का आरोप लगा हुआ है तथा इस कृत्य के कई वीडियो खूब वायरल हो रहे हैं कर्नाटक में, भाजपा ने सांसद के चुनाव में हसन से उम्मीदवार बनाया है।**
- **दूसरी और प्रज्ज्वल रैवन्ना के दादा, पूर्व प्र.मंत्री एच.डी. देवेगौड़ा ने अपने पोते प्रज्ज्वल को चेतावनी दी है कि, वे भारत लौटें तथा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करें तथा उनके खिलाफ चलाये जा रहे मुकदमे का सामना करें, अन्यथा पूरा परिवार उनका बहिष्कार करेगा।**

कर्नाटक सरकार प्रज्वल को स्वदेश लाना चाहती है ताकि वह कानूनी प्रक्रिया का सामना करे।

एन.डी.ए. के लिए प्रज्वल रैवन्ना के केस का खुलासा ऐसे समय में हुआ था जब यहां की 14 सीटों पर मतदान होना था, कर्नाटक की 14 सीटों पर 13 मई को दूसरे चरण में मतदान हुआ था इस हैरत अंगेज मामलों में कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने और उनके वीडियो बनाए गए हैं और सोशल मीडिया के इस युग में ये वीडियो पूरे कर्नाटक में और उससे बाहर भी कई लोगों के फोन तक पहुंच गए हैं। राजनैतिक विशेषज्ञों को यकीन है कि, इस केस से निस्संदेह ही राज्य में एन.डी.ए. की संभावना प्रभावित होगी ही साथ ही यह राज्य के बाहर भी एन.डी.ए. को नुकसान पहुंचा सकता है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री एम. सिद्धारमैया ने गुरूवार को फिर से प्रधानमंत्री को पत्र लिखा कि और प्रज्वल रैवन्ना के केस पर तुरंत ध्यान देने की अपील की और उसे जारी किया गया राजनयिक पास पोर्ट रद्द करने की मांग की।

मुख्यमंत्री ने अपने दूसरे पत्र में लिखा है कि, वे उन जघन्य घटनाओं की ओर ध्यान खींचना चाह रहे हैं, जो कथित रूप से प्रज्वल रैवन्ना ने अंजाम दी हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं ने ना केवल राज्य के लोगों की आत्मा को

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# सचिन पायलट एक दिन में 18 घंटे प्रचार कर रहे हैं

जयपुर, 23 मई। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट आजकल धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने एक दिन में 18 घंटे चुनाव प्रचार किया।

22 मई को अपने घर से सुबह 6 बजे के निकले सचिन पायलट 18 घंटे बाद, रात में 12 बजे दिल्ली वापिस लौटे। इस दौरान उन्होंने पंजाब और

- **सचिन पायलट इस लोकसभा चुनाव में धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। वे अब तक 14 राज्यों में 100 से ज्यादा सभाएं कर चुके हैं।**

हिमाचल प्रदेश के 3 लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाएं कीं। देर रात लौटने के बाद अगले दिन, 23 मई को, सुबह 9 बजे वे उत्तर पूर्वी दिल्ली में हो रही राहुल गांधी की सभा में सम्मिलित हुए। 24 मई को पायलट पुनः पंजाब में प्रचार करने जाएंगे।

सचिन पायलट इस लोकसभा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# जैसे-जैसे चुनाव दक्षिण बंगाल की ओर बढ़ रहा है, हिंसा का तांडव और भयानक हुआ

## जैसा कि विदित ही है, उत्तर बंगाल में भाजपा ने कुछ जगह बना ली है, पर दक्षिण बंगाल पर तृणमूल का प्रभाव व कंट्रोल पूरा है

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 मई। एक निर्दोष आदिवासी महिला को मध्य रात्रि को तृणमूल के बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी।

बंगाल में केन्द्रीय सुरक्षा बलों द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा का मजाक उड़ाते हुए, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने नंदीग्राम के क्षेत्र में आतंक का खुला खेल शुरु कर दिया है। इस क्षेत्र में एक आदिवासी भाजपा कार्यकर्ता की माँ का तृणमूल के बाइक सवार गुंडों ने निर्मम हत्या कर दी।

शुभेन्दु अधिकारी को चुनौती देने के लिए किए गए शक्ति प्रदर्शन में कई भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए और एक आदिवासी महिला की मृत्यु हो गई।

- **नंदीग्राम के गांव सोना चूरी में मोटर साइकिल पर सवार तृणमूल के बाहुबलियों ने मध्य रात्रि को आक्रमण किया।**
- **आक्रमण कारियों ने पांच सात भाजपा कार्यकर्ताओं की जमकर ठुकाई की तथा एक भाजपा कार्यकर्ता की मां की लाठियों से मार-मार कर हत्या कर दी।**
- **नंदीग्रीम भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी का चुनाव क्षेत्र है, जहां से शुभेन्दु ने ममता बनर्जी को गत विधानसभा चुनाव में हराया था।**

शुभेन्दु अधिकारी बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता है और वे तृणमूल की सुप्रीमो ममता बनर्जी की सत्ता को संभावित चुनौती देने वाले हैं।

हमलावर सोनाचुरी गाँव में मध्य रात्रि के बाद आए थे और उन्होंने इस क्षेत्र में भाजपा के कार्यकर्ताओं पर हमला करना शुरु कर दिया।

हमलावरों ने इस आदिवासी महिला को इस कदर निर्दयतापूर्वक मारा-पीटा की उसकी मौत हो गई। इस गाँव में टी.एम.सी. के मोटर साइकिल सवारों ने भाजपा के करीब आठ कार्यकर्ताओं को बहुत बुरी तरह से मार कर घायल कर दिया।

इस घटना से एक दिन पूर्व ही तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी ने यहाँ का

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# जालोर में भीषण गर्मी से चार जनों की मौत

जालोर, 23 मई (कासं)। जालोर में गुरुवार को भीषण गर्मी व लू के प्रभाव से चार लोगों की मौत हो गई।

गुरुवार को जालोर शहर में तापमान 47 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। जालोर जिले के आहोर ग्राम सांगाडी में तेज गर्मी व लू के प्रभाव से पोपटलाल

- **जालोर में गुरूवार को तापमान 47 डिग्री के पार पहुंच गया और 47.5 डिग्री दर्ज किया गया। जालोर में कई दिनों से तेज गर्मी है और भारी लू चल रही है।**

(30) पुत्र उकाराम, जाति प्रजापत, की घर पर तबियत खराब होने पर उसे जालोर के राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। जालोर शहर के रेलवे स्टेशन से सुरजदान (52) पुत्र विष्णुदान, निवासी नरपडा व सोनाराम (65) निवासी

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# जयंत सिन्हा ने झारखंड के पार्टी महासचिव का पत्र पाकर "विस्मय" व्यक्त किया

## सिन्हा ने दो पेज का जवाबी पत्र लिखकर कहा, मैंने चुनाव में मतदान "पोस्टल बैलट" के मार्फत किया था, क्योंकि मतदान के दिन मैं विदेश में था, व्यक्तिगत जिम्मेवारियों के कारण

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 मई। भाजपा के "शो कॉज़" नोटिस पर प्रतिक्रिया करते हुए, पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने आश्चर्य व्यक्त किया है। इस नोटिस में उनसे पूछा गया था कि इस समय चल रहे चुनावों में उन्होंने मतदान और चुनाव प्रचार में भाग क्यों नहीं लिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने चुनावी हक और कर्तव्य के निर्वहन के लिए डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) का इस्तेमाल किया था।

बुधवार को झारखंड भाजपा के महासचिव आदित्य साहु के पत्र के जवाब में जयंत सिन्हा ने कहा कि उन्होंने अपना मत डाक मतपत्र के जरिए डाला था क्योंकि वो निजी जिम्मेदारियों के कारण विदेश में थे।

सिन्हा, झारखंड की हजारीबाग सीट से वर्तमान सांसद हैं लेकिन, इन चुनावों में उनको टिकट नहीं दिया गया था। उन्होंने साहु को लिखे दो पेज के पत्र में कहा, "मुझे आपका पत्र मिलने पर बहुत आश्चर्य हुआ और आपने इसको मीडिया में भी प्रसारित कर दिया है।

- **महासचिव साहू ने सिन्हा को हजारीबाग के चुनाव में मतदान नहीं करने और चुनाव की किसी भी गतिविधि में भाग न लेने पर, कारण बताओ नोटिस भेजा था।**
- **सिन्हा, दो बार हजारीबाग सीट से सांसद निर्वाचित हुए हैं, इस बार चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिया गया था।**
- **सिन्हा ने आगे अपने पत्र में लिखा कि, उन्हें हजारी बाग में आयोजित किसी भी चुनावी प्रोग्राम व गतिविधि की न तो सूचना भेजी गयी और न ही आमंत्रित किया गया, तो, वे कैसे इन गतिविधियों में भाग न लेने के आरोपी हो सकते हैं।**
- **"जब जायसवाल को पार्टी प्रत्याशी बनाया गया, मैंने उन्हें स्वयं आठ मार्च को बधाई दी थी तथा यह घटना सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी।"**
- **उन्होंने कहा, मैंने 2 मार्च को पार्टी अध्यक्ष नड्डा से सम्पर्क करके उनकी मूक सहमति प्राप्त करके, निर्णय लिया था कि, आगामी चुनाव में शामिल नहीं होऊंगा, पर पार्टी की गवरनैंस व इकोनॉमिक नीतियों को पूरा समर्थन दूंगा व प्रसारित करूंगा, जो मैं पूरी लगन से कर रहा हूँ।**

साहु ने उन आरोप कि हजारीबाग लोकसभा सीट से मनीष जायसवाल के प्रत्याशी घोषित होने के बाद से वह संगठनात्मक कार्यों और चुनाव प्रचार में भाग नहीं ले रहे थे, आरोप का जवाब देते हुए सिन्हा ने कहा, "उन्हें पार्टी के किसी आयोजन, रैलियों या संगठनात्मक बैठकों में आमंत्रित नहीं किया गया था।"

"अगर पार्टी मुझे किसी चुनावी कार्यक्रम में सम्मिलित करना चाहती थी तो वह मुझसे निश्चय ही संपर्क कर सकती थी, लेकिन, झारखंड के किसी भी वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद या विधायक ने मुझसे संपर्क नहीं किया। मुझे पार्टी के किसी आयोजन, रैलियों या संगठनात्मक बैठकों में आमंत्रित नहीं किया गया।"

सिन्हा ने मार्च में, वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने से मना कर दिया था और उन्होंने

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# प्रशांत किशोर भाजपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता बने

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 मई। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव, अरुण सिंह के अनुसार, राजनीतिक विश्लेषक और सलाहकार, प्रशांत किशोर को भारतीय जनता पार्टी का मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता

- **भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रशांत की नियुक्ति की घोषणा की।**

नियुक्त किया गया है।

उन्होंने कहा, पार्टी अध्यक्ष, जगत प्रकाश नड्डा ने प्रशांत को नियुक्त किया है और यह नियुक्ति तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है।

## विचार बिन्दु

घर का मोह कायरता का दूसरा नाम है। –अज्ञात

# क्या केजरीवाल की शराब नीति अनैतिक व असंवैधानिक तो थी ही, साथ ही वे व उनकी AAP संयुक्त रूप से RMLA कानून में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी भी हैं, अतः अनुच्छेद 239 AB के तहत कार्यवाही उचित है?

वर्तमान में अरविंद केजरीवाल के विरूद्ध शराब घोटाले का केस ट्रायल कोर्ट (राउज एवेन्यू कोर्ट) से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में चल रहा है, वह बहुचर्चित है। र्श्ं कानून में मनी लॉन्ड्री का केस है जिसमें केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिये अन्तरिम बेल दी है। इसी केस में दिनांक 17.05.2024 को ईडी ने केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (AAP) दोनों को आरोपी बनाया है। देश के इतिहास में यह पहला केस है जहां एक राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी को आरोपी बनाया है। Vicarious Liability के सिद्धान्त को क्रिमिनल लॉ में लागू करने का नया प्रयोग है। मेगा प्रश्न है क्या किसी पोलिटिकल पार्टी के विरूद्ध फौजदारी मुकदमा चल सकता है। केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं। साधारणतः मुख्यमंत्री को ऐसे मामलों में त्याग पत्र देकर मुकदमा लड़ना चाहिये, किन्तु केजरीवाल जेल ही से दिल्ली का शासन चला रहे हैं। यद्यपि अन्तरिम जमानत के आदेश में यह अंकुश लगाया गया है कि वे मुख्यमंत्री के रूप में कागजों पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे और चुनाव स्पीच में केस के मेरिट पर नहीं बोलेंगे। अखबारों में पढ़ने को मिला है उन्होंने अपनी चुनाव अपील में कहा है कि उन्हें चुनावों में जीत दिलाओ, सुप्रीम कोर्ट उन्हें छोड़ देगी। वे शीश महल में रह रहे हैं और हवाई यात्रा कर रहे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें Kingpin कहा है।

इस केस का सबसे मुख्य प्रश्न है कि इसका विषय शराब से है और उद्देश्य है सरकार चलाने के लिये राजस्व अर्जित करना, जबकि हमारा संविधान यह मानता है कि देश में शराब बंदी होनी चाहिये। राष्ट्रपिता बापू मद्य निषेध नीति के प्रबल प्रवक्ता थे। उन्होंने कहा था कि यदि उन्हें एक दिन का निरंकुश शासक बना दिया जावे तो वे सबसे पहले शराब बंदी का आदेश देंगे। कई धर्मों में शराब को (जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है) सब पापों की जननी माना है। देश के महान न्याय विद् जस्टिस कृष्णा अय्यर ने अपने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में कहा है कि शराब की आय से कल्याणकारी राज्य का प्रशासन नहीं चलाया जा सकता। राज्य का यह कृत्य अनैतिक है और संविधान के विरूद्ध है। नीति निदेशक तत्वों में कहा गया है राज्य लोक कल्याण की वृद्धि करेगा केजरीवाल की शराब नीति मद्य निषेध नहीं है अपितु राजस्व की वृद्धि करना है। केजरीवाल ने शराब की कीमत में वृद्धि कर ठेका दिया और बड़ी आय अर्जित की है। गणराज्य की राजधानी दिल्ली में शराब की नदियाँ बहती हैं।

दुनियां के 42 देशों में शराब बंदी लागू है। देश के कुछ राज्यों में शराब बंदी के बाबत जस्टिस टेकचंद समिति का गठन हुआ था। समिति ने 12 सूत्र दिये थे और सुझाव दिया था कि जो राज्य शराब बंदी करेगा, उसकी हानि का 50 प्रतिशत केन्द्र सरकार पूरा करेगी।

प्रस्तुत मामला केजरीवाल की शराब की पोलिसी से सम्बन्ध रखता है। संविधान के अनुच्छे 47 के अनुसार राज्य में शराब बंदी करना शासन का संवैधानिक दायित्व है। शराब की बिक्री को बढ़ाकर राजस्व बढ़ाना मद्य निषेध के विरूद्ध है। केजरीवाल की नीति में पहला सूत्र था, एक बोतल शराब पर एक बोतल फ्री दी जावेगी। दूसरा सूत्र था इसे प्राइवेट हाथों में दिया जाना। बिक्रेताओं को खुली छूट दे दी कि वे एमआरपी के नीचे किसी भी दाम पर शराब बेच सकते हैं व नई शराब की नीति के बाद पुरानी शराब नीति पुनः लागू कर दी गई। दिल्ली की पुरानी आबकारी नीति से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन किया था। गिरफ्तारी हुई और जांच प्रारम्भ की गई। यह मामला ट्रायल कोर्ट में चल रहा है केजरीवाल के साथी मंत्री भी आरोपी हैं।

दिनांक 14 मई 2024 को हाईकोर्ट में सुनवाई हो रही थी इसी दौरान ईडी के एडवोकेट राजू व जस्टिस स्वर्ण कान्ता शर्मा के मध्य बहस के दौरान प्रश्न उठाया गया कि क्या आम आदमी पार्टी को केस में आरोपी बनाया जाना चाहिये था? केस की गम्भीरता को देखते हुये दिनांक 17.05.2024 को ईडी ने 8वी चार्जशीट दाखिल की इसमें केजरीवाल व आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया गया। यह चार्जशीट दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश की गई है। इसके लिये साउथ ग्रुप ने AAP को कुल 100 करोड़ रूपये की रिश्वत दी थी, इसमें से 45 करोड रूपये का इस्तेमाल 'आप' ने गोवा में चुनाव में काम में लिया था। सुप्रीम कोर्ट में केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस खन्ना ने ईडी के एडवोकेट से पूछा था, क्या लोगों के पास पुख्ता सबूत हैं। विश्वास के साथ कोर्ट को सूचित किया कि ईडी के पास पर्याप्त सबूत हैं।

**इस केस का सबसे मुख्य प्रश्न है कि इसका विषय शराब से है और उद्देश्य है सरकार चलाने के लिये राजस्व अर्जित करना, जबकि हमारा संविधान यह मानता है कि देश में शराब बंदी होनी चाहिये। राष्ट्रपिता बापू मद्य निषेध नीति के प्रबल प्रवक्ता थे । उन्होंने कहा था कि यदि उन्हें एक दिन का निरंकुश शासक बना दिया जावे तो वे सबसे पहले शराब बंदी का आदेश देंगे।**

यह पहला प्रसंग है जब किसी राजनीतिक पार्टी को फौजदारी केस में आरोपी बनाया गया हो। ईडी का कथन है कि पीएमएलए कानून की धारा 30 के एक्सप्लेनेशन के अनुसार केस चलाया जा सकता है। केजरीवाल को मुख्य आरोपी माना है, वह पार्टी का मुख्य व्यक्ति (संयोजक) है। केजरीवाल पर आरोप है कि केजरीवाल और आप सरकार ने नवम्बर 2021 में शराब नीति में बदलाव कर होल सेलर्स के लिये 12 प्रतिशत और रिटेलर के लिये 18.5 प्रतिशत प्रोफिट सुनिश्चित किया था।

इस संबंध में कोर्ट के समक्ष यह यक्ष प्रश्न उठाया जा रहा है कि क्या एक राजनीतिक दल (AAP) को शराब घोटाले में कानूनी तौर पर आरोपी बनाया जा सकता है? इस प्रश्न पर आपत्ति होने से न्यायालय में बहस होगी और निर्णय होगा। PMLA कानून के प्रावधानों के अनुसार कम्पनी के विरूद्ध केस चलाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जन प्रतिनिधि कानून 1651 की धारा 29ए के तहत राजनीतिक पार्टी का पंजीयन चुनाव चिन्ह के हेतु किया जाता है। पार्टी को व्यक्तियों का समूह माना गया है। इसमें संदेह नहीं है कि राजनीतिक पार्टी को आरोपी बनाने से मुकदमें की गरिमा में काफी अन्तर आ जावेगा।

यहां यह स्पष्ट करना भी समीचीन होगा कि PMLA कानून की धारा 2(1)(न) में आपराधिक धन के प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से लाभ लेने वाला व्यक्ति अपराधी की परिभाषा में आता है।

ईडी का आरोप है कि शराब घोटाले की आय का उपयोग चुनाव में हुआ है। चुनावों में खर्च की गई राशि पर आयकर में भी छूट है। चुनावों में प्रत्येक राजनीतिक पार्टी चुनाव आयोग से चुनाव चिन्ह प्राप्त कर रही है। चुनावों में आचार संहिता भी लागू होती है। चुनाव चिन्ह आदेश 1968 के अनुसार काम न करने पर तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आर पी एक्ट) के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर चुनाव चिन्ह भी छीना जा सकता है और राजनीतिक पार्टी का जो दर्जा दिया गया है उसे भी रद्द किया जा सकता है।

राजनीतिक पार्टी चुनावों में भाग लेती हैं उस पर भारतीय दण्ड संहिता (IPC) जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (R P Act) और विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (FCRA) के प्रावधान लागू होते हैं।

ईडी ने गृह मंत्रालय को एक रिपोर्ट प्रस्तुत है उसके अनुसार आप पार्टी को 2014 से 2022 के बीच विदेश फण्ड प्राप्त हुआ है, जो कानूनों की पालना किये बिना प्राप्त हुआ है। इस पर भी उचित कार्यवाही होने की पूरी सम्भावना है। कई देशों के दान दाताओं से एक बडी राशि कानूनी प्रावधानों के विरुद्ध प्राप्त की गई है।

यह स्पष्ट है कि आप के नेताओं के विरूद्ध पीएमएलए एक्ट के विरूद्ध मनी लॉन्ड्रिंग का मामला चल रहा है और 8वीं चार्जशीट के अनुसार AAP के विरूद्ध भी यह कार्यवाही की जावेगी।

साधारणतः फौजदारी कार्यवाही उसी व्यक्ति के विरूद्ध होती है, जो उसने किया है। इसका सिद्धान्त है जो करेगा वही भरेगा। लोग कम्पनी बनाकर फौजदारी कार्यवाही से बच निकलते थे, अतः एक नया रूल लागू हुआ, इसे Vicarious Liability का सिद्धान्त कहते हैं। Vicarious का अर्थ है उपनियुक्त रूप से अथवा परोक्ष तौर पर। साधारण रूप से कह सकते हैं जो दूसरे के बदले काम करे। एक व्यक्ति दूसरे की लापरवाही के लिये परोक्ष रूप से उत्तरदायी हो सकता है। कम्पनीज एक्ट में कम्पनी के लिये डायरेक्टर उत्तरदायी माना जा सकता है। Factories Act में occupier कम्पनी के हेतु दोषी माना जा सकता है। केजरीवाल आम आदमी पार्टी के प्रधान हैं (संयोजक हैं) वे उत्तरदायी होंगे। आठवीं चार्जशीट में आप को पार्टी बनाया गया है। जहां सजा नहीं दी जा सकती, वहां फाइन हो सकता है।

कहते हैं यह पहला केस है जिसमें फौजदारी मामले में राजनीतिक पार्टी को पक्षकार बनाया है।

बेल की कण्डीशन के अनुसार केजरीवाल को 2 जून, 2024 को सरेन्डर करना है। ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दायर कर केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की प्रार्थना की है।

केजरीवाल के विरूद्ध दायर इस केस में ऐसा प्रतीत होता है, माननीय सुप्रीम कोर्ट कई नये सिद्धान्त प्रतिपादित करेगा। अन्तरिम बेल के बाद पार्टी बनाने का मामला है और केस के अन्तिम निर्णय तक अन्य कई नये सिद्धान्त प्रतिपादित हो सकते हैं। जहां राजनीतिक पार्टी को पक्षकार बनाया जावेगा, वहीं उसकी मान्यता रद्द करने का प्रश्न भी निर्णय की प्रतीक्षा में रहेगा।

दिनांक 21.05.2024 के आदेश से दिल्ली हाईकोर्ट ने आरोपी मनीष सिसोदिया की दूसरी जमानत की अर्जी खारिज कर दी है। माननीय हाईकोर्ट ने यह Observe किया कि आरोपी सिसोदिया बेल के हेतु अच्छा केस प्रेषित करने में असमर्थ रहे हैं। केस की परिस्थितियों से प्रतीत होता है कि केस Grave Misuse of Power Deewj Breach of Trust का प्रतीत होता है। यह Prima Facie Money Laundering का केस प्रतीत होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि एक्साइज पोलिसी लागू इसलिये की गई कि प्राइवेट पार्टी को 12 प्रतिशत लाभ मिल सके। संविधान शराब बंदी करने का निर्देशन देता है, जहां शराब बेचने के हेतु पोलिसी बनाने का प्रश्न की पैदा नहीं होता। इस दृष्टि से यदि हम शराब पोलिसी की बात करें, तो पायेंगे कि शराब का व्यापार अनैतिक व्यापार है चूंकि हम कल्याणकारी राज्य के नागरिक हैं। इसका अर्थ है, केजरीवाल सरकार की शराब की पोलिसी संविधान के नीति निदेशक तत्वों के विरूद्ध है। केजरीवाल सरकार को भंग कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की प्रक्रिया जो अनुच्छेद 239एबी में दी है उसके अनुसार समय व परिस्थिति को देखकर कदम उठाये जावें।

सत्यमेव जयते!

–अतिथि सम्पादक
पानाचन्द जैन
पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट

# पारिस्थितिकी तंत्र: अब ध्यान नहीं तो कब?



डॉ. रामावतार शर्मा

नेपाल में हिमालय पर्वत श्रृंखला का एक पहाड़ है जिसे मच्छपुच्छरे पर्वत कहा जाता है। अभी 2023 की सर्दी में जब एक पर्वतारोही समूह एक दिन इस पहाड़ के शिखर पर पहुंचा तो उसके सदस्यों को लगा कि वे किसी काले पिरामिड के शिखर पर आ पहुंचे हैं। सर्द मौसम के बावजूद पर्वत शिखर और उसकी ढलान पर बर्फ या स्नो का नामोनिशान नहीं था। इसके अलावा उन्हें वहां से नजर आया कि कितने ही हिमालयी ग्लेशियर्स पानी की झीलों में बदल चुके हैं। हिमालय को पृथ्वी की छत कहा जाता है जिसका स्मरण करते ही चमकती हुई श्वेत हिम आच्छादित मेरु चोटियां आंखों के सामने आने लगती हैं। कितने ही पर्वतारोहियों को हिमालय अलौकिक नजर आता है – अलौकिक और सुदूर, जिसके हर शिखर पर पहुंचना एक दैवीय निमंत्रण–सा है, जहां उत्साह है, हिम्मत है और है एक दृढ़ मानवीय शक्ति का अहसास।

सामान्य तौर पर धरती के दो ध्रुव (पोल्स) माने गए है – उत्तरी ध्रुव (नॉर्थ पोल) आर्कटिक में और दक्षिणी ध्रुव (साउथ पोल) अंटार्कटिका में है। परंतु तिब्बती पठार को तृतीय ध्रुव (थर्ड पोल) भी कहा जाता है जो दक्षिण में हिमालय पर्वत श्रृंखला से लेकर उत्तर में तकलामकान रेगिस्तान तक फैला हुआ है। यह क्षेत्र विश्व का तीसरा सबसे बड़ा हिम भंडार है और दुनिया के अस्तित्व के लिए आवश्यक है। सीधे तौर पर तो आठ देश इस पठार पर आश्रित हैं परंतु परोक्ष में यह पूरे विश्व के जीवन को प्रभावित करता है। तिब्बत के पठार में 15,000 ग्लेशियर्स हैं जो 100,000 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। इन्ही ग्लेशियर्स से अमु दरिया, ब्रह्मपुत्र, गंगा, सिंधु, इर्रावेडी, मेकोंग, सलवीन, तारिम, यांगत्जे और पीली नदी का उद्गम स्थल है जो विश्व की सर्वाधिक मानव आबादी को पानी के रूप में जीवन देता है। भारत, चीन, बांग्लादेश और पाकिस्तान विश्व की सर्वाधिक आबादी वाले देश हैं। अफगानिस्तान से लेकर म्यांमार तक फैला हिंदुकुश हिमालय पर्वत तंत्र आज खतरे में है और खतरे में है दुनिया की कोई दो तिहाई मानव आबादी।

भारत, चीन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और म्यांमार हिमालय के पानी, हवा और पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को अपने हित में नियंत्रित करने में प्रयासरत नजर आ रहे हैं। इन देशों में आपसी विश्वास, सहयोग और सामंजस्य नगण्य के बराबर है जिसके फलस्वरूप हिमालय का इकोसिस्टम लगातार तबाह हो रहा है। सड़कों का जाल, रेल तंत्र का विस्तार, सुरंगों पर गर्व करते नेतागण, विशाल बांध और नदियों के रास्तों में व्यापक परिवर्तन निकट भविष्य में इन सब देशों में बड़ी बर्बादी का कारण बन सकता है। अनियमित बरसात, सूखे बसंत, रसातल में जाता जमीन का पानी, खाद्यानों की कमी आदि का सामना करने का समय निकट आता नजर आ रहा है। इस समय किसी भी देश का नेतृत्व ऐसा नहीं है जो अपने व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठ कर पूरे भारतीय उपमहाद्वीप और एशिया के बारे में स्पष्ट विचार रख सके।

चीन और उपमहाद्वीप के देशों में मित्रता का अभाव आने वाले समय में बड़े कष्टों का कारण बन सकता है। उपमहाद्वीप के नेता अपने–अपने देश में पड़ोसी देश को लेकर भय और आतंक का माहौल बना कर जन समर्थन जुटाने और अपनी सत्ता को स्थाई बनाने में प्रयासरत रहेंगे परंतु पारिस्थितिकी तंत्र का बिखराव एक दिन सब को चपेट में ले लेगा। आठ हिमालयन देशों में यदा–कदा डाटा सांझा करने के अलावा कोई तथ्यपरक बात नहीं हो रहीं है। इंजीनियर्स इस भ्रम के साथ नीतियां बनाते हैं मानो वे वातावरण और इकोसिस्टम को नियंत्रित कर लेंगे। पर ऐसा संभव नहीं है। धन कुबेर लोगों के समूह, महत्वाकांक्षी और अदूरदर्शी राजनीतिक नेतृत्व एवम व्यक्तिगत लाभ के चलते इंजीनियरिंग अब विज्ञान की जगह धन संग्रहण का साधन मात्र रह गई है। लोग ढोल नगाड़ों के साथ बर्फीले पहाड़ों पर शोर शराबे के बीच रील बनाएंगे, पहाड़ों की बर्फ दरकेगी और किसी दिन बड़ी जनहानि होगी।


याद रखना चाहिए कि हिमालय आलीशान हैं पर युवा हैं, सुकुमार है इसलिए भंगुर भी हैं। जिस टेक्टोनिक प्लेट पर भारतीय उपमहाद्वीप स्थित है वह एशिया प्लेट के नीचे घुस रही है जिसके फलस्वरूप हिमालय ऊपर आसमान को छूने के लिए प्रयासरत है तो नीचे इसकी नदियां अपने अस्तित्व के लिए संघर्षरत हैं। यह एक नाजुक संतुलन है। यह संतुलन यदि हमने बिगाड़ा तो ध्यान में रख लीजिए कि करोड़ों जीवन अपना अस्तित्व खो सकते हैं। भारत, चीन और पाकिस्तान का महान सैन्य शक्ति बनने का बड़ा अरमान है। प्रयासरत रहिए पर यदि यह सब इकोसिस्टम के विनाश के साथ हुआ तो यह इन आठों देशों के अस्तित्व की कीमत पर ही संभव होगा। खतरा वास्तविक है हम चाहे स्वीकार करें या नहीं। पृथ्वी के इस भाग में क्या गलत हो रहा है यह हमें हमारी आने वाली पीढ़ियों के जीवन और भविष्य के बारे में सोचने पर ही समझ में आएगा। माहौल को देखते हुए तो लग रहा है कि लोगों को जब तक समझ में आएगा तब तक खतरा नियंत्रण से बाहर हो चुका होगा। प्रकृति में जो परिवर्तन अति धीमी गति से हो रहा प्रतीत होता है वह एक क्षण में अति विनाशकारी रूप ले लेता है जिसे हमारे पूर्वजों ने प्रलय का नाम दिया है।

–डॉ. रामावतार शर्मा,
(चिकित्सक एवं लेखक)

# सुधार व रखरखाव की कमी से पावटा में सीसीटीवी कैमरे कई सालों से बंद

**पावटा,** (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के पावटा कस्बे में पुलिस प्रशासन की तीसरी आंख कहे जाने वाले सीसीटीवी कैमरे कई सालों से मरम्मत के अभाव में खराब पड़े हुए हैं। इन कैमरों के खराब होने से कस्बे में हो रहे अपराधों पर नकेल कसने में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सफल नहीं हो पा रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल ने बताया कि पूर्व सरपंच पूजा अग्रवाल के कार्यकाल 2019 में भामाशाहों ने 10 सीसीटीवी कैमरे कस्बे की सुरक्षा हेतु लगवाए थे, लेकिन कैमरे पिछले कई सालों से सुधार व मेंटेनेस की कमी के कारण बंद पड़े हैं। कैमरों में तकनीकी खराबी आ गई है, जिससे सभी कैमरे तकनीकी खामी के कारण नहीं चल रहे हैं। कैमरे सभी मुख्य बाजारों व चौराहों पर एवं अन्य स्थानों पर लगे हुए हैं। जिसकी क्वालिटी बेहतर है, साफ विजन आता है लेकिन कैमरों के बंद होने से कस्बे की कोई भी गतिविधि रिकार्ड नहीं हो पा रही है। सीसीटीवी कैमरे किसी अपराधी को पकड़ने के लिए कितने उपयोगी होते हैं, इसका उदाहरण पुलिस की कई जांच में देख सकते हैं, लेकिन इन सीसीटीवी कैमरों का सिस्टम ही पूरी तरह ठप हो जाए तो उसका खामियाजा सिर्फ पुलिस की जांच को ही नहीं बल्कि किसी घटना में पीड़ित को भी भुगतना पड़ता है।



पावटा कस्बे में सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हुये हैं।

- **कैमरों के खराब होने से कस्बे में हो रहे अपराधों पर नकेल कसने में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सफल नहीं हो पा रहा है**
- **पूर्व सरपंच पूजा अग्रवाल के कार्यकाल में भामाशाहों ने 10 सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे**

गोपाल अग्रवाल ने बताया कि पावटा कस्बे में लगातार हो रहे अपराधों पर नजर रखने वाली पुलिस की तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों की निगरानी को ही नजर लग गई है। कस्बे के मुख्य हिस्सों में लगे सीसीटीवी कैमरे सही ढंग से रखरखाव न होने के चलते बेकार पड़े हैं। जिससे अब बेखौफ अपराधी कहीं भी वारदात को अंजाम देकर फरार होने में कामयाब होते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन इन कैमरों को सुधार पाने में प्रशासनिक तंत्र भी लगातार नाकामयाब ही दिखाई पड़ रहा है। नगरपालिका की लापरवाही व अनदेखी के चलते बिगड़ती कानून व्यवस्था के बीच अब चोरी, लूट जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। ऐसे में अपराधियों को पकड़ने में सहयोगी भूमिका निभाने वाली कानून की तीसरी आंख का सहारा भी पुलिस की व्यवस्था से छिनता हुआ नजर आ रहा है। इस कारण अपराधियों के बुलंद हौसलों ने अब उन्हें अपराध करने की छूट भी दे दी है। लेकिन प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही के चलते सही ढंग से रखरखाव न होने के कारण कस्बे के अधिकांश हिस्सों में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब हो गए हैं। कैमरे खराब होने के बाद उसे सुधारने व मरम्मत में प्रशासन ना तो कोई रुचि दिखा रहा है और ना ही कोई प्रयास कर रहा है। ऐसे में यह कैमरे महज शो–पीस बनकर रह गए हैं।

गोपाल अग्रवाल ने बताया कि कस्बे में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का कनेक्शन प्रागपुरा थाना पुलिस रूम से है। पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस स्टाफ एलईडी स्क्रीन के माध्यम से पूरे शहर की निगरानी करता है। किसी भी तरह की घटना या जाम की स्थिति देखने के बाद तत्काल वायरलेस के माध्यम सूचना दे दी जाती है।

# 24 मई से एक जून तक रहेगा "नौतपा", इस अवधि में टूटेगा गर्मी का रिकॉर्ड

**भीलवाड़ा,** (निसं)। हिंदी पंचांग का तीसरा महीना ज्येष्ठ 24 मई को शुरू हो रहा है। ज्येष्ठ महीने में ही नौतपा रहता है। इस बार 24 मई से नौतपा शुरू होकर एक जून को समाप्त होगा। इस दौरान गर्मी अधिक रहेगी, लेकिन औद्योगिक नगरी में भीषण गर्मी ने नोतपा से पहले ही हालत खराब करके रख दिए है। गर्मी से शहर की सड़कों को ठंडा रखने के लिए नगर परिषद की फायर ब्रिगेड के जरिए पानी की पिलाई करवाई जा रही है।

ज्योतिषियों के मुताबिक सूर्य ग्रह जब रोहिणी नक्षत्र में आता है तो नौतपा शुरू होता हा जाता है। करीब 15 दिन तक सूर्य रोहिणी नक्षत्र में रहेगा। शुरू के नौ दिन अधिक गर्मी रहेगी। 24 मई की रात 3 बजकर 17 मिनट पर सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा और तपनकाल शुरू हो जाएगा। उस समय सूर्य वृषभ राशि में रहेगा। रोहिणी नक्षत्र का स्वामी चंद्र माना जाता है। ज्येष्ठ महीने में गर्मी की अधिकता रहने के साथ ही हल्की बारिश होने की भी संभावना है। नगर व्यास पंडित राजेंद्र कुमार के अनुसार नौतपा में पड़ने वाली तेज गर्मी से ही बारिश का आकलन होगा। इस अवधि में जहां–जहां बारिश होती है, वहां रोहिणी गलने से वर्षा ऋतु में बरसात की कमी की संभावना रहती है।

नगर व्यास ने पंचांग के आधार पर बताया कि इस बार देशभर में अच्छी बारिश होगी। राजस्थान में मंडुकछाप यानी कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश के योग बन रहे हैं। भीलवाड़ा में औसत बारिश होगी। फिलहाल औद्योगिक नगरी में पड़ रही भीषण गर्मी ने शहर की सड़कों को सूना कर दिया है। आमजन रोजमर्रा के कामों के लिए भी घर से निकलने में कतरा रहे हैं। तापमान नोतपा से पहले ही 44 डिग्री तक पहुंच चुका है।



भीलवाड़ा में प्रशासन द्वारा शहर की सड़कों को ठंडा रखने के लिए सड़कों पर फायर ब्रिगेड की मदद से पानी का छिड़काव करवाया जा रहा है।

## राशिफल शुक्रवार 24 मई, 2024



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, अनुराधा नक्षत्र दिन 10:10 तक, शिव योग दिन 11:21 तक, बालव करण प्रातः 7:24 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–मीन, बुध–मेष, गुरू–वृष, शुक्र–वृष, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि दिन 10:10 तक है। आज श्री नारद जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:20 तक, लाभ–अमृत 7:20 से 10:42 तक, शुभ 12:23 से 2:04 तक, चर 5:27 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:39, सूर्यास्त 7:08

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
स्वास्थ्य से संबंधित चिन्ता दूर होगी। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी वाद–विवाद बढ़ सकते हैं। पारिवारिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**कन्या**
परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
घर–परिवार में कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

**मकर**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।





## देवनानी ने पूर्व अध्यक्ष व्यास को पुष्पाजंलि दी

**जयपुर।** विधानसभा में गुरूवार को पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय रामकिशोर व्यास को उनकी जंयती पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पूर्व विधायक नवरंग सिंह और विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय व्यास के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी में गुरुवार को पूर्व राज्यसभा सांसद ओम माथुर के मानसरोवर स्थित निवास पर पहुंचकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। देवनानी ने माथुर को राजस्थान विधानसभा की वर्ष 2024-25 की डायरी भी भेंट की।

# भरतपुर राजपरिवार के झगड़े में अशोक गहलोत बने विलेन

## दिव्या सिंह और अनिरुद्ध ने आग लगाने के आरोप लगाए

- विश्वेंद्र सिंह ने आरोप नकारते हुए गहलोत से माफी मांगी
- सिंह ने कहा, "बगावत के बावजूद मुझे मंत्री बनाया, झगड़ा सुलझाने का भी प्रयास किया"

**जयपुर, (का.प्र.)।** भरतपुर राजपारिवार के झगड़े में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर विश्वेंद्र सिंह की पत्नी और बेटे की ओर से लगाए गए आरोपों को पूर्व मंत्री सिंह ने ना सिर्फ सिरे से खारिज किया है, बल्कि गहलोत से माफी भी मांगी है।

विश्वेंद्र सिंह ने गुरुवार को लिखा है कि गहलोत सीनियर नेता हैं, उन पर मेरी पत्नी और बेटे की ओर लगाए गए सारे आरोप सरासर झूठे और बेबुनियाद हैं।

विश्वेंद्र ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ फेसबुक पर एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री, तीन बार पीसीसी चीफ व पूर्व केंद्रीय मंत्री अशोक गहलोत हमारे बहुत ही सीनियर नेता हैं। उनके खिलाफ़ मेरी पत्नी और बेटे ने जो आरोप लगाए हैं वो सरासर झूठे और बेबुनियाद हैं। झूठे व बेबुनियाद आरोप लगाना मेरी पत्नी व बेटे की आदत है। मैंने गहलोत सरकार के खिलाफ बगावत की, इसके बावजूद उन्होंने मुझे अपनी सरकार के मंत्रिमंडल में जगह दी।

सिंह ने आगे लिखा है कि गहलोत साहब ने मेरे विधानसभा क्षेत्र में बहुत से ऐतिहासिक कार्यों को मंजूरी दी थी। उन कार्यों को मैंने मंत्री रहते हुए पूर्ण करवाया था। गहलोत साहब हमारे बहुत ही सीनियर और बुजुर्ग नेता हैं। उनके खिलाफ मेरी पत्नी और बेटे ने जो आरोप लगाए हैं, उनके लिए मैं अपनी तरफ से उनसे माफी मांगता हूं।

गहलोत साहब ने तो बहुत ही प्रयास किए थे सुलह करवाने के लिए, लेकिन उनकी बातों को इन दोनों ने नकार दिया था।

इससे पहले दिव्या सिंह और उनके बेटे अनिरुद्ध सिंह ने बुधवार को भरतपुर में अपने ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर विवाद को भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा था कि राजपरिवार के विवाद में पूर्व सीएम ने घी छिड़का है। दो से ढाई साल तक उन्होंने ही आग लगाई। अब उन्हीं से इसका कारण पूछना चाहिए। भरतपुर के वरिष्ठ पीसीसी सदस्य ने कहा है कि सारे फसाद के पीछे बहुत सीनियर कांग्रेस लीडर का हाथ है। यह बात बिल्कुल सही है। जिस लीडर ने यह स्टेटमेंट दिया, उसने सही स्टेटमेंट दिया है। उन्हें पता होगा कि गहलोत साहब ने आग लगाने का काम किया है।

उल्लेखनीय है कि एसडीएम कोर्ट भरतपुर में पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह की ओर से 44 डॉक्यूमेंट पेश किए गए हैं। इनमें मोबाइल रिकॉर्डिंग, फोटोग्राफ और वॉट्सऐप मैसेज हैं। दावा है कि इनमें पत्नी व बेटे की ओर से प्रताड़ित किए जाने के सबूत हैं।

20 मई को दिव्या के वकील करन महला ने बहस के दौरान पूर्व मंत्री का व्यवहार अशोभनीय होने तथा शराब का सेवन करने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में पूर्व मंत्री के वकील गुलराज गोपाल ने मां-बेटे द्वारा पूर्व मंत्री के साथ बातचीत के 44 रिकॉर्ड डॉक्यूमेंटस्, 3 फोटोग्राफ और वॉट्सऐप मैसेज कोर्ट में पेश किए।

# किर्गिस्तान में पढ़ रहे विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : सी.एम.


**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किर्गिस्तान में चल रहे घटनाक्रम पर राज्य सरकार लगातार निगरानी रख रही है तथा वहां पढ़ रहे राजस्थानी विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। विदेश मंत्रालय द्वारा भी इस मामले में गाइड लाइन जारी की गई है। मंत्रालय ने बताया कि बिश्केक में विदेशी छात्रों के खिलाफ हिंसा की हालिया घटनाओं पर दूतावास चिंतित है। पिछले कुछ दिनों के दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। परिवहन या लोगों की आवाजाही पर कोई प्रतिबंध नहीं है। हालांकि, एहतियात के तौर पर कक्षाएं ऑनलाइन मोड में आयोजित की जा रही हैं। दूतावास, विश्वविद्यालयों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है। छात्रों की मदद के लिए दो हेल्पलाइन 0555710041 और 0555005538 लगातार जारी किए गए हैं। दूतावास ने आग्रह किया गया है कि असामाजिक तत्वों द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान न दें।

उल्लेखनीय है कि हर साल बड़ी संख्या में भारतीय छात्र किर्गिज़ गणराज्य के मेडिकल और अन्य विश्वविद्यालयों में दाखिला लेते हैं। इस समय, लगभग 17 हजार भारतीय छात्र किर्गिज़ गणराज्य के कई शहरों में फैले हुए हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश बिश्केक में हैं।

## रजिस्ट्रेशन के बाद ही चारधाम यात्रा पर जाने की सलाह

**जयपुर, (का.सं.)।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा में भारी भीड़ और ट्रैफिक की परिस्थितियों को देखते हुए राज्य के तीर्थ यात्रियों और ऑपरेटरों को सलाह दी जाती है कि बिना पंजीकरण यात्रा के लिए प्रस्थान ना करें। यात्रियों को चारधाम धाम यात्रा में सुरक्षित व सुगम दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तराखंड प्रशासन द्वारा यात्रा से पूर्व अनिवार्य ऑनलाइन पंजीकरण का निर्णय लिया गया है। उत्तराखंड के मुख्य सचिव द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में बताया गया है कि पिछले कुछ दिनों से चारधाम यात्रा में भारी भीड़ है।


### उठावना



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे आदरणीय **श्री हीराचन्द जी कोठारी** (पुत्र स्वर्गीय श्री इन्दरमल जी कोठारी, भ्राताश्री माणकचन्दजी कोठारी) का स्वर्गवास 22/05/2024 को हो गया है। उठावना (आगमन-प्रस्थान) 24/05/2024 प्रातः10 से 10:30 बजे, दादाबाड़ी, मोती डूंगरी रोड, पर रखा है।

**शोकाकुल-** मोहिनी देवी चौधरी (बहन), अलका- राजा संचेती, सुनीता- विमल वैद (पुत्री-दामाद), मधु- प्रकाशचन्द गोलेछा (भतीजी-भतीजी दामाद), ट्विंकल- रोनक बरडिया (पौत्री-दामाद), यश- शुभिका वैद, राहुल- शगुनी संचेती (दोहिता-दोहितावधु), नेहा- अंकित अजमेरा, अंतिमा- सौरभ सपारा, दिक्षिता- विग्नेश राव (दोहिता- दोहिता दामाद) ससुरालपक्ष- संजय लोढा एवं परिवार



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे आदरणीय **श्री हीराचन्द जी कोठारी** (पुत्र स्वर्गीय श्री इन्दरमल जी कोठारी, भ्राताश्री माणकचन्दजी कोठारी) का स्वर्गवास 22/05/2024 को हो गया है। उठावना (आगमन- प्रस्थान) 24/05/2024 प्रातः10 से 10:30 बजे, दादाबाड़ी, मोती डूंगरी रोड, पर रखा है।

**शोकाकुल-** कमला कोठरी (धर्मपत्नी), विजय- रूबी कोठारी (पुत्र- पुत्रवधु), अरिहंत- सोनल कोठारी (पौत्र- पौत्रवधु), नवरत्न, लाभचन्द, विनय, प्रकाश, सुभाष, अरुण, अनिल, सुनील, प्रवीन, पूनम (भतीजे) एवं समस्त कोठारी परिवार, फर्म- अरिहंत जेम्स जी-24, रतना सागर, 9829065848

### तीये की बैठक



हमारी पूजनीय बहिन **श्रीमती मूली देवी** पत्नी का स्व. श्री मदन लाल जी आमेरिया (बांसखोह) का दिनांक 22. 05. 2024 को निधन हो गया है। जिनकी पीहर पक्ष की बैठक दिनांक 24. 05. 2024 शुक्रवार को पिंक सिंटी गार्डन तिलक हॉस्पीटल के सामने आगरा रोड जयपुर समय 05:15 से 05:45 बजे तक रखी गई है।

**शोकाकुल-** रामअवतार, सुरेश (भाई), अरूण तरुण, रजत, नमन, (भतीजा) एवं समस्त खटोडियाँ परिवार बाँसखोह वाले। फर्म- श्री श्याम पुजन सामग्री टीया कलेक्शन विजयपुरा रोड


# कश्मीर में आतंकी हमले में घायल फरहा जयपुर पहुंची

- इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में लाया गया
- परिजन कंधे की ड्रेसिंग व अन्य जांचें करवाने के बाद घर ले गए।
- आपबीती बताते हुए कहा कि बेटा डरकर कुर्सियों के पीछे छुपा, पति की नाक चीरते हुए निकली गोली

**जयपुर।** कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों की फायरिंग में घायल जयपुर के दंपती को जम्मू स्थित मेडिकल कॉलेज में इलाज के बाद शिफ्ट किया गया है। पति तबरेज खान (सनी) को आंख के इलाज के लिए चेन्नई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पत्नी फरहा खान को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर लाया गया है। यहां एक्स-रे के साथ ही उनके कंधे का सिटी स्कैन करवाया गया है।

हड्डी रोग विशेषज्ञ और ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार फरहा खान का एसएमएस हॉस्पिटल में चेकअप किया गया है। उन्हें सबसे अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश हैं। उनके गोली के घाव का परीक्षण किया गया। फिलहाल फरहा की तबीयत स्थिर है। उनका एक्स-रे और सिटी स्कैन करवाया गया है, ताकि उनके कंधे की स्थिति को देखा जा सके।

डॉक्टर अनुराग धाकड़ ने बताया कि दाहिने तरफ गोली लगने से फरहा के कंधे में चोट आई थी। उनकी हड्डी भी क्रैक हो गई थी। जम्मू के आर्मी हॉस्पिटल में ऑपरेशन कर कंधे के पास प्लेट डाली गई थी।

उन्होंने बताया कि एक्स-रे और सिटी स्कैन में सभी चीजें नॉर्मल आने के बाद उनके कंधे की ड्रेसिंग करके दोबारा प्लास्टर लगाया गया है। मरीज को ऑब्जर्वेशन के लिए भर्ती रहने के लिए कहा, लेकिन बच्चे छोटे होने के कारण परिजनों ने मना कर दिया। परिजन स्वेच्छा से उन्हें घर ले गए हैं। उनको उनके घर पर ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। हमने मरीज को 10 दिन बाद फॉलोअप के लिए हॉस्पिटल आने को कहा है और जरूरी दवाइयां दे दी हैं।

फरहा खान ने बताया कि हम 18 तारीख को घूमने गए थे। घूमने के बाद रात को हम जैसे ही खाना खाने होटल पहुंचे। पूरी फैमिली धीरे-धीरे अंदर जा रही थी। मैं और मेरे पति सबसे आखिर में थे। बाइक पर आए आतंकियों ने गोली चलाई। पहले मेरे पति को गोली लगी और फिर मुझे लगी। मेरा बेटा मेरे साथ था। उसने जैसे ही गोली चलते देखा तो डर से भागकर कुर्सी के पीछे छुप गया। मेरी बेटी अपने बड़े पापा के साथ अंदर चली गई थी।

गोली लगने के बाद मैं पति को बचाने गई तो एक गोली मुझे और लगी। मैं पति से कुछ दूरी पर गिर गई। उसके बाद मुझे ज्यादा होश नहीं था। मेरे पति की आंख और नाक से, जबकि मेरे कंधे से खून निकल रहा था। इसके बाद परिजन ने मुझे और पति को अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्रेसिंग के बाद हमें आर्मी हॉस्पिटल भेज दिया गया। आर्मी हॉस्पिटल में हमारा बहुत अच्छे से इलाज हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हमारा बहुत साथ दिया। मेरे पति की दोनों आंखें डैमेज हो चुकी हैं। गोली पति के नाक की हड्डी को चीरते हुए निकली। उनकी नाक का भी ऑपरेशन हुआ है। मेरी अपील है कि मेरे पति को एक आंख डोनेट की जाए।

गौरतलब है कि जयपुर के ब्रह्मपुरी इलाके के रहने वाले तबरेज (38) और उनकी पत्नी फरहा खान (38) बच्चों को लेकर 50 लोगों के ग्रुप के साथ जम्मू-कश्मीर घूमने गए थे। 18 मई को रात 9 बजे सभी लोग बस से उतर कर पहलगाम के यानेर इलाके के एक गार्डन में डिनर करने जा रहे थे। इस दौरान बाइक पर आए 2 आतंकवादियों ने गोलियां चलाना शुरू कर दिया। चलती बाइक पर पीछे बैठे आतंकवादी ने 20-25 राउंड फायर किए। फायरिंग में तबरेज को सिर में आंख के पास और फरहा को कंधे पर गोली लगी। दोनों को फौरन श्रीनगर के जीएमसी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

## विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। विधानसभा में राजनीतिक आख्यान संग्रहालय में राजनीतिक इतिहास की जानकारी का समावेश किया गया है।

## फील्ड में जाकर लिया विद्युत आपूर्ति का फीडबैक

**जयपुर, (का.सं.)।** वर्तमान में चल रहे हीटवेव के चलते गुरुवार 23 मई को जयपुर डिस्कॉम के जयपुर जोन के मुख्य अभियन्ता आर. के. जीनवाल ने मय टीम के जयपुर शहर की आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों में जाकर विद्युत तंत्र का निरीक्षण किया एवं उपभोक्ताओं से विद्युत आपूर्ति संबंधित जानकारी ली।

मुख्य अभियन्ता द्वारा अपनी टीम के साथ मुरलीपुरा क्षेत्र में विकास नगर, आर्य नगर, झोटवाड़ा क्षेत्र में चूड़ी मार्केट, मानसरोवर कॉलोनी, कालवाड़ रोड़, रेल्वे ऑफिसर्स कॉलोनी, गुर्जर कॉलोनी, बृजमण्डल कॉलोनी क्षेत्र में स्थापित विद्युत तंत्र का निरीक्षण किया एवं स्थानीय निवासियों एवं उपभोक्ताओं से विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। सभी स्थानों के लोगों द्वारा शहर में की जा रही विद्युत आपूर्ति के बारे में अपनी पूर्ण संतुष्टि जताई गई।

# 'सजग एप के साथ हाऊसिंग बोर्ड भी सजग रहे, ताकि त्रुटि से बच सकें'

- मानसून के दौरान प्रदेश में एक लाख पौधे लगाएगा आवासन मंडल

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल के अध्यक्ष टी. रविकांत ने गुरुवार को मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। समीक्षा बैठक में उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की। साथ ही कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए लोगों को अधिक से अधिक राहत पहुंचाने का काम मंडल के अधिकारी और कर्मचारी करें। उन्होंने मानसून में प्रदेश भर में 1 लाख पौधे लगाने का निर्देश दिया।

आवासन मंडल के "सजग एप" को लेकर टी. रविकांत ने अधिकारियों से चर्चा की। एप से कार्यों की प्रगति और उसके अनुसार किए जा रहे भुगतान के बारे में फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि सजग एप के माध्यम से आवासन मंडल को भी सजग रहना होगा, ताकि किसी भी तरह की त्रुटि से बचा जा सके।

मंडल आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जिन प्रॉपर्टी को हम हैंड ओवर कर चुके हैं, वहां पर भी पौधे लगाए जाएं। इससे हरियाली बढ़ेगी और सभी को फायदा होगा। बैठक में सचिव डॉ. अनिल कुमार, मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, मुख्य अभियंता मनोज गुप्ता और अमित अग्रवाल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।




हाऊसिंग बोर्ड चेयरमैन टी. रविकांत और आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने गुरूवार को आवासन अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सचिव डॉ. अनिल कुमार, मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, मुख्य अभियंता मनोज गुप्ता और अमित अग्रवाल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## अग्रवाल समाज समिति के चुनाव परिणाम घोषित करने पर रोक 27 तक जारी

**जयपुर।** सिविल न्यायालय-दक्षिण महानगर प्रथम की लिंक कोर्ट ने अग्रवाल समाज समिति के 19 मई को हुए चुनाव परिणाम जारी करने पर लगाई अंतरिम रोक 27 मई तक बरकरार रखी है। वहीं मामले में पक्षकार बनने वाली अर्जियों पर भी इसी दिन सुनवाई तय की है। अदालत ने यह आदेश आनंद गुप्ता व अन्य के अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिया।

सुनवाई के दौरान समिति व अन्य प्रतिवादियों की ओर से अधिवक्ता रमेश चन्द शर्मा व पवन शर्मा ने कहा कि चुनाव परिणाम जारी करने पर लगी अंतरिम रोक हटाई जाए। जिसके जवाब में वादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक चौहान ने कहा कि ऐसी कोई जरूरत नहीं है कि अंतरिम रोक हटाई जाए। यह लिंक कोर्ट है और मामले में सुनवाई कर रही कोर्ट की पीठासीन अधिकारी ही इस केस को सुनेंगी। मामले में अन्य कई प्रार्थना पत्र भी दायर हैं और उन पर भी सुनवाई होनी है। इसलिए चुनाव परिणाम पर लगी अंतरिम रोक को बढाया जाए। वहीं चुनाव में प्रत्याशी रहे राजेन्द्र कुमार अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता प्रेमचंद देवंदा ने पक्षकार बनने के लिए दायर प्रार्थना पत्र पेश कर कहा कि वे भी मामले में उचित पक्षकार हैं। समिति के इन चुनावों में चुनाव समिति के ही एक ग्रुप ने फर्जीवाड़ा किया है। इसलिए चुनाव परिणाम पर रोक यथावत रखी जाए।


### खोया पाया

मेरे आवाज संख्या 5/66, SFS अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर का अदेय प्रमाण पत्र कहीं गिर /गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें- जय प्रकाश ऋषि मो.9829015133

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति फ्लेट नं. जी-1, ग्राउण्ड फ्लोर, शुभ मंगल अपार्टमेन्ट, प्लॉट नं. ख-30, भवानी नगर, मुरलीपुरा, सीकर रोड, जयपुर (राज.) जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट है। उक्त सम्पत्ति को श्री गिरिराज शर्मा ने मैसर्स शुभ मंगल एसोसिएट्स से जरिये विक्रय पत्र दिनांकित 07.02.2013 द्वारा खरीद कर लिया। यह कि कुछ समय पश्चात् गिरिराज शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 16.08.2020 हो गया। उनकी मृत्यु के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारी में श्रीमती गीता देवी (पत्नी), अनुराग शर्मा (पुत्र), अनुपम शर्मा (पुत्र), टीना शर्मा (पुत्री) उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रूप से विधिक रूप से मालिक एवं स्वामी, काबिज हुए श्रीमती गीता देवी, अनुराग शर्मा व अनुपम शर्मा ने उक्त सम्पत्ति में निहित अपने-अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र द्वारा टीना शर्मा के हक में त्याग कर दिया। इस प्रकार टीना शर्मा उक्त सम्पत्ति की एकमात्र रूप से विधिक रूप से मालिक स्वामी अधिकारी काबिज हुई। अब श्री सुनील कुमार पंसारी व श्रीमती ममता पंसारी उक्त सम्पत्ति को क्रय कर रहे हैं, जिस बाबत मेरे अभिभाष्य वित्तीय संस्था HDFC Bank Ltd. से ऋण ले रहे हैं। सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो, तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी। दिनांक : 23.05.2024
केदार लाल, एडवोकेट, चैंबर नं. 03, प्लॉट नं. 2/536, चित्रकूट, वैशाली नगर, जयपुर-302021

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या PADMA FINLEASE COMPANY PRIVATE LIMITED जरिये डायरेक्टर श्री फूलचन्द सरावगी द्वारा अचल सम्पत्ति 15, साकेत नगर, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर, राजस्थान का क्रय विपुल पुरोहित एवं श्रीमती सुमन पुरोहित, निवासी-30, एमआईजी, न्यू शाहगंज कॉलोनी, आगरा, यू.पी. से किया जा रहा है। यदि इस संबंध - में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति है तो वह अन्दर मियाद 07 दिवस में मुझे या मेरे अभिभाष्य के मो. नं. 8890369889 पर सम्पर्क करे।
तुषार अग्रवाल, एडवोकेट, मो.-9529301488

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **प्लाट नम्बर सी-214, सीतापुरा इण्डस्ट्रियल एरिया, फेज पांच, सांगानेर, जयपुर** के सन्दर्भ में श्रीमती भगवन्ती देवी एवं सुनील भाटीया के मध्य निष्पादित विक्रय पत्र दिनांक 20.10.2007 के असल पृष्ठ संख्या 4 एवं 5 कही खो गये है, जिसके सम्बन्ध में एक ऑनलाईन पुलिस इनफोरमेशन रिपोर्ट एलआर 2173457/2024 दिनांक 21.05.2024 को दर्ज कराई गई है। उक्त प्लाट का विक्रय श्रीमती मीनाक्षी एवं श्री आशीष कुमार को किया गया है जिन्होने उक्त प्लाट को खरीदने हेतु भारतीय स्टेट बैंक आरएसीपीसी जयपुर से ऋण लिया है। यदि किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में संपर्क करे, बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नही होगी।
(दीपक पारीक) अधिवक्ता
Registration No. R/321/99 M. No. 94142 38509
email: deepakpareekadvocate@gmail.com

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री रूपनारायण गुप्ता पुत्र स्व. श्री फूलचन्द गुप्ता, निवासी मकान नं. 1, नींबू का बाग, लाल हनुमान जी का मन्दिर, बास बदनपुरा, जयपुर के पुत्र विवेक गुप्ता उनके कहने में नहीं है। अतः मेरे अभिभाष्य ने उनको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद उक्त व्यक्तियों का मेरे अभिभाष्य से व उनकी सम्पत्ति में किसी प्रकार का हक हिस्सा नहीं होगा।
(श्याम सुन्दर गुप्ता) एडवोकेट
मो.नं. 9462101131

### नाम परिवर्तन

मैं नरेन्द्र सिंह शेखावत निवासी- सर्वोदय बस्ती, नरसिंह सागर तालाब के पास, बीकानेर (राज.) घोषणा करता हूँ कि मेरे पुत्र के शैक्षिणक रिकार्ड में मेरा नाम गलती से नरेन्द्र सिंह के रूप में दर्ज हो गया है, मेरा सही नाम नरेन्द्र सिंह शेखावत है, शपथ पत्र दिनांक 18.05.2024 जयपुर

**सूचना** मै गोकुल चंद यादव पुत्र श्री प्रहलाद सहाय यादव निवासी गाँव- कुनेड, तह- पावटा, जिला- कोटपूतली. बहरोड (303106) ने गोविन्दपुरा, रोपाड़ा, जगतपुरा (जयपुर) की लक्ष्मीनगर योजना में 200 फीट रोड पर दुकान संख्या - 11, 12, 13 जिनका प्रत्येक का क्षेत्रफल 15 x30 तथा एक आवासीय प्लॉट संख्या-5 जिसका क्षेत्रफल 45 x 81.10+ 82.11/ 2 Sq.yds. है, जिसके सामने 40 फीट रोड़ है, जिसके पट्टे बदनपुरा (फकीरों की डूंगरी) गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर के है। जिसका क्रम मेरे द्वारा किया गया है। इसका एकमात्र स्वामी मैं हूँ। मेरे पक्ष में समिति द्वारा NOC भी जारी है। किसी भी व्यक्ति को मेरे स्वामित्व से सम्बन्धी आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर मेरे दूरभाष नम्बर तथा नीचे लिखे को पते पर दर्ज करे। धन्यवाद।
पता-गांव- कुनेड, तह - पावटा
जिला - कोटपूतली - बहरोड (303106)
दूरभाष 9414968093, 9887100038

### स्व.पं.सूर्यनारायण राजामिश्र शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

नई मण्डी रोड, दौसा, मो.-9414810027, 01427-294820
E-Mail:PSNMCollegedausa@gmail.com

बी.एड.हेतु पद-
प्राचार्य(1)-M.A.55%, M.Ed.55%, Ph.D., 15 Year Exprience
व्याख्यता-(14) (नागरिक शास्त्र, इतिहास), हिन्दी, संस्कृत, सामाजिक अध्ययन, वाणिज्य, विज्ञान, भूगोल, राजनितिक विज्ञान, अंग्रेजी, संगीत कला, चित्रकला। योग्यता-(M.A. 55%, M.E.55%, Net)

| | | |
|---|---|---|
| पुस्तकालयाध्यक्ष | (1) | M.A., M.Lib. |
| प्रयोगशाला सहायक | (1) | |
| लिपिक | (2) | |
| अकाउटेन्ट | (1) | |
| च.श्रे.कर्म | (1) | |

शैक्षणिक योग्यता- विश्वविद्यालय, यूजीसी एवं NCTE रेगूलेशन के मापदण्डानुसार
नोट- सत्यापित प्रमाण पत्रों सहित 28/5/24 तक आवेदन करे।
निदेशक-स्व.पं. सूर्यनारायण राजमिश्र शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, दौसा

### आवश्यकता

विक्रमादित्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय
लालसोट बाईपास रोड, गुप्तेश्वर मन्दिर के पीछे, दौसा, E-Mail:dr.PDtiwaRi@gmail.com

बी.एड.हेतु पद-
प्राचार्य (1)-M.A.55%, M.Ed.55%, Ph.D., 15 Year Exprience
व्याख्यता-(14) (नागरिक शास्त्र, इतिहास), हिन्दी, संस्कृत, सामाजिक अध्ययन, वाणिज्य, विज्ञान, भूगोल, राजनितिक विज्ञान, अंग्रेजी, संगीत कला, चित्रकला। योग्यता-(M.A. 55%, M.E.55%, Net)

| | | |
|---|---|---|
| पुस्तकालयाध्यक्ष | (1) | M.A., M.Lib. |
| प्रयोगशाला सहायक | (1) | |
| लिपिक | (2) | |
| अकाउटेन्ट | (1) | |
| च.श्रे.कर्म | (1) | |

शैक्षणिक योग्यता- विश्वविद्यालय, यूजीसी एवं NCTE रेगूलेशन के मापदण्डानुसार
नोट- सत्यापित प्रमाण पत्रों सहित 28/5/24 तक आवेदन करे।
निदेशक-डॉ.पी.डी.शर्मा-विक्रमादित्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, दौसा

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

### कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 177/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री गोपाल कृष्ण भादुका निवासी 438 वर्धमान नगर, ए-36 दुकाने के पीछे, अजमेर रोड जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत भादुका सेवा संस्थान प्रयास पता-438 वर्धमान नगर, ए-36 दुकाने के पीछे, 200 फीट बाईपास, हीरापुरा, अजमेर रोड जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 22.5.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 26.7.24
मोहर अदालत
आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

### उत्तर पश्चिम रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण), उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **(1) टेण्डर नं.:** EL/C/JP/DO-GGC/EPC/RE/T/01-R/2023-24 **(2) कार्य का नाम:** दौसा (एक्सक्लूडिंग) से गंगापुर (एक्सक्लूडिंग) सेक्शन में 132/55 केवी ट्रेक्शन सबस्टेशन, सेक्शनिंग पोस्ट (एसपी), सब-सेक्शनिंग पोस्ट (एसएसपी) एवं स्काडा के साथ 2x25 केवी एसी ओएचई ट्रेक्शन सिस्टम के रेलवे विद्युतीकरण कार्य का डिज़ाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग-जयपुर मंडल, उत्तर पश्चिम रेलवे का गंगापुर सिटी (एक्सक्लूसिव) सिंगल लाइन सेक्शन। **(3) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1275866441.41/- **(4) बयाना राशि जो जमा करनी है:** ₹6529300.00/- **(5) कार्य पूर्ण होने की तिथि:** 18 माह **(6) बोली-पूर्व सम्मेलन की तारीख और स्थान:** 28/05/2024 सुबह 11:00 बजे (पूर्वाह्न) उप. मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण-I) रेल निर्माण भवन, जगतपुरा, जयपुर-302017 **(7) निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समय:** 18.06.2024 को 15.00 बजे, 25.06.2024 को 15.00 बजे **(8) उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** www.ireps.gov.in 598-DK/24
/NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

### नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# पानी के लिए महिलाओं ने रामपुरा-पाटन सड़क पर जाम लगाया

## ग्राम मोहनपुर खरखड़ा के लोगों ने बताया कि भयंकर गर्मी में पानी के लिए मारे-मारे फिरना पड़ रहा है या मोल का पानी महंगे दामों में लेना पड़ रहा है

**पाटन,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत बल्लुपुरा के राजस्व ग्राम मोहनपुर खरखड़ा की महिलाओं ने पानी को लेकर रामपुरा-पाटन सड़क पर खाली बर्तन रख कर जाम लगा दिया। महिलाओं का कहना था कि प्रशासन को बार-बार अवगत करवाया गया उसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा हमारी समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया, जबकि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा हर घर को पानी उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। उसके बावजूद भी विभाग इस योजना को महज कागजों में समेटने में लगा हुआ है।

जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने भी विभागीय अधिकारियों को बिजली, पानी के लिए पाबंद किया है, परंतु दोनों विभाग कलेक्टर के आदेशों की हवा निकालने में लगे हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि भयंकर गर्मी में जहां पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है वहीं पानी के लिए मारे-मारे फिरना पड़ रहा है, या मोल का पानी महंगे दामों में लेना पड़ रहा है।



ग्राम मोहनपुर खरखड़ा की महिलाओं ने पानी को लेकर रामपुरा-पाटन सड़क पर खाली बर्तन रख कर जाम लगा दिया।

- महिलाओं का कहना था कि प्रशासन को कई बार अवगत करवाया, उसके बावजूद भी हमारी समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया

हवा सिंह सरपंच ग्राम पंचायत बल्लूपुरा, पंचायत समिति पाटन का कहना है कि पानी के टैंकर ग्राम पंचायत के अधीनस्थ नहीं होने से मुझे पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन टैंकर अवश्य आ रहे हैं, तथा जलदाय विभाग के कनिष्क अभियंता के पास पूरी लोकेशन है।

शकील खां, कनिष्ठ अभियंता, जलदाय विभाग पाटन का कहना है कि राजस्व ग्राम मोहनपुर में चार पानी के टैंकर सप्लाई किए जा रहे हैं, परंतु आमजन अपने मकान के पास टैंकर को खड़ा करवाना चाहता है, जिसके चलते महिलाओं ने अपना विरोध प्रकट किया था। महिलाओं को समझा दिया गया है तथा टैंकर वाले को भी कह दिया है, पानी सबको मिलेगा।

# अरड़ावता में पानी को लेकर आक्रोश, टंकी पर चढ़ी महिलाएं

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर के निकट अरड़ावता में पानी को लेकर लोगों में आक्रोश जारी है। कुछ दिन पहले एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ा था और गुरुवार को भी महिलाएं मटके लेकर टंकी पर चढ़ गई। महिलाओं ने कहा कि रोज-रोज पेयजल के लिए दुखी हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन केवल आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दे रहा है, इस तरह से अब नहीं चलेगा।

महिलाओं ने टंकी के ऊपर से विरोध जताते हुए अचानक पानी के मटके नीचे डालने शुरू कर दिए। ऐसे में नीचे खड़े लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। गनीमत ये रही कि किसी के ऊपर मटका आ कर नहीं पड़ा, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। इसके बाद सूचना मिलने पर जलदाय विभाग के एईएन अशोक पलसानिया अन्य अधिकारी और सी आई विनोद सामरिया के नेतृत्व पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। महिलाओं को समझाइश कर नीचे उतारा गया।



चिड़ावा के निकट अरड़ावता में पानी को लेकर महिलाएं मटके लेकर टंकी पर चढ़ गई।

- महिलाओं ने कहा कि रोज-रोज पेयजल के लिए दुखी हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन केवल आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दे रहा है
- महिलाओं ने टंकी के ऊपर से पानी के मटके नीचे डालने शुरू कर दिए, नीचे खड़े लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई

इसके बाद महिलाओं ने अधिकारियों को जमकर खरी-खरी सुनाई और कहा कि अगर जल्द ही समस्या का स्थाई समाधान नहीं होगा तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान महिलाओं और ग्रामीणों ने रास्ता जाम भी किया और विरोध प्रदर्शन कर पेयजल की समस्या के समाधान की मांग की। अधिकारियों के अनुसार आगे से आदेश है कि पेयजल ग्रस्त इलाकों में जब तक स्थाई रूप से पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं हो, तब तक टैंकरों के जरिए पेयजल पहुंचाया जाएगा।

# नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म

## दो आरोपियों ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना जिले के खुनखुना थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन युवक नाबालिग लड़की का अपहरण कर अपने साथ ले गए और फिर सुनसान जगह पर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी उसे बीच रास्ते पर ही छोड़ कर फरार हो गए। इस मामले को लेकर पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ पुलिस थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। जिसके बाद पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल मुआयना करवाया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

- पीड़िता ने खुनखुना पुलिस थाने में दर्ज मामला करवाया
- पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल मुआयना करवाया

पीड़िता ने पुलिस में दी रिपोर्ट में बताया है कि गत 20 मई को प्रवीण नामक युवक ने उसे घर के बाहर बुलाया, फिर एक अन्य युवक के साथ मिलकर उसे जबरदस्ती बाइक पर बिठाकर अन्यत्र ले गए। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लड़की को नशीला पदार्थ पिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद सुनसान जगह पर ले जाकर दोनों युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। साथ ही घटना की जानकारी किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने यह भी बताया है कि तीन-चार महीने पहले जब वह घर पर अकेली थी तब भी प्रवीण ने उसके साथ दुष्कर्म किया था और अश्लील वीडियो भी बनाई थी।

इस मामले को लेकर पीड़िता अपने परिजनों के साथ एसपी कार्यालय और वृत्ताधिकारी कार्यालय पहुंची, जहां उसने एसपी राजेंद्र कुमार मीणा और डीवाईएसपी धरम पुनिया से मुलाकात कर आरोपियों को गिरफ्तार करने और कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इस मामले में पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शादी का झांसा देकर कोचिंग छात्रा के साथ दुष्कर्म किया

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। सदर पुलिस थाना क्षेत्र में एक कोचिंग छात्रा को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।

यह मामला श्रीगंगानगर के सदर पुलिस थाना क्षेत्र का है। पीड़िता जिले के एक कोचिंग सेन्टर की छात्रा बताई जा रही है। जहां उसका सम्पर्क आरोपी से हुआ और आरोपी ने उसको विश्वास में लेकर उसके साथ दोस्ती कर ली। इस दौरान आरोपी उसको एक होटल में लेकर गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता को शादी करने का झांसा दिया और जब

- फोटो वायरल करने की धमकी दी तथा ब्लैकमेल किया, मामला दर्ज

वह गर्भवती हो गई तो उसके साथ शादी करने के बजाय उसका गर्भपात करवा दिया।

जानकारी के अनुसार आरोपी देवेन्द्र सिंह है। छह साल पहले उसका जिले की एक कोचिंग सेन्टर में पढ़ने वाली छात्रा के साथ सम्पर्क हुआ। उसने पीड़िता के साथ नजदीकियां बढ़ाई और उसको एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। इसी के साथ उसको विश्वास दिलाया कि वह उसके साथ शादी कर लेगा। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के अश्लील फोटो भी खींच लिए। इसी बीच पीड़िता गर्भवती हो गई।

पीड़िता ने जब उस पर शादी करने के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने उसके फोटो वायरल करने की धमकी दी तथा उसको ब्लैकमेल करने लगा। इससे तंग व परेशान होकर पीड़िता ने आखिरकार पुलिस की शरण ली तथा आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दी।

# छह लाख रुपए की शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

## लकड़ियों की आड़ में गुजरात ले जाई जा रही थी शराब




पुलिस ने शराब सहित तस्कर को गिरफ्तार किया।

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने एक ट्रक से छह लाख रुपए की अवैध शराब पकड़ी है। बबूल की लकड़ियों की आड़ में शराब की गुजरात तस्करी हो रही थी। पुलिस ने शराब से भरे ट्रक के साथ ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

बिछीवाड़ा थाना एसआई अब्दुल मुनाफ ने बताया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी

- पुलिस ने ट्रक से विभिन्न ब्रांड की 150 पेटी शराब बरामद की

कर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान उदयपुर की ओर से एक गुजरात नंबर का आइसर ट्रक आते हुए नजर आया। ट्रक को रुकवाकर ड्राइवर भानू प्रकाश प्रजापति पुत्र कृष्ण गोपाल प्रजापति निवासी रामनगर थाना भवानीमंडी झालावाड़ हाल सुंदरवास थाना प्रतापनगर उदयपुर से पूछताछ की।

आरोपी ने ट्रक में बबूल की लकड़ी भरी होना बताया। तलाशी में बबूल की लकड़ी के नीचे एक लोहे के एंगल के साथ प्लाई का बॉक्स बना हुआ था। जिसके नीचे शराब की पेटियां भरी हुई मिली। पुलिस ने ट्रक से विभिन्न ब्रांड की 150 पेटी शराब बरामद की हैं। जिसकी बाजार कीमत करीब 6 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

## बाल विवाह रूकवाया

**निवाई,** (निसं)। एसीजेएम के निर्देशन में पुलिस और पैनल अधिवक्ताओं ने गांव करणपुरा में पीपल पूर्णिमा पर होने वाले बाल विवाह को रूकवाया।

ग्राम करणपुरा में गुरूवार को पीपल पूर्णिमा के अवसर पर नाबालिग कैलाश पुत्र रामजीलाल बैरवा की शादी की सूचना मिली थी, जिसके बाद एसीजेएम डॉ. सिद्धार्थ शंकर शर्मा के निर्देशानुसार निवाई थाने से पुलिस की टीम तथा पैनल अधिवक्ता नारायणसिंह राजावत व कौशल किशोर जाट मौके पर पहुंचे।

पुलिस और पैनल अधिवक्ताओं की टीम ने वर की जन्मतिथि के दस्तावेज मांगे। दस्तावेजों की जांच करने पर दूल्हा नाबालिग मिला। टीम ने मौका पर्चा बनाकर परिजनों के हस्ताक्षर करवाकर लड़के तथा लड़की के बालिग होने तक शादी नहीं करने के लिए पाबंद किया।

# रोडवेज परिचालक ने महिला से पांच रुपए अधिक वसूले

## महिला ने परिचालक सुरेंद्र पूनिया के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की

**चूरू,** (कासं.)। रोडवेज परिचालक ने महिला सवारी से निर्धारित किराया राशि से पांच रुपये अधिक वसूल कर उसके साथ बदतमीजी से बात की। इस कारण महिलाओं को मानसिक परेशानी हुई।

मिली जानकारी के अनुसार चूरू आगार से सुबह साढ़े सात बजे बस संख्या आर जे 26 पीए 1308 जो कि झुंझुनूं के लिए रवाना हुई, जिसके परिचालक सुरेंद्र पूनिया ने महिला सवारी गायत्री देवी प्रजापत निवासी जय पहाड़ी जो कि किसी कार्य से चूरू आयी

- परिचालक ने महिला सवारी से बदतमीजी से बात भी की

हुई थी। गायत्री देवी ने फोन पर बताया कि में और मेरे दो बच्चे साथ मे झुंझुनूं जाने के लिए बस में सवार हुए। परिचालक ने तीन टिकट काटी महिला सवारी का आधा किराया लगता है।

उस हिसाब से तीनों के नब्बे रुपये बनते हैं, जबकि परिचालक ने पिचानवे रुपये वसूल लिए। साथ ही मेरे को कहने लगा कि जिसको शिकायत करनी है कर दो, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मामले को लेकर चूरू आगार के पूछताछ पर भी शिकायत की गई। राजस्थान रोडवेज में लिखे टोल फ्री नम्बर तो लगते ही नहीं हैं। आखिर सवारी शिकायत भी दर्ज नहीं करवा सकती। लगता है कि सरकार ने टोल फ्री नम्बर मात्र दिखावे के लिए दे रखे हैं। बस में सवार अन्य महिलाओं ने भी कहा कि परिचालक सुरेंद्र पूनिया के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

## पाली में तापमान 47 डिग्री पहुंचा

**पाली,** (नि.सं.)। गर्मी के तेवर और तीखे हो रहे हैं, सुबह नौ बजे ही सूर्यदेव प्रचंड रूप ले लेते हैं। पिछले सप्ताह पर से तापक्रम 45 से 47 डिग्री पहुंच गया। आगामी दिनों में नौतपा के चलते 9 दिन तक भयंकर गर्मी पड़ेगी। ऐसे में शहरवासी अपना शरीर का मुंह डककर बाहर निकल रहे हैं। ऐसे में बार-बार बिजली की कटौती भारी पड़ रही है। अभी गर्मी से छुटकारा मिलने वाला नहीं है। गुरुवार को भी तापक्रम सबसे ज्यादा 47 डिग्री पहुंच गया। चिकित्सकों के अनुसार बिना कार्य धूप में नहीं निकले।

# अवैध गांजा सप्लाई करने आया युवक गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना पुलिस ने बुधवार देर शाम को क्षेत्र में अवैध गांजा लेकर आ रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दस किलो गांजा बरामद किया है।

थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने

- पुलिस ने युवक के पास से दस किलो गांजा बरामद किया
- पूछताछ में सामने आया कि आरोपी छत्तीसगढ़ से गांजा लेकर आया था

बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिला स्पेशल टीम प्रभारी शेरसिंह फोगाट ने सूचना दी कि बुहाना मोड़ पर एक व्यक्ति किसी वाहन के इंतजार में खड़ा है, जिसके पास एक बैग में गांजा भरा हुआ है। सूचना पर थानाधिकारी मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे। इस दौरान संदिग्ध अवस्था में



सिंघाना पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर गांजा बरामद किया।

खड़े युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह सकपकाने लगा। इस दौरान पुलिस ने उसकी तलाशी तो उसके पास मिले बैग में 10 किलो 246 ग्राम गांजा भरा हुआ था। जब उससे गांजे के बारे में पूछताछ की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर पुलिस ने कुहाडवास निवासी सौरभ पुत्र धर्मपाल को गिरफ्तार कर उसके पास मिले गांजे को बरामद कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से प्रथम पूछताछ में सामने आया कि आरोपी छत्तीसगढ़ से गांजा लेकर आया था तथा वह क्षेत्र में सप्लाई करने वाला था।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी कैलाश चंद यादव, एएसआई सुबेसिंह, डीएसटी एएसआई पवन कुमार, कांस्टेबल सुशील कुमार, धर्मवीर, विक्रम, अमित, अंकित आदि शामिल थें।

# बुजुर्ग की खेत में मिली लाश के मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

## शराब के नशे में अभद्र भाषा में बात करने पर गमछे से गला घोंट दिया था

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के गेगल पुलिस थाना क्षेत्र में 20 मई को प्रभु सिंह नामक एक बुजुर्ग की खेत में मिली लाश के मामले में अजमेर जिला पुलिस ने 48 घंटे में ही आरोपी को पकड़ कर हत्या का खुलासा कर दिया। गिरफ्तार आरोपी सोनू सिंह ने मृतक प्रभु सिंह का उसी के गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या की थी। आरोपित सोनू सिंह मृतक प्रभु सिंह द्वारा शराब के नशे में अभद्र भाषा में बोला था। इससे कुपित होकर उसने उसके ही गमछे से उसका गला घोंट दिया।

अजमेर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि गेगल थाना क्षेत्र में 20 मई को एक बुजुर्ग की लाश मिली थी, जिसकी पहचान बुबानी गांव निवासी प्रभु सिंह (60) पुत्र हीरा सिंह के रूप में हुई थी। मामले में मृतक के भाई के बेटे शिवराज सिंह के द्वारा पुलिस को



पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया।

शिकायत दी गई। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उसके बड़े पिताजी की हत्या की गई है। वह 18 मई 2024 को घर से निकले थे और उसके बाद से नहीं मिले थे। एसपी ने बताया कि पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मौके पर एफएसएल और एमओबी टीम से साक्ष्य संकलन करवाए गए। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। टीम के द्वारा मृतक के गांव जाकर और उसके परिचित और अन्य रिश्तेदारों से पूछताछ की गई। एसपी ने बताया कि उसे हाईवे पर लगे 500 से ज्यादा अधिक सीसीटीवी खंगाले गए। इसी बीच 18 मई को आखिरी बार मृतक प्रभु सिंह को एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर बैठ कर ले जाता हुआ सीसीटीवी पर नजर आया, जिसे संदिग्ध मानते हुए टीम के द्वारा थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने प्रभु सिंह की हत्या करना कबूल किया।

टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ग्राम अम्बा पीसांगन निवासी सोनू सिंह (27) पुत्र ज्ञान सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी सोनू ने बताया कि उसका ससुराल मृतक के गांव में था। इसलिए वह गांव में आता रहता था। मृतक प्रभु सिंह शराब की खाली बोतलों व प्लास्टिक की बोतलों को एकत्रित करके उनको बेचकर शराब पीने तथा शराब के नशे में हर किसी व्यक्ति को स्वभाव से उनके साथ अभद्र व्यवहार करने का आदी था। घटना से करीब 10 दिन पूर्व मृतक प्रभु सिंह द्वारा उसे मोटरसाइकिल पर बिठाने के बात को लेकर अभद्र व्यवहार किया था। इसके बाद उसने प्रभु सिंह के प्रति गुस्सा आ गया। जिस पर आरोपी मृतक को 18 मई को अपने साथ शराब पीने के बातों में लेकर ले गया और नेशनल हाईवे पर होटल के पास प्रभु सिंह की गमछा से गला घोट कर हत्या कर दी थी। पुलिस मामले में आगे कार्रवाई कर रही है।

# ज्येष्ठ महीना शुरू होते ही तीखे हुए गर्मी के तेवर, पारा 50 डिग्री के करीब पहुंचा

## गुरूवार को देशभर में सबसे ज्यादा तापमान 48.8 डिग्री बाड़मेर में दर्ज हुआ


-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। ज्येष्ठ का महीना शुरू होते ही राजस्थान में गर्मी के तेवर और तीखे हो गए हैं। प्रदेश के कई शहरों में तापमान 50 डिग्री के करीब पहुंच गया है। गुरुवार को सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 48.8 डिग्री दर्ज किया गया। बाड़मेर में 28 साल बाद सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया था। इससे पहले 1995 में 49.9 डिग्री अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया था।

मौसम केन्द्र की मानें तो बाड़मेर गुरुवार को भी देश का सबसे गर्म शहर घोषित किया गया। यहां का अधिकतम तापमान देश में सर्वाधिक दर्ज किया गया। वहीं, सात शहरों में अधिकतम तापमान 47 डिग्री से अधिक दर्ज किए गए। मौसम विभाग की मानें तो आगामी दो दिनों में हीटवेव का असर और तेज होगा। ऐसे में रात और दिन के पारे में 2 डिग्री तक और बढ़ोतरी होगी। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार 28 मई के बाद हीटवेव का असर थोड़ा कम होगा।

मौसम विशेषज्ञ राधेश्याम शर्मा के अनुसार राजस्थान में लगातार दिन और रात के पारे में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। अधिकतर शहरों में दिन का तापमान 45 से 48 डिग्री तक दर्ज किया गया जा रहा है। ऐसे में लगातार अधिक तापमान में रहने से बीमार पड़ने की आशंका बनी रहती है।


मानव शरीर ज्यादा दिनों तक दिन और रात का अधिक तापमान नहीं सहन कर सकता। श्रमिकों को धूप में काम करने से इन दिनों बचना चाहिए। हीट स्ट्रॉक का खतरा रहता है। पशु-पक्षियों के लिए यह गर्मी खतरनाक है। गर्मी अधिक पड़ने के कारण स्वास्थ्य विभाग, बिजली और पीएचईडी को विशेष इंतजाम करने होंगे। लोग ऐसा नहीं समझें कि घरों में रहकर बचा जा सकता है। घर में रहकर भी गर्मी के उपाय करें। जयपुर समेत प्रदेशभर के अधिकांश इलाकों में गर्मी के कारण एयर कंडीशनर और कूलर फेल साबित हो रहे हैं। सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3-4 बजे तक राजधानी जयपुर की व्यस्ततम सड़कों पर भी गिने-चुने लोग और वाहन ही नजर आते हैं, ऐसा नजारा है जैसे कर्फ्यू लगा हुआ हो। लोग गर्मी मिटाने के लिए स्वीमिंग पूल, ठंडे स्थानों और शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर उमड़ रहे है। मौसम विभाग के अनुसार गुरूवार को बाड़मेर में 48.8, फलौदी में 48.6, फतेहपुर में 47.6, जैसलमेर में 47.5, जोधपुर में 47.4, जालौर में 47.3, कोटा में 47.2, चूरू में 47, डूंगरपुर में 46.8, बीकानेर में 46.5, गंगानगर में 46.1, अंता/बारां में 46.1, भीलवाड़ा में 46, वनस्थली में 45.6, चित्तौड़गढ़ में 45.5, सिरोही में 44.9, अजमेर में 44.8, पिलानी में 44.5, सीकर में 44.02, डबोक- 44.2 में , जयपुर में 44, करौली में 43.9, संगरिया में 43.6, अलवर में 43, धौलपुर में 42.1 और माउंट आबू में 35.8 डिग्री दर्ज किया गया।



गलताजी कुंड में गुरूवार को भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए बच्चे अठखेलियां करते नजर आए। फोटो-राष्ट्रदूत

- **बताया जा रहा है कि वर्ष 1995 में अधिकतम 49.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था**
- **मौसम विभाग की मानें तो आगामी 2 दिनों में हीटवेव का असर और तेज होगा। ऐसे में रात और दिन के पारे में 2 डिग्री तक और बढ़ोतरी होगी।**

# स्व. कौशल शर्मा का नेत्र, त्वचा और देहदान किया



**जयपुर**, (का.सं.)। जेएसजी केंद्रीय संस्था जयपुर के माध्यम से अनीता कॉलोनी, बजाज नगर निवासी स्वर्गीया कौशल शर्मा (गोनेर वाले) का 241वां देहदान, 20वां त्वचादान, 3310-3311वां नेत्रदान किया गया। कौशल शर्मा पत्नी स्वर्गीय शंकर लाल शर्मा, उम्र 80 वर्ष निवासी बी-22, अनीता कॉलोनी, बजाज नगर, जयपुर का स्वर्गवास 22 मई को हो गया। उनकी इच्छा के अनुसार उनके पुत्र आलोक शर्मा (मुख्य कार्मिक अधिकारी, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम), अतुल शर्मा (अधिषाषी अभियन्ता, राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम) एवं सभी परिवारजनों ने उनके नेत्र दान, त्वचा दान एवं देह दान का निर्णय लिया।

तदनुसार उनके दोनों कॉर्निया ईबीएसओआर द्वारा एकत्रित किए गए और त्वचा डॉ. राज कुमार, राजेश गोयल एवं एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर के प्लास्टिक सर्जरी विभाग की टीम द्वारा ली गई। उनके शरीर को अनुसंधान एवं अध्ययन के उद्देश्य से आज प्रात: 10.45 बजे सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर के एनाटॉमी विभाग को सौंप दिया गया। स्वर्गीय कौशल शर्मा की स्मृति में एस एम एस मेडिकल कॉलेज परिसर में फलों का पौधे लगाये गये है।

# बीसलपुर लाइन के 14 लाख रु. के पाइप चोरी

**जयपुर**। मानसरोवर इलाके में चोर ट्रक लेकर आए और बीसलपुर लाइन के 14 लाख रुपए के पाइप भरकर ले गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने चोरों को दबोच लिया।

पुलिस ने बताया कि ऑफशोर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी जयपुर के प्रोजेक्ट मैनेजर पवन शर्मा (40) ने मामला दर्ज करवाया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से बीसलपुर जय प्रदाय योजना में पानी की पाइप लाइन बिछाने का काम कंपनी को मिला है। 13 अगस्त से कंपनी की ओर से बीसलपुर पानी की पाइप लाइन बिछाई जा रही है। नारायण विहार में भारत माता सर्किल के पास 400 एमएमडीआई पाइप बिछाने के लिए रोड किनारे रखे हुए थे। गत 21 मई को दिन-दहाड़े ट्रक में सवार होकर आए चोरों ने वारदात की। रोड किनारे रखे 49 पाइप को बदमाश ट्रक में लोड कर चोरी कर ले गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो मालूम चला कि बदमाश ट्रक में पाइप लेकर बोलेरो गाड़ी के साथ भागे है। दोनों वाहन सीकर रोड की तरफ जाने की जानकारी मिली तो पुलिस ने तीन आरोपियों को दस्तयाब कर ट्रक मे से चोरी के 25 पाइप बरमाद किये। शेष 24 खरीदने वाले पाइप विकास शर्मा को भी गिरफ्तार किया।

# नारायणा हॉस्पिटल में 18 माह के बच्चे की सफल स्पाइन सर्जरी

**जयपुर**, (का.सं.)। नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने बाल चिकित्सा न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मध्य प्रदेश के 18 माह के बच्चे को रीढ़ की हड्डी की एक दुर्लभ बीमारी थी। जिस कारण उसे गर्दन हिलाने में बहुत दिक्कत हो रही थी। जांच में पता चला कि बच्चे को क्रैनियोवर्टेब्रल जंक्शन (सीवीजे) की समस्या है।

यह मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के बीच एक संक्रमण होता है। इसमें जहां मस्तिष्क रीढ़ की हड्डी से मिलता है वहां हड्डियों और जोड़ों में समस्याएं होती है। इस स्थिति में नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एक जटिल सर्जरी करने का निर्णय लिया।

इस बच्चे को एटलांटो-एक्सियल डिस्लोकेशन था। जिसमें गर्दन की दो हड्डियां सी 1 और सी 2 ठीक से एलाइन्ड नहीं थी। यह गलत एलाइनमेंट्स रीढ की हड्डी को छोटा कर रहा था। ऐसी स्थिति में सर्जरी बहुत चुनौतीपूर्ण थी एवं इसे बहुत ही सावधानीपूर्वक करना महत्वपूर्ण था। बच्चे के माता पिता ने उसे कई अस्पतालों में दिखाया, पर कहीं से उम्मीद की किरण नजर नहीं आ रही थी। आखिर में वो नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन भाकल से मिले, एवं उनकी टीम ने बच्चे की इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया और उसे नया जीवन दिया।



## ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए स्टेट लेवल ऑथोराइजेशन कमेटी का गठन

**जयपुर** (कासं)। राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम-1994 के तहत स्टेट लेवल ऑथोराइजेशन कमेटी का गठन किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक इस कमेटी के चेयरमैन होंगे। सवाई मानसिंह अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ. नरपत सिंह शेखावत, एसएमएस अस्पताल में जनरल सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. बी.एल.यादव, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अशोक शारदा, सेवा भारती राजस्थान की सीमा दया, चिकित्सा शिक्षा सचिव एवं निदेशक जनस्वास्थ्य के प्रतिनिधि समिति में सदस्य होंगे। समिति का प्रशासनिक विभाग चिकित्सा शिक्षा विभाग (ग्रुप-1) होगा।

# शुभ्रा सिंह ने एस.एम.एस. अस्पताल में गर्मी से बचाव के लिए व्यवस्थाएं ठीक नहीं होने पर नाराजगी जताई

## आपातकालीन इकाई, मेडिसिन वार्ड, बांगड़ परिसर व चरक भवन का निरीक्षण किया

**जयपुर**। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह लू-तापघात को लेकर चिकित्सा प्रबंधन का जायजा लेने बुधवार को अचानक सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) पहुंची।उन्होंने हीटवेव को लेकर पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अस्पताल प्रशासन को तत्काल कंटीजेंसी प्लान बनाने तथा 7 दिन में सभी व्यवस्थाएं सुचारू करने के निर्देश दिये। उन्होंने वहां आपातकालीन इकाई, मेडिसिन वार्ड व एसएमएस परिसर एवं चरक भवन का दौरा कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। आपातकालीन इकाई में डक्टिंग प्लांट बंद होने एवं अन्य स्थानों पर कूलर, पंखे, एसी आदि क्रियाशील नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी एवं अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी को निर्देश दिए कि अस्पताल में अतिआवश्यक प्रकृति की सेवाओं के लिए तत्काल प्रभाव से कंटीजेंसी प्लान बनाएं एवं दो दिन के भीतर कूलर, पंखे, एसी, वाटर कूलर आदि को ठीक करवाएं। साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को सात दिन में सुचारू करें। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अस्पताल परिसर में रोगियों एवं परिजनों के लिए पेयजल तथा बैठने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों के उपचार को लेकर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर सख्त एक्शन लिया जायेगा। उन्होंने विद्युत उपकरणों का समय पर मेंटीनेंस नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये।

सिंह ने इस दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार सवाई मानसिंह अस्पताल में रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध करवाने के लिये प्रतिबद्ध है। अस्पताल में जो भी असुविधाएं सामने आयी हैं, उनमें से अति आवश्यक प्रकृति की सेवाओं को तत्काल प्रभाव से ठीक किया जाएगा। साथ ही, दीर्घकालीन प्रकृति के कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया जायेगा।



- **अस्पताल प्रशासन को तुरंत कंटीजेंसी प्लान बनाने और 7 दिन में व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश**

# कांग्रेस ने तुष्टिकरण से देश को गर्त में धकेला : भजनलाल

**देवरिया**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के जरिए देश को गर्त में धकेला है। वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार में एक से बढ़कर एक भ्रष्टाचार और घोटाले हुए, जिससे किसान, महिला, युवा सहित पूरे देश की जनता त्रस्त रही। कांग्रेस ने दूर-दराज के गांवों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा और शहर व गांव की दूरी को बढ़ाने का काम किया। अभी भी इंडी गठबंधन में फिर से युवराज (राहुल गांधी) को 21वीं बार लॉन्च किया गया है। यह गठबंधन परिवारवाद तक ही सीमित है। मुख्यमंत्री शर्मा गुरुवार को उत्तरप्रदेश के देवरिया में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में आयोजित युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में आए दिन आतंकवादी हमले होते थे और लोग दहशत के साये में रहते थे। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद पर अंकुश लगाने का काम किया है और वर्ष 2014 के बाद एक बार ऐसा दुस्साहस किए जाने पर मुंहतोड़ जवाब दिया गया। यही बदलता हुआ भारत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर देश के विकास, सीमाओं की सुरक्षा के अभूतपूर्व कार्य हुए है, जिससे भारत के सामर्थ्य को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी भारत की होगी और पूरा विश्व इस बदलते हुए भारत के पीछे चलता हुआ दिखाई देगा। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि मोदी के इस बदलते और मजबूत भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए देवरिया में भी कमल खिलाएं और भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी को विजयी बनाए।

- **'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व ने देश के सामर्थ्य को किया मजबूत'**

# 'दूसरे अस्पताल में इलाज कराने पर वेतन रोकना उचित नहीं'

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने रेलवे प्रशासन की ओर से बताए अस्पताल के बजाए दूसरे सरकारी अस्पताल में इलाज कराने के आधार पर आरपीएफ कर्मचारी के वेतन रोकने की कार्रवाई को गलत माना है। इसके साथ ही अदालत ने 24 साल पुराने इस मामले में रेलवे के वेतन रोकने के 4 अक्टूबर, 2000 के आदेश को रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा है कि याचिकाकर्ता को 6 फरवरी, 2000 से 27 फरवरी, 2000 और 14 मार्च, 2000 से 4 सितंबर, 2000 की अवधि का वेतन जारी किया जाए। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश मुकेश खरेरा की याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने सरकारी अस्पताल में अपना इलाज कराया है और रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि वह इस अवधि में अनफिट था। इसके अलावा उसे तत्काल उपचार की जरूरत थी। ऐसे में उसे इलाज के लिए मुंबई तक की यात्रा करना कष्टदायक होता, ऐसे में उसका कोटा के अस्पताल में ही इलाज कराने का निर्णय सद्भाविक था।

# जयपुर में 43 हजार लीटर खाद्य तेल और 7 हजार लीटर घी सीज

## सीकर रोड़ स्थित कूकरखेड़ा मंडी में रितेश एंटरप्राइजेज फर्म पर कार्रवाई

**जयपुर** (कासं)। खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय द्वारा मिलावट रोकने के लिए संचालित अभियान के तहत गुरूवार को जयपुर में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई। इसमें 43 हजार से अधिक खाद्य तेल एवं करीब 7 हजार लीटर घी मिलावटी होने के आधार पर सीज किया गया।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन और अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में सीकर रोड़ स्थित कूकरखेड़ा मंडी में रितेश एंटरप्राइजेज फर्म पर कार्रवाई की गई। ओझा ने बताया कि रितेश एंटरप्राइजेज फर्म के यहां पालीवाल, बालाजी, और तिरुमला ब्रांड का 2044 किलो घी और श्री फ़ूड ट्रेडिंग पर होम सारथी का नन्द कृष्णा ब्रांड के लगभग 4000 लीटर घी के नमूने लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पालीवाल ब्रांड का घी पूर्व में भी जांच में अमानक पाया जा चुका है। अजमेर में हुई कार्रवाई में कोठारी एंड संस में डेरी मिल्क, धेनु सरस, और ब्रजवासी ब्रांड का 800 किलो घी सीज किया गया है। इसी तरह जोधपुर में नन्द कृष्णा ब्रांड का 120 लीटर घी सीज किया गया। सभी जगहों से घी के सैंपल लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गये हैं तथा सीज की कार्रवाई की गई है।

अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के केंद्रीय दल ने सूरजपोल अनाज मंडी परिसर स्थित मैसर्स ताम्बी ट्रेडिंग कंपनी के गोदाम पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान प्रथम दृष्टया तेल में मिलावट की संभावना को देखते हुए करीब 2470 लीटर सरसों तेल सीज किया गया है। सूरजपोल मंडी के बाद वीकेआई, आकेड़ा डूंगर स्थित गोयल ऑयल उद्योग पर भी 41,000 लीटर टैगोर ब्रांड ऑयल सीज़ किया एवं 2 सैंपल लिए गये। इस खाद्य तेल में राइस ब्रान ऑयल की मिलावट होना पाया गया। नमूनों को आगामी जांच के लिए केन्द्रीय जांच प्रयोगशाला भिजवाया गया है।

यह कार्रवाई संयुक्त आयुक्त, खाद्य सुरक्षा डॉ. एस.एन. धौलपुरिया एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में की गई। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार, अमित, लोकेश, देवेन्द्र, रतन गोदारा, श्री नरेंद्र शर्मा, श्री नरेश चेजारा एवं श्री पवन गुप्ता शामिल थे। अजमेर की टीम में श्री सुशील चोटवानी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन और अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में टीम ने सीकर रोड़ स्थित कूकरखेड़ा मंडी में रितेश एंटरप्राइजेज फर्म पर कार्रवाई की।

## सार-समाचार

### सराफ ने परिंडा अभियान शुरू किया




**जयपुर**। भीषण गर्मी को देखते हुए यस सोसाइटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेंट्रल पार्क में पक्षियों के लिए परिंडा अभियान की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत यस सोसाइटी के संरक्षक एवं स्थानीय वरिष्ठ विधायक कालीचरण सराफ द्वारा की गई। इस मौके पर विधायक सराफ द्वारा सेंट्रल पार्क में लोगों को परिंडे वितरित भी किये गए। सोसाइटी के अध्यक्ष आशीष सराफ ने बताया कि सोसाइटी समाजसेवा के कार्यो में पिछले 10 वर्षो से सम्मिलित है सेंट्रल पार्क, जवाहर सर्किल व नेहरू गार्डन आदि बड़े पार्क में यह अभियान चलाया जा रहा है। परिंडा अभियान में सोसाइटी के तपन गुप्ता ललित भारद्वाज, जगन्निधी जत्ती, रोहित अजमेरा, सौरभ शर्मा , सुनील गनेडीवाल राकेश मारोठिया, ब्रह्मकुमार सैनी, नटवर कुमावत, डी डी सैनी, अनूप अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, प्रेम बड़ेतिया, मनीष जैन, आशीष खंडेलवाल, डॉ शिवराज शर्मा, महेंद्र अग्रवाल,के के गौड़, निखिल चौरड़िया, अजित अग्रवाल, बीठल माहेश्वरी, संजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### 'सन टू ह्यूमन' शिविर 28 मई से

**जयपुर**। सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की ओर से 28 मई से 2 जून तक 6 दिवसीय नए दृष्टिकोण वाला शिविर शुरू होने जा रहा है। यह जयपुर में 11वां शिविर आयोजित होगा। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के प्रमुख सदस्यों अंबरीष (संजय माहेश्वरी), परमआनन्द (अजय मित्तल), कमल सोमानी, नरेंद्र वैद, आलोक तिजारिया व राजेश नागपाल ने बताया कि फाउंडेशन गत दस वर्षों में जयपुर वासियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए नए दृष्टिकोण वाले दस शिविर विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कर चुका है। शिविर के माध्यम से हजारों जयपुर वासी लाभान्वित हुए हैं। इसी क्रम में यह जयपुर में 11 वां शिविर सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के प्रणेता परमआलय जी के सान्निध्य में 28 मई से 2 जून तक प्रतिदिन प्रात 6 बजे से 8.30 बजे तक सीकर रोड पर स्थित भवानी निकेतन विद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन से जुड़े संजय माहेश्वरी ने बताया कि सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की ओर से देश-विदेश में अब तक ऐसे 300 से अधिक नि:शुल्क शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। शिविर में लोगों को सही आहार, सही व्यायाम और सही ध्यान के द्वारा सकारात्मक ऊर्जा निर्माण करके स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की विधि सिखाई जाएगी। प्रतिदिन शिविर में ब्रेन विकसित करने के आसान प्रयोग व सूत्र बताए जाएंगे।



## International Tiara Day

Imagine a day when everyone gets to feel like royalty, with sparkles atop their heads. That's what *International Tiara Day* is all about! Celebrated on May 24th every year, it's a time when people around the world don their *tiaras*, real or imaginary, to embrace their inner royalty. This day isn't just about the accessory, it's a chance for everyone to shine and feel special. The roots of International Tiara Day are deep, with a history that celebrates self-worth, empowerment, and the joy of feeling like royalty, even if just for a day.

#CAUTION

# Airplane Turbulence Is Getting Worse, Here's What That Means for You

It's not your imagination that scary turbulence stories are becoming more common





Turbulence is getting worse on airplanes, and this week a severe case of turbulence caused the death of a 73-year-old passenger on a Singapore Airlines flight, traveling from London to Singapore. The man died after the plane encountered 'clear-air turbulence,' which is turbulence that doesn't appear on flight radars. The plane flew into the turbulence without any warning, causing the plane to lose nearly 6,000 feet in altitude in less than three minutes. The 73-year-old man died due to a heart attack. His wife was injured in the incident, along with 52 other passengers. Seven of the injured passengers were in critical condition, according to Euronews. The flight made an emergency landing in Bangkok, where emergency services started immediately tended to the injured. Photos, shared on social media, show flight attendants with bloodied faces and a destroyed cabin, covered in food and debris.

## What causes Airplane Turbulence?

What's most important to know is that the only way to reduce the likelihood of experiencing extreme turbulence is to stop and reverse the destruction of our climate. Scientists say that climate change is the cause of the increasingly frequent and severe turbulence that passengers are experiencing.

There are multiple causes of turbulence, including atmospheric pressure, jet streams, air around mountains, cold or warm weather fronts or thunderstorms. A common cause for some of these changes include convective weather, which happens when air is heated by the Earth, and then rises. This basically causes the air to move vertically. As the Earth's temperature continues to rise, there will be more convective weather, which, in turn, will cause more turbulence.

Turbulence can come in light, moderate, or severe intensities. Light turbulence will occur when the plane rises and drops within three feet. Moderate turbulence accounts for a range of 10 to 20 feet. Severe turbulence applies to times when the plane is rising and dropping up to nearly 100 feet.

## What can you do to prepare for Turbulence?

In the absence of immediate action to prevent the Earth's temperature from rising any further, travellers are going to have to adapt to the (literal) changing environment while airborne. This means following some of the most basic flight safety rules like keep your seatbelt on when indicated, properly store your baggage and loose items, and try to stay in your seat as much as possible while in the air. Because turbulence can sometimes occur unexpectedly in clear skies, a good rule of thumb is to keep your seatbelt on, whenever you are in your seat. If you are travelling with a child, under the age of two, make sure to use an approved child safety seat.




# Why Should Anyone Consult You?





Look for quick wins. Both parties will be happier. Aim to become your client's friend and confidant. If you do this well, you may sometimes gain a friend and lose a client, but those friends will recommend you to their friends, who will become your clients. Some friends don't pay. And you may feel hesitant to ask. Other friends pay and some even pay more than you ask for. I had two cases, when my clients/ friends paid me more than I had billed. When I asked them why they did that, they said, "What you gave us was worth more than what you billed us for and so, I want to pay you what I think it was worth for." In the end, it all balances out and the goodwill you earn is 'beyond' price.

PART:1

#ORGANISATIONAL CONSULTANT



Mirza Yawar Baig
*Naturalist and Wildlife Conservationist*

The simplest answer to the question is, "By getting someone to pay you for your advice. And to keep doing that, with the frequency that you need, to keep your body and soul together from the earnings." Easier said than done, as in almost everything in life. And so, here are some pointers.

Many young and old (post-retirement) friends and acquaintances ask me for pointers to enter the world of *Organizational Consulting & Training*, which I have been in, since 1985 (this is 2024). I thought it would be good to share 'generally' what I have been advising people for several years. I hope it will benefit many more. It is easy if you are a motorcycle mechanic. What you do is clear. The customer has a pressing need. It doesn't cost much to repair his motorcycle. So, he comes.

But with *Organizational Consulting,* you are dealing in concepts, thoughts, emotions, and some techniques, which, to be effective, depend on the sincerity of the learner in applying them as well as his expertise in doing so. That is a very challenging environment. The customer's need is not as immediate or pressing like the man with the broken motorcycle. And he must pay a jolly sight more to fulfill his need. Moreover, measuring benefit is not as easy or clear as in the motorcycle example. Having been in this business now since 1985, I can tell you that it is, perhaps, the most challenging and exciting business that exists, provided you know what to do. So, here are some thoughts about what works and what doesn't.

**Define & Differentiate**: What do you have to offer and how is it unique? Why Differentiate? *Differentiation* creates brand. Brand inspires loyalty. Loyalty enables influence. The more clearly you can define your product, the better. It is not what you think you do, but what your customer thinks you do, that matters. What you offer must be crystal clear to him, so that when he has a need in your area of expertise, you are his natural choice. Give a lot of thought to what it is that you do and how you describe it to people. Like we say in sales, "Don't talk features. Talk benefits." So also, in consulting. Describe it from the perspective of the customer. For example, if you are a computer hardware expert, imagine that you are on your way to work in the train and your neighbour, in the next seat, asks you what you do. How will you answer him? Most IT Engineers will say, "I am a hardware expert." Makes no sense to anyone who doesn't know anything about IT. Remember that the world of selling is the world of words. Not deception, but palatable truth.





## Define your Customer



Not everyone is your customer. This is the biggest mistake you can make, trying to be all things to everyone. That way you are seen as a generalist, nothing to nobody. People like to feel that they are dealing with an expert, even if it is for a haircut. That means that you must learn to say a very definite, 'No!' to some businesses. I stayed out of recruitment from the beginning (1994), when recruitment was a booming business. That classified me as a confidant of business managers and owners, not as someone who would probably poach on them to grow his business. I never regretted that decision. It is not to say that all placement consultants do this but enough do to spoil the reputation of everyone. Err on the side of caution in accepting assignments. Only the hero who survives lives to tell the tale. In consulting, if the client fails, you carry the can. So, never accept assignments where the outcome is doubtful because you doubt the client's sincerity or learning ability to carry out your recommendations. Remember that both success and failures are news, often the latter being remembered more vividly.

So, look for quick wins. Both parties will be happier. Aim to become your client's friend and confidant. If you do this well, you may sometimes gain a friend and lose a client, but those friends will recommend you to their friends, who will become your clients. Some friends don't pay. And you may feel hesitant to ask. Other friends pay and some even pay more than you ask for. I had two cases, when my clients/ friends paid me more than I had billed. When I asked them why they did that, they said, "What you gave us was worth more than what you billed us for and so, I want to pay you what I think it was worth for." In the end, it all balances out and the goodwill you earn is 'beyond' price.

Unpalatable truth is equally truthful but not equally edible. Craft words thoughtfully and take brutal feedback from others about what you crafted. Being married to your words is suicide. The key is not your experience, but how you can use it to help others. Don't leave that to the customer to figure it out. Spell it out for him. Not because he is stupid, but because the need is yours. Don't tell him what you used to do but how you can help him and how that will benefit him. That will mean knowing his business better than he does himself. Certainly, in terms of an overview from the outside. That is your key differentiator because perspective is a function of distance. Leverage it and show him how it works. Constantly enhance your expertise. Read, learn, attend courses, document everything you do, get independent assessments of your work, every five years get a 360° Appraisal. Become the known expert, the Go-To guy for what you do. As I said earlier, become the natural choice of anyone who needs what you do. Don't compete. Leverage yourself out of competition.

## Define your Fee

I have a basic rule. Stand in front of the mirror and say the number aloud. If you feel comfortable with it, it is the right amount. Do some hard-nosed analysis about your finances and see what you need, not want but need. Then, base your fee on that. Develop a mindset of contentment, so that when that figure is reached, you have no stress. Then, whatever else comes thereafter is icing on the cake. Remember that once you quote a figure to a client, that is, what he will pay you as long as you live. He will take an increment every six months but will moan like a cow in labour, if you ask for a raise once in six years. So, be careful what you quote. "We are going to give you a lot of business, so, give us a discount," is the oldest, most threadbare line that exists. Even more than, "What are you doing tonight?" So, don't fall for it. Giving a discount to someone, who will give you a lot of business, means that you are tying yourself down to a low productivity client in favour of others, who would have been more productive. Quote fairly and confidently. Value perception is in the mind of the listener but before that in your own heart. If you are confident of your product or service, then, be sure that people will come to you, again and again. I have not made a cold call since 1995. It is as simple as that. Give your best and then, some more. You will never regret it. What you will regret and pay for is if you take shortcuts. That is very stupid.



## Deliver Premium and Demand Premium

'Buy me because I am cheap' is not a slogan that ever appealed to me. Remember, no matter what you charge, there will always be someone in the market who will pay that to you, once. It is repeat business that is your bread and butter. So, ensure that your customer is so tremendously satisfied that he will not only call you again, but you become his natural choice. The repeat customer is the only one who can compare you to others, because he has experienced you once. Make sure that his experience with you is so superior that everything else pales in comparison. He, then, becomes your ambassador and there's no better or more effective ambassador than a customer, who has experienced you and is delighted.

Selling cheap has several problems. You position yourself as a low-quality provider (default implication of cheap), the client will never agree to a fee raise later. So, you lock yourself into a low remunerative bind and you can almost never pitch for high-end work.

Nobody will consult the trainer of security guards when the Board wants advice. So, positioning is critical. I have found that positioning, in terms of quality, is best. If you deliver top quality, you get a very good name and people don't care what you charge. Those, who still count pennies, are not your clients. Smile and leave them. The fact is that if you are not confident about your product or service, then, don't expect the client to feel confident about you. Some consultants, out of a misplaced sense of politeness, say things like, "I am always learning. We will learn together." Think about what you would say if the pilot of the plane, you were about to board, said that to you? Would you board that plane? Likewise in consulting. Yes, we should be open to learning all the time. Yes, we learn together. But if you tell the client that, the client is looking for someone who knows how to solve his problem. Not someone who is threatening to treat him and his organization as an experiment for his own learning. The fact is that you, Mr/s Consultant, will walk away, no matter what the result may be. But the client will have to live with what you leave behind.

There is no need to say, "I am the greatest, biggest expert you ever set eyes upon, and I guarantee you a solution." That doesn't sell either. Just do your best to deliver quality. Don't bite off more than you can chew. There is a difference between ambition and fantasy. Constantly update your knowledge and experience. Admit a mistake, if you make it and show how you learned from it. Don't make excuses or try to shift the blame to someone else. Honesty always pays. Honesty is critical to building credibility, which is the lifeblood of consulting. Without credibility, you are nothing and will never succeed.

"Quality is remembered long after the price is forgotten." (*Gucci's* slogan)

**To be continued...**

rajeshsharma1049@gmail.com




##SCULPTURE EXHIBITION

# CONTEMPORARY SCULPTURE MEETS HISTORIC ARCHITECTURE

The *Sculpture Park* at the Madhavendra Palace in Nahargarh Fort seamlessly blends history and contemporary art, showcasing the works of Indian and international artists. This unique exhibition, running until December 1st, enriches the visitor experience by creating a dynamic dialogue between the palace's elaborate 19th-century architecture and cutting-edge sculptures.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*



French artist, Martha-Maria Le Bars, with her work at the Madhavendra Palace.

All photos by Anubhav Syal.

Nestled in Nahargarh Fort, the Madhavendra Palace is a stunning relic of history built by *Maharaja Sawai Madho Singh II* in the 19th century. This double-storey palace, with its ten apartments, one for the *Maharaja* and nine for his concubines, offers a fascinating glimpse into the history of the royals. The *Maharaja's* own apartment was linked to the others by a secret corridor known as '*Raja Ka Galiyara*.' Richly adorned with intricate araish work and vibrant fresco paintings, the palace is an exquisite blend of Indo-Western architecture. Adding to its allure, the palace provides sweeping views from its rooftop. A visit to the palace becomes even more enchanting as it currently also has the 4th edition of *The Sculpture Park*, curated by *Peter Nagy*, ongoing. This contemporary art exhibition, running until December 1st, transforms the 19th-century palace within the 17th-century fort into a captivating gallery of three-dimensional art.



Suhasini Kejriwal's sculpture entitled '*Monument at the Madhavendra Palace*.'

### Interplay of transparency & reflection


As one enters the courtyard of the palace, the centerpiece of this year's exhibition is an awe-inspiring installation by artist *Alicja Kwade*. Entitled '*Superposition*,' Kwade's installation is comprised of interlocking steel frames that unravel similarly to a folding screen. Within this arrangement, some frames stand bare, while four are equipped with double-sided mirrors. The installation is complemented by bronze chairs, each adorned with a substantial stone sphere, sourced from local Indian vendors that evoke planets and distant worlds. Positioned in front of or behind the frames, they occasionally mirror each other, symmetrically, or cast reflections within the mirrored panels. The interplay between transparency and reflection creates a spatial confusion that is hard to unravel. At first glance, it seems impossible to decipher how a chair can be visible, yet its reflection is not. As the viewer moves around the sculpture, one phenomenon might be explained, yet new ones emerge. The individual elements disrupt the view and open up spaces that create renewed confusion. The viewer's perception is enhanced by the surrounding courtyard of the 19th-century *Madhavendra* Palace, with its own repeated motifs. Kwade's installation invites contemplation into the essence of our existence and prompts us to reflect on our relationship with the world. Balancing poetry with critical insight, Kwade challenges the systems devised to eliminate uncertainty and bring order to an otherwise understandable universe.

### Artworks from India & abroad

Indian and international artists are presenting works that challenge our conceptions of sculpture, moving away from conventions and exploring a wide variety of materials, subjects, and approaches. In some cases, artists have created new site-specific works, inspired by and responding to the architecture of the palace and the context of Jaipur. Other artists have chosen works to display within the elaborately decorated spaces of the palace, bringing new perspectives to their creations, which are usually displayed in the white box spaces of museums and art galleries. In all cases, a dialogue is created between this historical structure, a hybridized confection in itself, and contemporary art, enriching the experiences of all visitors to Nahargarh Fort while promoting the reinvigoration of India's heritage culture.


The participating Indian artists include Sudipta Das, Nandan Ghiya, Bhuvanesh Gowda, Murari Jha, Megha Joshi, Vineet Kacker, Suhasini Kejriwal, and Riyas Komu. Their works are joined by those of international artists like Avantika Bawa from USA, Alicja Kwade from Germany, and Martha-Maria Le Bars from France.

In Jaipur, all the artworks were initially open to the public. However, due to damage, reflecting poorly on the civic sense and aesthetic sensibility of the people, they are now kept behind doors and be viewed through glass panes. For interested groups, special viewings can be organized on request.




Riyas Komu's work entitled '*Cult of the Dead and Memory Loss*,' is fused together from a variety of materials like wood, metal, plastic, rubber, burlap sacks, and a car engine.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कलेक्टर की रात्रि चौपाल में सबसे अधिक शिकायतें पानी को लेकर आई

## कलेक्टर ने खैरथल, तिजारा व किशनगढ़ बास में रात्रि चौपाल लगाकर समस्याएं सुनी

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। खैरथल तिजारा जिला एवं उपखंड मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत के गांव नूरनगर में जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने रात्रि चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल जनसुनवाई में सबसे अधिक शिकायत पानी को लेकर रही। रात्रि करीब 7.30 पर शुरू हुई चौपाल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र यादव, अतिरिक्त जिला परिषद अधिकारी शानू अग्रवाल, एसडीएम मूलचंद लूणिया, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव, तहसीलदार भंवर सिंह नरूका सहित पंचायत राज विद्युत विभाग, रसद विभाग पुलिस सहित अन्य विभागों के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे।



जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने रात्रि चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल में जन समस्या लेकर पहुंचे गांव के लोगों ने पेयजल अधिकारियों की टैंकर से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की पोल खोल दी। पेयजल अधिकारियों ने बताया कि गांव में 6 टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है जबकि ग्रामीणों का आरोप था कि गांव में एक भी टैंकर पानी नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीणों के आरोपों का जवाब देते हुए अधीक्षण अभियंता ने कहा की टैंकर ठेकेदार द्वारा पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सप्लाई नहीं हो सकी है लेकिन व्यवस्था को ठीक कर दिया गया है, टैंकर से पानी पहुंचाया जाएगा।

जिला कलेक्टर के सवालों का जवाब देते हुए अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव को नहीं जोड़ा जा सका है। डार्क जोन में होने के कारण ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं दिया जा सका। आचार संहिता हटते ही गांव में ट्यूबवेल आदि कराकर पानी की व्यवस्था कराई जाएगी। इस दौरान जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों को कहा कि गर्मी में पानी की कमी को देखते हुए सरकार ने पानी सबको मिले इसके लिए बजट दिया हुआ है। यह बजट मोटर खराब होने, तार जलने आदि मरम्मत कार्यों के लिए एवं टैंकरों से पानी पहुंचाने के लिए है।

विभाग की ओर से टेलीफोन नंबर जारी किए हुए हैं पानी नहीं पहुंचता है या कोई तकनीकी खराबी के कारण परेशानी हो रही है तो शिकायत करें तुरंत समाधान कराया जाएगा। चौपाल में पहुंची गांव की महिलाओं और पुरुषों ने जिला कलेक्टर को शिकायत की राशन नहीं मिल रहा है। डीलर के पास जाते हैं तो कहता है कि अभी राशन आया नहीं है। जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की शिकायत पर रसद विभाग के अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गांव की एक महिला ने जिला कलेक्टर को आवासीय पट्टा नहीं दिए जाने की शिकायत की जिस पर जिला कलेक्टर ने पंचायत विभाग के

■ ग्रामीणों ने जलदाय अधिकारी के दावे की पोल खोली, नहीं मिल रहा है एक भी टैंकर पानी

अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगते हुए पट्टा देने के लिए कहा।

जिला कलेक्टर को जनसुनवाई के दौरान गांव के लोगों ने बताया कि 4 साल से सरपंच गांव में नहीं है। पंचायत के कार्य लोगों के नहीं हो पा रहे हैं। गांव के ही एक ग्रामीण ने ग्राम पंचायत सचिव पर सूचना के तहत जवाब नहीं दिए जाने को लेकर शिकायत की। जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिव को तीन दिवस में आवेदनकर्ता को जवाब देने के लिए निर्देशित किया साथ ही उन्होंने सचिव को व्यवहार आमजन से सही रखने के प्रति हिदायत दी। जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में पहुंचे विभागों के अधिकारी कार्मिकों को चौपाल में प्राप्त हुई शिकायतों का शीघ्र समाधान कर रिपोर्ट करने तथा आम जन के प्रति व्यवहार ठीक रखने को लेकर हिदायत दी और कहा कि आमजन के प्रति व्यवहार सही नहीं रखने वाले आधिकारिक कार्मिक के प्रति कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली जा रही निजी बस ने पिकअप को टक्कर मारी

## हादसे में पिकअप में सवार युवक की मौत



हादसे में बस व पिकअप गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतडी उपखंड के बसई के पास गुरूवार सुबह दिल्ली जा रही एक निजी बस ने पिकअप को टक्कर मार दी। इस दौरान हादस में पीकअप में सवार एक युवक की मौत हो गई। पिकअप ड्राइवर कन्हैयालाल ने बताया कि वह शादियों में टैंट लगाने का काम करते हैं। सुबह वह पिकअप गाड़ी में टैंट का सामान लेकर बसई से बांसियल जा रहे थे। जब वह बसई से निकले तो गुढा से दिल्ली जा रही निजी बस ने पिकअप गाड़ी को टक्कर मार दी।

■ पांच बहन-भाईयों में सबसे छोटा था मृतक

इस दौरान हादसे में पिकअप में सवार बिहारीपुर डाबला निवासी महेश कुमार (30) पुत्र रोहिताश बलाई घायल हो गया। हादसे में घायल महेश कुमार को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महेश कुमार अविवाहित था तथा पांच बहन भाईयों में सबसे छोटा था। पिता की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। वह टैंट लगाने की मजदूरी करता था। हादसे की सूचना पर मेहाड़ा थानाधिकारी राजवीर सिंह शेखावत मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा घटना के बारे में जानकारी जुटाई। हादसे में बस व पिकअप गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

थानाधिकारी राजवीरसिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। उनके आने के बाद राजकीय उप जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। बस व पिकअप गाड़ी को जब्त कर थाने में खड़ा करवाया गया है। मामले की पूरी जानकारी जुटाकर मृतक के परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी दस्तावेजों से पट्टा बनाने पर मामला दर्ज

## टोंक नगर परिषद के कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ




टोंक नगर परिषद में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है।

**टोंक,** (निसं)। नगर परिषद में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जिसमें नगर परिषद कर्मचारियों व अधिकारियों ने पैसा लेकर फर्जी दस्तावेजों से किसी अन्य के नाम पर पट्टा बनाकर जारी कर दिया। इस पर कोतवाली थाना पुलिस में नजमा, परवेज रजा, तत्कालीन नगर नियोजक स्नेहा, नगर परिषद राजस्व कर्मचारी मंगल सैनी और संविदाकर्मी इकबाल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

मोहल्ला कसाबान निवासी समसाम अली खान ने थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर बताया कि उसके पिता अहमद अली खां की गड्ढा पहाडिया साईपुरा में जमीन है, उसके पिता ने जमीन या कोई भूखण्ड किसी को नहीं बेचा। इसके बावजूद आरोपी परवेज रजा ने एक भूखण्ड नजमा को बेचना बताकर नगर परिषद में पट्टा जारी करने के लिए आवेदन किया। आरोपियों ने परिवादी के पिता के नाम से फर्जी स्टाम्प लेकर दस्तावेज तैयार करा लिए, जबकि परिवादी के पिता के पास अभी भी उनकी जमीन के सभी प्रकार के मूल दस्तावेज मौजूद हैं। नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों से मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज के आधार पर पट्टा जारी कर दिया।

इस मामले में नजमा पत्नी अनीस खां निवासी पहाड़िया, परवेज रजा पुत्र अली रजा निवासी बावडी, नगर परिषद की तत्कालीन नगर नियोजक स्नेहा पत्नी योगेश सैनी निवासी इंजीनियरिंग कॉलोनी मानसरोवर जयपुर, नगर परिषद के राजस्व कर्मचारी मंगल सैनी, संविदाकर्मी इकबाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच कोतवाली थाने एएसआई भंवरसिंह को सौंपी है।

## हत्यारों को फांसी की मांग, ज्ञापन सौंपा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। वाल्मीकि महापंचायत सम्पूर्ण भारत के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र नकवाल व शिवप्रकाश चन्नाल के नेतृत्व में हत्यारों को फांसी व पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा राशि तथा आश्रितों को सरकार नौकरी दिलवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र नकवाल ने बताया कि झुंझुनूं जिले के सूरतगढ़ थाना क्षेत्र के बलोदा गांव में वाल्मीकि समाज के नौजवान रामेश्वर वाल्मीकि को शराब ठेकेदारों ने बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया और बेरहमी से पीटते हुए का वीडियो भी सोशियल मीडिया में प्रसारित कर यह दर्शाया कि वे किसी से डरते नहीं हैं इससे समाज व आमजन में रोष हैं।

# वन क्षेत्र में फिर से भड़की आग, 500 से अधिक पेड़ झुलसे

## करीब एक किमी में आग लग गई और तेज हवा के साथ आगे बढ़ती गई

**बज्जू/बीकानेर,** (निसं)। बज्जू उपखण्ड क्षेत्र में तेज गर्मी में वन क्षेत्र में आग लगने सिलसिला जारी है। बीकानेर-जैसलमेर सीमा पर वन विभाग के जंगल में आग लग गई, जिससे करीब 500 से ज्यादा पेड़ झुलस गए। बज्जू कस्बे से करीब 50 किलोमीटर दूर जैसलमेर जिले के नोख थाना क्षेत्र व बीकानेर जिले के वन क्षेत्र में आग लग गई, जिससे सफेदा, कीकर सहित अन्य प्रजाति के 500 से ज्यादा पेड़ झुलस गए।

क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेन्द्रपाल मीना ने बताया कि आग लगने के बारे में पता लगाया जाएगा। देर शाम तक ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। इंदिरा गांधी मुख्य नहर की 1070 आरडी के पास वन क्षेत्र में बुधवार दोपहर करीब 2 बजे आग लग गई। आग लगने के कारण पता नहीं चल पाया। सूचना मिलने पर ग्रामीणों व वनकर्मियों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। जानकारी के अनुसार करीब एक किलोमीटर दायरे में आग लग गई और तेज हवा के साथ आग का दायरा आगे से आगे बढ़ता गया। देर शाम करीब आठ बजे आग पर काबू पाया गया।

आग लगने के चार घंटे बाद बीकानेर, फलौदी व जैसलमेर के विभिन्न जगह से दमकल पहुंची, लेकिन तब तक ग्रामीणों व वनकर्मियों ने टैंकरों से पानी डालकर आग पर काबू पा लिया था। दमकल पहुंचने के बाद आग के बाद बने अंगारों पर पानी डालने का कार्य शुरू किया। इस दौरान नोख व बज्जू पुलिस सहित बीकमपुर सरपंच संग्रामसिंह भाटी, रघुवीरसिंह भाटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार फिर से जंगल में आग लगने से पर्यावरण को नुकसान हुआ। इसके अलावा जंगल में निवास करने वाले सैंकड़ों जीवों की मौत हो गई जिससे जीव प्रेमियों में रोष है। जीव प्रेमियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से दमकल मांग करने के बावजूद शासन से लेकर प्रशासन लापरवाही बरत रहा है और रोजाना पर्यावारण व जीवों को नुकसान हो रहा है।

# आर्मी ऑफिसर बनकर साईबर फ्रॉड करने का आरोपी गिरफ्तार

## दो एंड्राइड मोबाइल, कीपैड फोन व दो फर्जी सिम जब्त किए

**जुरहरा,** (निसं)। जुरहरा थाना पुलिस ने दो एंड्रॉयड मोबाईल, कीपैड फोन व दो फर्जी सिम सहित एक सायबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी आर्मी ऑफिसर बनकर हाउस रेंट पर लेने के नाम पर लोगों के साथ साईबर फ्रॉड करता था। स्थानीय थाना पुलिस ने आर्मी अफसर बनकर ओएलएक्स एप के जरिए हाउस रेंट पर लेने के नाम पर लोगों के साथ साइबर फ्रॉड करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से दो एंड्राइड मोबाइल, कीपैड फोन व दो फर्जी सिम जब्त किए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को एएसआई रणजीत सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम खैरावा में स्कूल के पास खड़ा है जो सायबर ठगी का काम करता है। सूचना पर एएसआई रणजीत सिंह मय जाब्ता के ग्राम खैरावा में स्कूल के पास पहुंचे जहां पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिसको जाब्ता की मदद से पकड़कर उसका नाम व पता पूछा तो युवक ने अपना नाम सोहेल उर्फ सोयब पुत्र शरीफ जाति मेव निवासी ग्राम खैरावा थाना जुरहरा जिला डीग का होना बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से दो एण्ड्रॉईड मोबाईल फोन, सादा कीपैड फोन व दो फर्जी सिम कार्ड मिले। आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह सोशल साईटस ओ.एल.एक्स एप पर रूम बुंकिग व हाउस रेन्ट पर लेने वालों से आर्मी आफिसर बनकर सम्पर्क करता है और रूम बुक कराने के नाम पर भोले-भाले लोगों को अपनी बातों में फंसाकर क्यू आर कोड स्कैनर डालता है जिसे स्कैन करवाकर उनसे ठगी करता है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आरोपी से पूछताछ व जांच की जा रही है।

## ऑटो सर्विस सेंटर में आग लगी

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के वैशाली नगर स्थित सतनाम सर्विस सेंटर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सेंटर के अंदर तेल और अन्य सामान होने के कारण आग धीरे-धीरे फैलती गई। सूचना पर अग्निशमन विभाग और क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस पहुंची। फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मुकेश चौधरी ने बताया कि विभाग को टू व्हीलर के सर्विस सेंटर पर आग लगने की सूचना मिली थी। पहले करीब दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग फैलने पर एक अन्य गाड़ी को बुलाया गया। अंदर तेल होने के कारण आग तेज होने लगी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# मकान के ताले तोड़कर कब्जा करने का आरोप

## पीड़ित ने एडवोकेट के जरिये अदालत में परिवाद पेश कर गुहार लगाई

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने धोखाधड़ी पूर्वक मकान का ताला तोड़कर कब्जा करने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

पीड़ित पप्पू दरोगा द्वारा एडवोकेट नवीन बैरवा व मनन कौशिक के जरिये अदालत में परिवाद पेश कर गुहार लगाई कि रामनेर रोड स्थित विकास नगर में दो सौ वर्गगज में बना मकान क्रय किया था। इसी मकान को गत 5 फरवरी को 20 लाख 51 हजार रूपये में सदा कंवर को बैचान कर दिया। इसकी एवज में 5 लाख 51 हजार रूपये बतौर साई पेटे लेकर शेष रकम दो माह देने के लिए मियाद तय की गई। समय अवधि पूरी होने के बाद परिवादी पप्पू दरोगा ने मकान मालकिन सदा कंवर से मकान की रजिस्ट्री कराने हेतु तकाजा किया, किंतु सदा कंवर के पति जेठाराम ने गाली-गलौच करते हुए साफ तौर पर कह दिया कि हमने भुगतान कर दिया है, कोई बकाया नहीं है।

साथ ही दिनांक 5 फरवरी के दिन लिखे गये इकरारनामा का प्रथम पेज

■ गांधीनगर थाना पुलिस को जांच कर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया

दिखाकर कहा कि पीछे शेष रकम देने का ईबारत लिखी है, जबकि इकरारनामा के स्टाम्प के प्रथम पृष्ठ के पीछे हाथ से लिखावट परिवादी की नहीं है, ना ही परिवादी के हस्ताक्षर है। इस बीच आरोपियों ने 14 अप्रैल को रात्रि में मकान का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया, जबकि परिवादी का घरेलू सामान मकान में पड़ा है।

दोनों पक्षों के बीच सुलह के तमाम प्रयास विफल होने के बाद अदालत में परिवाद प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई। न्यायिक मजिस्ट्रेट हेमलता भारती ने एडवोकेट नवीन बैरवा व एडवोकेट मनन कौशिक के तर्कों से सहमत होते हुए आरोपी सदा कंवर, जेठाराम सहित गवाह पप्पू गुर्जर व सुनील के खिलाफ गांधीनगर थाना पुलिस को जांच कर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

# जिला कलेक्टर ने हमीरगढ़ में उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया

## हमीरगढ़ के चिकित्सालय परिसर में संचालित की जा रही अन्नपूर्णा रसोई का भी अवलोकन किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। चिकित्सा संस्थान में उपचार कैसा मिल रहा है, उपचार संबंधी किसी प्रकार से कोई कमी तो नहीं है ना, यह बात जिला कलेक्टर नमित मेहता ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हमीरगढ़ के निरीक्षण के दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों की कुशलक्षेम पूछने के दौरान कही। जिला कलेक्टर ने इस दौरान पूछा कि चिकित्सालय में ईलाज लेने में किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हुई, बाहर से तो दवाई तो नहीं मंगवाई जा रही है ना। इस दौरान भर्ती मरीज तथा उनके परिजनों ने जिला कलेक्टर को बताया कि उन्हें अस्पताल में बेहतर उपचार सुविधा मिल रही है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।



जिला कलेक्टर नमित मेहता ने निरीक्षण के दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों की कुशलक्षेम पूछी।

जिला कलेक्टर ने तहसीलदार हमीरगढ़ तथा चिकित्सा प्रभारी अधिकारी संजय कांनवाड़िया को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हमीरगढ़ को मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवर्तन के लिए रंग रोगन तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के लिए एस्टीमेट भिजवाने को कहा। इस दौरान जिला कलेक्टर ने प्रभारी चिकित्सक से अस्पताल में ओपीडी की जानकारी ली। लैब का निरीक्षण किया तथा की जा रही जांचों के संबंध में आवश्यक जानकारियां ली तथा वहां जांच करवाने वाले मरीजों से भी फीडबैक लेकर अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत को जाना।

**श्री अन्नपूर्णा रसोई में भोजन की गुणवत्ता परखी :-** जिला कलेक्टर नमित मेहता ने उपखंड अधिकारी नेहा छिपा तथा तथा तहसीलदार विपिन चौधरी के साथ सीएचसी हमीरगढ़ के चिकित्सालय परिसर में संचालित की जा रही अन्नपूर्णा रसोई का अवलोकन किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने रसोई में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर भोजन की गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान जिला कलेक्टर द्वारा यहा पर परोसे जा रहे भोजन की मात्रा के वजन

■ रसोई में भोजन कर रहे लोगों से भोजन की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जो सकारात्मक मिला

की भी जांच की। साथ ही प्रतिदिन की थालियों व टोकन के बारे में जांच की। जिला कलेक्टर ने रसोई में भोजन कर रहे लोगों से भोजन की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया। इस दौरान फीडबैक में जिला कलेक्टर को भोजन की गुणवत्ता के संबंध में सकारात्मक फीडबैक मिला। जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी को रसोई के चारों तरफ ग्रीन शेल्टर लगवाने के लिए निर्देशित किया।

इससे पूर्व जिला कलक्टर ने उपखण्ड कार्यालय तथा तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। मेहता ने उपखण्ड कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का गहनता से निरीक्षण किया और आमजन की समस्याओं, राजस्व मामलों सहित लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर नियमित सुनवाई करते हुए शीघ्र निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर नमित मेहता ने इस दौरान एसडीएम कार्यालय में बिजली और पेयजल से जुड़े अधिकारियों के साथ भी बैठक ली और हमीरगढ़ क्षेत्र में बिजली और पेयजल सप्लाई निर्बाध और सुचारू रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही कहा कि अनावश्यक रूप से बिजली कटौती न की जाए और आवश्यकता हो तो कटौती की आमजन को पूर्व में सूचना देकर कटौती की जाए। जिला कलक्टर ने हमीरगढ़ तहसील कार्यालय में वहां की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव और भवन की स्थिति के साथ ही जन सुविधा से जुड़ी पेयजल एवं साफ सफाई की बारीकी से जांच की। उन्होंने राजस्व न्यायालय में दायर वाद के निर्णय किये जाने तथा राजस्व लक्ष्यो की शत प्रतिशत प्राप्ति के भी निर्देश दिए।

# खेल जगत



25 मई से बैंकॉक में शुरू होने वाले अंतिम पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत कम से कम चार से पांच और कोटा स्थान हासिल कर सकता है। - सीए कुट्टप्पा

भारतीय मुक्केबाजी कोच, 25 मई से बैंकॉक में शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत के पदक जीतने पर।

**आज का खिलाड़ी ▶** ज्योति याराजी



**एशियन गेम्स** की रजत पदक विजेता ज्योति याराजी ने अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए मोटोनेट जीपी ज्यवास्किला एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा जीतकर भी पेरिस ओलंपिक के लिए मामूली अंतर से फिर क्वालीफाइ नहीं कर पायी। फिनलैंड के हरजुन स्टेडियम में बुधवार को हुई स्पर्धा में भले ही याराजी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने में सफल रहीं, लेकिन वह पेरिस 2024 ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क को पार करने में 0.01 सेकेंड से चूक गईं।

**क्या आप जानते हैं ?...** सबसे कम टेस्ट मैचों में 3000 रन बनाने और 350 विकेट लेने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के इमरान खान के नाम है। इमरान ने मात्र 79 टेस्टों में 3262 रन बनाए व 351 विकेट लिये।

# क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स का हैदराबाद से मुकाबला आज

चेन्नई, 23 मई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का दूसरा क्वालीफायर मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच 24 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। राजस्थान ने एलिमिनेटर मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराकर दूसरे क्वालीफायर में अपनी जगह बनाई। अब हैदराबाद और राजस्थान में से जो भी टीम दूसरा क्वालीफायर जीतेगी। वह 26 मई को कोलकाता नाइटराइडर्स के साथ चेन्नई में ही फाइनल खेलेगी। हैदराबाद को पहले क्वालीफायर में केकेआर ने 8 विकेट से हराया था। दोनों ही टीमें फाइनल में पहुंचने के लिए पूरी जान लगा देंगी। तो आइये जानते हैं कि क्वालीफायर 2 में चेन्नई की पिच किस तरह से खेल सकती है।

**क्वालीफायर 2 की पिच रिपोर्ट-चेन्नई** चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम की पिच का नेचर स्लो है। यहां की पिच काफी धीमी रहती है। स्पिनर्स को चेपॉक में काफी ज्यादा मदद मिलती है जबकि बल्लेबाज लगातार संघर्ष करते हुए नजर आते हैं। यहां पर इतनी आसानी से बड़ा स्कोर नहीं बनता है। बल्लेबाजों को शुरू में आकर यहां पहले थोडा टाइम देना पडता है। एक बार वह पिच को समझ गए तो बाद में बड़े हिट्स भी लगा सकते हैं। आईपीएल के इतिहास में इस मैदान पर अब तक कुल 83 मैच खेले गए हैं। इसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 48 तो दूसरी बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 35 मुकाबले जीते हैं। ऐसे में जो भी टीम टॉस जीतेगी वह पहले बल्लेबाजी करने को देख सकती है। आईपीएल में पहली पारी का औसत स्कोर चेन्नई में 164 तो दूसरी पारी का 150 रन है।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस, भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह, ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, जे सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को येनसन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, आवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौर, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

## एंडी फ्लावर ने कहा, आरसीबी को और बेहतर गेंदबाजों की जरूरत है

अहमदाबाद, 23 मई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की छोटी बाउंड्री को देखते हुए टीम को और बेहतर गेंदबाजों की जरुरत है। बुधवार को राजस्थान रॉयल्स से मिली हारने के बाद फ्लावर ने कहा, मुझे लगता है कि हमारी टीम ने पहले चरण में पिछड़ने के बाद बेहतरीन ढंग से वापसी की। जिस तरह से फाफ डुप्लेसी और विराट कोहली की अगुवाई में युवा खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया वो प्रशंसनीय है। जहां तक अगले सत्र के लिए खिलाड़ियों को खरीदने की बात है तो इस पर चर्चा करना अभी काफी जल्दबाजी होगी। हालांकि चिन्नास्वामी पर हमें चतुराई से गेंदबाजी करने वाले गेंदबाजों की जरूरत है क्योंकि वहां पर तेज गेंदबाजी से काम नहीं चलता। हमें ऐसे गेंदबाजो की जरूरत होगी जो एक योजना के तहत गेंदबाजी कर सकें। और जैसा कि हम सब इस बात के गवाह रहे हैं कि टी-20 क्रिकेट एक पावर गेम बन गया है इसलिए हमें पावर हिटर्स की जरूरत होगी जो गेम का टेम्पो सेट कर सकें। उन्होंने कहा, इस समय क्रिकेट का कैलेंडर काफी व्यस्त है। अगर मैं भी इंग्लैंड का कोच होता तो निश्चित तौर पर मैं यह चाहता कि जैक्स राष्ट्रीय टीम के साथ मिलकर आगामी टी-20 विश्वकप की तैयारी करें। जैक्स का पूरे टूर्नामेंट के लिए हमारे साथ ना होना दुर्भाग्यपूर्ण जरूर था लेकिन कैमरून ग्रीन ने उनकी अनुपस्थिति में अच्छा प्रदर्शन किया।

## भारतीय टीम का मुख्य कोच बनने के लिए संपर्क किया गया था : पोंटिंग

नई दिल्ली, 23 मई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उनसे भारतीय टीम का मुख्य कोच बनने के लिए संपर्क किया गया था। आईसीसी रिव्यू से बातचीत के दौरान पोंटिंग ने यह बात कही। उन्होंने कहा, मैंने इससे संबंधित काफी रिपोर्ट्स देखी हैं। आम तौर पर आपके जानने से पहले ही यह चीजे सोशल मीडिया पर सामने आ जाती हैं। आईपीएल के दौरान इस संबंध में मेरे से एकाध बार बात की गई थी, यह जानने के लिए कि मैं इस रोल के लिए रुचि रखता हूं या नहीं। उन्होंने कहा, मैं एक सीनियर राष्ट्रीय टीम का कोच बनना जरूर पसंद करूंगा। लेकिन इस समय मेरे पास और भी काम हैं और मैं घर पर भी अपना समय देना चाहता हूं। हर कोई जानता है कि अगर आप भारतीय टीम के कोच हैं तो आप आईपीएल में अपनी सेवाएं नहीं दे सकते। राष्ट्रीय टीम का कोच साल के 10 से 11 महीने करने वाला काम है। फिलहाल जिस तरह का जीवन मैं जीता हूं उसे देखते हुए यह रोल मेरे लाइफ स्टाइल में फिट नहीं बैठता है। उन्होंने कहा, मेरा परिवार आईपीएल के अंतिम पांच सप्ताह मेरे साथ था, वे सभी हर साल मेरे साथ भारत आते हैं। जब मैंने अपने बेटे से कहा कि मुझे कोच का पद ऑफर हुआ है तब उसने बिना सोचे इस स्वीकार करने के लिए कहा। उसने कहा कि उसे अगले कुछ और साल भारत आने में काफी अच्छा लगेगा। मेरे परिवार को भारत आना बेहद पसंद है और वे यहां पर क्रिकेट के कल्चर को भी काफी पसंद करते हैं। लेकिन अभी यह मेरी लाइफ स्टाइल में फिट नहीं बैठता है।

## याराजी ने महिलाएं की 100 मीटर बाधा दौड़ जीती, पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइ से चूकी

हेलसिंकी, 23 मई। एशियन गेम्स की रजत पदक विजेता ज्योति याराजी ने अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए मोटोनेट जीपी ज्यवास्किला एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा जीतकर भी पेरिस ओलंपिक के लिए मामूली अंतर से फिर क्वालीफाइ नहीं कर पायी। फिनलैंड के हरजुन स्टेडियम में बुधवार को हुई स्पर्धा में भले ही याराजी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने में सफल रहीं, लेकिन वह पेरिस 2024 ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क को पार करने में 0.01 सेकेंड से चूक गईं। इस सत्र की अपनी तीसरी आउटडोर प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करते हुए याराजी ने जमैका की क्रिस्टल मॉरिसन (12.87 सेकेंड) और फिनलैंड की लोटा हराला (12.95 सेकेंड) को पीछे छोड़ते हुए बाधा दौड़ जीती। वह पिछले वर्ष चेंगदू में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भी इसी अंतर से ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग मार्क को पार करने से चूक गई थीं। पिछले महीने, नीदरलैंड में एक एथलेटिक्स मीट में याराजी ओलंपिक गेम्स के लिए क्वालीफाइंग मार्क से एक सेकेंड के दसवें हिस्से से चूक गई थीं। पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन अवधि इस साल 30 जून को समाप्त होगी। इस बीच तेजस शिरसे ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.41 सेकेंड का समय लेकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

# पी.वी. सिंधु ने कड़े मुकाबले में चीन की खिलाड़ी को दी मात



नई दिल्ली, 23 मई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां कड़े मुकाबले में कोरिया की सिम यू जिन को हराया लेकिन दिन का आकर्षण अश्मिता चालिहा रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में तीसरी वरीय बेइवेन झेंग को हराकर उलटफेर करते हुए मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने कोरिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी यू जिन को महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 59 मिनट में 21-13 12-21 21-14 से हराया। यू जिन के खिलाफ सिंधू की यह तीसरी जीत है। पिछले साल अक्टूबर में लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए हैदराबाद की 28 साल की सिंधू शीर्ष फॉर्म हासिल करने में नाकाम रही है। पांचवीं वरीय सिंधू अगले दौर में शीर्ष वरीय हेन युई से भिड़ेंगी।

चीन की इस खिलाड़ी ने पिछले महीने निंग्बो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधू को हराया था। पिछला खिताब 2022 में सिंगापुर ओपन में जीतने वाली सिंधू का दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा है। भारतीय खिलाड़ी ने हेन युई के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता ने इसके बाद दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी झेंग को तीन गेम में 21-19 16-21 21-12 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

अश्मिता ने दूसरी बार किसी सुपर 500 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले वह 2022 में इंडिया ओपन के भी अंतिम आठ में पहुंची थी। गुवाहाटी की यह खिलाड़ी अगले दौर में चीन की छठी वरीय और दुनिया की 16वें नंबर की खिलाड़ी झेंग यी मेन से भिड़ेगी। अश्मिता पिछले कुछ समय से अच्छी लय में हैं। उन्होंने उबेर कप में कनाडा की मिशेल ली को हराया जबकि जापान की अया ओहोरी और पिछले हफ्ते चीन की हेन युई को हराने के करीब पहुंची।

इससे पहले सिंधू ने मुकाबले में धीमी शुरुआत की और पहले गेम में 3-7 से पिछड़ गई। भारतीय खिलाड़ी हालांकि वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाने में सफल रही और फिर लगातार सात अंक के साथ पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। यू जिन ने ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई और खेल दोबारा शुरू होने पर 14-10 से आगे हो गईं। कोरिया की खिलाड़ी ने अगले नौ में से सात अंक जीतकर मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींचा।

निर्णायक गेम में यू जिन ने एक बार फिर अच्छी शुरुआत करते हुए 5-1 की बढ़त बनाई। सिंधू ने स्कोर 6-6 किया और फिर 13-9 की बढ़त बनाई। उन्होंने 16-14 के स्कोर पर लगातार पांच अंक के साथ गेम और मैच अपने नाम किया। बाएं हाथ की खिलाड़ी अश्मिता ने झेंग के खिलाफ अच्छी शुरुआत करते हुए 4-1 की बढ़त बनाई लेकिन विरोधी खिलाड़ी ने ब्रेक तक 10-11 के स्कोर से उनकी बढ़त को सिर्फ एक अंक तक सीमित कर दिया।

## अंबाती रायुडू ने एक बार फिर साधा आरसीबी पर निशाना



नई दिल्ली, 23 मई। आईपीएल 2024 से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सफर खत्म हो चुका है। एलिमिनेटर मैच में राजस्थान रॉयल्स ने आरसीबी को चार विकेट से हराकर आईपीएल 2024 से बाहर कर दिया। इससे पहले आरसीबी ने अपने आखिरी लीग मैच में सीएसके को हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया था। जिसके बाद आरसीबी ने ऐसा जश्न मनाया जैसे वह खिताब जीत गई हो।

इसके साथ ही आरसीबी फैंस ने सीएसके फैंस के साथ भी बदसलूकी की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। वहीं अब सीएसके के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने इन बातों को कुछ ज्यादा ही दिल पर लगा लिया था।आरसीबी की एलिमिनेटर में हार के बाद रायुडू ने पहले तो आरसीबी पर निशाना साधा और कहा कि जश्न मनाने और जुनून से ट्रॉफी नहीं जीती जाती है। आईपीएल ट्रॉफी जीतने के लिए सिर्फ सीएसके से जीतना जरूरी नहीं होता है।

इसके बाद रायुडू ने अब सोशल मीडिया के जरिए आरसीबी के जख्मों को फिर से हराने की कोशिश की है। रायुडू ने सीएसके का एक पुराना वीडियो शेयर किया है, जिसमें अंजिक्य रहाणे, रविंद्र जडेजा, ऋतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉन्वे नजर आ रहे हैं। ये सभी खिलाड़ी सीएसके की बस में पांच आईपीएल ट्रॉफी का जश्न मना रहे हैं। आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी टीमें सीएसके और मुंबई इंडियंस हैं। इन दोनों ने आईपीएल में पांच-पांच खिताब अपने नाम किए हैं। जबकि आरसीबी आज तक खिताब के लिए तरस रही है।

## खेल मंत्रालय ने ओलंपिक से पहले लक्ष्य और सिंधु की विदेश में ट्रेनिंग को स्वीकृति दी

नई दिल्ली, 23 मई। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु ओलंपिक की तैयारियों के लिए क्रमश: फ्रांस और जर्मनी में ट्रेनिंग करेंगे। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने दोनों खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता देने को स्वीकृति दी। लक्ष्य ने फ्रांस के मार्सिले में 12 दिवसीय ट्रेनिंग सत्र के लिए वित्तीय सहायता मांगी थी।पेरिस में पुरुष एकल स्पर्धा में भाग लेने वाले लक्ष्य ओलंपिक से पहले आठ से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में ट्रेनिंग लेंगे। सिंधू का प्रस्ताव जर्मनी के सारब्रुकेन में हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सशुल में ट्रेनिंग के लिए था। पेरिस जाने से पहले वह अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ वहां एक महीने से अधिक समय तक अभ्यास करेंगी। "मंत्रालय ने उनके हवाई किराए, रहने-खाने के खर्चे, स्थानीय परिवहन शुल्क, वीजा शुल्क, शटलकॉक के खर्चे को मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत स्वीकृति दी है।" बैठक के दौरान एमओसी ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला और तीरंदाज तिशा पुनिया के उपकरण खरीदने के प्रस्तावों और गोल्फर अदिति अशोक तथा तैराक आर्यन नेहरा के विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए सहायता के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी। विज्ञिप्त के अनुसार, "टॉप्स उनके हवाई किराए, रहने के खर्चे, स्थानीय परिवहन लागत और आर्यन के उपकरण और अदिति के कैडी की फीस का खर्च उठाएगा।" एमओसी ने टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई और महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम को टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल किया और पहलवान निशा (68 किग्रा) तथा रितिका (76 किग्रा) को कोर ग्रुप में शामिल करने को भी मंजूरी दी। एमओसी ने उभरते हुए गोल्फ खिलाड़ी कार्तिक सिंह को भी टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया जिसमें ध्यान लॉस एंजिल्स और ब्रिसबेन में क्रमश: 2028 और 2032 में होने वाले ओलंपिक पर होगा।

## नीदरलैंड ने टी-20 विश्वकप टीम में किए दो बदलाव

एम्स्टर्डम, 23 मई। फ्रेड क्लासेन और डैनियल डोरम के चोटिल होने के कारण नीदरलैंड ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए दो नए खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार चोटिल खिलाड़ियों को टीम से बाहर किये जाने के बाद उनकी जगह रिजर्व काइल क्लेन और साकिब जुल्फिकार को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही काइल के भाई, रयान क्लेन को अब रिजर्व के खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज काइल ने अब तक केवल तीन अंतरराष्ट्रीय मैचों में नीदरलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। वहीं साकिब लगभग पांच साल बाद टी-20 क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने अगस्त 2019 में टी-20 मैच खेला था। बदलाव के बाद नीदरलैंड की टीम इस प्रकार है: आर्यन दत्त, बास डी लीडे, काइल क्लेन, लोगान वैन बीक, मैक्स ओडोड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार, स्कॉट एडवर्ड्स, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, तेजा निदामानुरु, टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंग्मा और वेस्ले बर्रेसी। नीदरलैंड को ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बंगलादेश और नेपाल के साथ रखा गया है।

# आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में सभी टीमें बदली नजर आ सकती है



नई दिल्ली, 23 मई। आईपीएल का 17वां सीजन खत्म होने को है, 26 मई को सीजन का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस सीजन में पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स को अपने आखिरी लीग मैच में आरसीबी के हाथों हार झेलनी पड़ी। अब आईपीएल 2025 के लिए एक बार फिर से मेगा नीलामी होगी, जिससे पहले अंदाजा लगाया जा रहा है, कि सभी टीमें नए सीजन में बदली-बदली नजर आ सकती हैं। आईपीएल के नियम के मुताबिक अब तक कोई भी अभी तक कोई भी फ्रेंचाइजी चार खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। ऐसे में अगले सीजन में मुंबई रोहित शर्मा को तो वहीं सीएसके शायद ही एमएस धोनी को रिटेन करे। रोहित और मुंबई फ्रेंचाइजी के बीच के संबंध के बारे में अब सबको पता है तो वहीं आईपीएल 2024 में ऐसा लगा जैसे सीएसके एमएस धोनी को ढो रही थी। वैसे भी उन्होंने टीम की कप्तानी छोड़ दी है और उनकी जगह इस सीजन में ऋतुराज गायकवाड़ ने कप्तानी की थी। बतौर विकेटकीर बल्लेबाज धोनी ने इस सीजन में खेला था जिसके बाद अगले सीजन में उन्हें रिटेन करने की संभावना कम नजर आ रही है।

चेन्नई सुपर किंग्ससे बाहर हो सकते हैं धोनी आईपीएल 2025 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स कुछ खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। जिनमें से एमएस धोनी का नाम नहीं हो सकता है। अगले सीजन के लिए चेन्नई अपनी टीम में नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को रिटेन कर लेगी जिन्होंने आईपीएल 2024 में अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा 14 मैचों में 583 रन बनाए। वहीं चेन्नई रविंद्र जडेजा को भी रिटेन कर सकती है जो बेहतरीन ऑलराउंडर है। वहीं शिवम दुबे भी इस लिस्ट में हो सकते हैं जिन्हें चेन्नई रिटेन करेगी। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं मथीसा पथिराना भी टीम में बने रह सकते हैं।

## भारतीय एकादश में पंत का दावा मजबूत : पटेल



नई दिल्ली, 23 मई। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत के शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की कमी का जिक्र करते हुए विकेटकीपर के लिए ऋषभ पंत का दावा ज्यादा मजबूत बताया। 'लीजेंड्स इंटरकॉन्टिनेंटल टी20 लीग' की घोषणा के लिए यहां पहुंचे पार्थिव ने गुरुवार को कहा टीम में विकल्प की कोई कमी नहीं है और ऐसे में टीम में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल एक साथ खेल सकते हैं।टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के विकेटकीपर की पहली पसंद के बारे में काफी चर्चा हो रही है क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने शानदार प्रदर्शन किया है।

सैमसन ने 15 मैचों में पांच अर्धशतक की मदद से 521 रन बनाये हैं। इस दौरान उनका औसत 52.10 और स्ट्राइक रेट 155.52 का रहा है। उनके शानदार प्रदर्शन के कारण उनकी टीम आईपीएल फाइनल में पहुंचने से एक जीत दूर है। गंभीर कार दुर्घटना की चोट से उबर कर मजबूत वापसी करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने इस दौरान 13 मैचों में 40.55 की औसत और 155.40 के स्ट्राइक रेट से 446 रन बनाये। उनकी टीम हालांकि प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही। पार्थिव ने विश्व कप के लिए भारतीय टीम के विकेटकीपर के बारे में पूछे जाने पर कहा, " भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम देखे तो इसमें कोई शक नहीं कि विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए पंत पहली पसंद होंगे।"

पार्थिव ने कहा, " सैमसन ने काफी रन बनाये हैं लेकिन पंत अलग तरह की विविधता लेकर आते हैं। भारत के शीर्ष क्रम में दायें हाथ के बल्लेबाज ज्यादा हैं ऐसेमें बायें हाथ के बल्लेबाजों की जरूरत होगी।" आईपीएल में सैमसन तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी कर रहे हैं जबकि पंत ने ज्यादातर मैचों में चौथे या पांचवें क्रम पर बल्लेबाजी की है। पार्थिव ने हालांकि सैमसन को किसी मामले में कम नहीं आंक रहे हैं। उन्होंने कहा, "सैमसन के पास विविधता है, वह अभी भले ही तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी कर रहे हो लेकिन वह ऐसे खिलाड़ी है जो निचले क्रम पर भी तालमेल बिठा सकते हैं, हमने इस तरह की भूमिका में उन्हें पहले भी देखा है।"

## वृंदावन पहुंचे कुलदीप यादव, भगवान श्री कृष्ण के दर पर झुकाया शीश

नई दिल्ली, 23 मई। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी इस बार अमेरिका और वेस्टइंडीज कर रहा है। इस मेगा इवेंट की शुरुआत 2 जून से होने जा रही है। जिसके लिए भारतीय टीम के स्क्वॉड में शामिल खिलाड़ी जिनकी टीम आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। जिसके बाद उनके 24 मई को अमेरिका रवाना होने की उम्मीद है। लेकिन इस टूर्नामेंट से ठीक पहले टीम इंडिया के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने वृंदावन का दौरा किया है।

टी20 वर्ल्ड कप से पहले स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने अपने सोशल मीडिया पर द फोटो शेयर की हैं। जिनमें वह वृंदावन का दौरा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुलदीप ने इन फोटो के कैप्शन में लिखा, वृंदावन से हरे कृष्ण बता दें कि, कुलदीप आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हैं। इस सीजन उनकी टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी।

## कार्तिक ने कहा आईपीएल और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा



नई दिल्ली, 23 मई। महेंद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही परवान नहीं चढ़ा हो लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इस खेल के प्रशंसकों के दिलों पर राज किया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्तिक ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में हार के बाद अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया।आईपीएल ऐसा मंच है जहां कार्तिक की मांग कभी कम नहीं हुई।

अपने 20 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में कई बार टीम से अंदर-बाहर होने वाले कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। पिछले कुछ समय से कमेंटेटर की भूमिका निभाने वाले कार्तिक ने 38 साल की उम्र में भी विकेट के पीछे अपनी फिटनेस और बल्ले से चतुराई भरे शॉट खेल कर खुद को आज के दौर में भी प्रासंगिक बनाये रखा।

आईपीएल के इस सत्र में बल्ले से दमखम दिखाने के बाद कार्तिक ने खुद को राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध करार दिया था लेकिन भारतीय चयनकर्ताओं ने युवा प्रतिभा को मौका देने का मन बना लिया था। कार्तिक ने इस साल फरवरी मार्च में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला के दौरान संन्यास लेने का मन बना लिया था लेकिन उनकी योजना के बारे में दुनिया को तब पता चला जब इंग्लैंड के माइकल एथरटन ने एक पॉडकास्ट में गलती से इसका खुलासा कर दिया।

कार्तिक 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद से इसका अहम हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इसके 17 सत्र में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया और 5000 से ज्यादा रन बनाये है। विकेट के पीछे भी उन्होंने 145 कैच लपकने के साथ 37 स्टंपिंग किये हैं। वह 2013 में आईपीएल चैम्पियन बनने वाली टीम मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। उन्होंने इस दौरान कई क्रम पर बल्लेबाजी की लेकिन आरसीबी के साथ पिछले तीन साल से फिनिशर की भूमिका में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

## ड्रीम एफसी ने गुडविल को रौंदा, भारत यूनाइटेड वायुसेना पर भारी

नई दिल्ली, 23 मई। डीएसए ए डिवीजन लीग में यहां नेहरू स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में ड्रीम एफसी ने गुडविल को 15 गोलों से रौंद कर लीग की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वहीं एक अन्य मैच में यंगस्टर एफसी ने दिल्ली यूनाइटेड को भूपिंदर और गौतम भाटिया के गोलों से 2-0 से हराया। सीनियर डिवीजन के सुपर सिक्स मुकाबलों में नेशनल यूनाइटेड ने हिंदुस्तान एफसी को 4-2 से और भारत यूनाइटेड ने वायुसेना को 3-1 से पराजित किया। शास्त्री और अजमल 3-3 से ड्रा खेले। ड्रीम एफसी ने अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए गुडविल एफसी को बुरी तरह कुचल डाला। गौरव नेगी ने सर्वाधिक पांच गोल जमाए। प्लेयर ऑफ द मैच नमन मलकोटी और कंवर ने दो दो गोलों का योगदान दिया। विपिन, अजय सिंह, हर्ष और अमन सिंह ने एक एक गोल बांटे। दीपक कौशिक ने एक आत्मघाती गोल जमा कर विजेता की जीत में योगदान दिया। यांगेस्टरएफसी की जीत में भूपेंद्र सिंह और गौतम भाटिया के गोलों का योगदान रहा। भूपेंद्र को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। सीनियर डिवीजन सुपर सिक्स मुकाबलों में नेशनल यूनाइटेड ने सोराइसम (2), प्रतीक लांबा और अमरजीत के गोलों से हिंदुस्तान एफसी को 4- 2 से पराजित किया। पराजित टीम के गोल सैमुअल और सूरज ने किए। विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शास्त्री और अजमल के बीच खेले गए संघर्षपूर्ण मुकाबले में शास्त्री के लिए बीपिन बाबू, बोनिसोन और मुस्लिम मोला ने और अजमल के गोल गौरव चढ़ा, मुज्तबा और हैरी ने गोल बनाए। अंतिम मैच में भारत यूनाइटेड ने भारतीय वायु सेना को एक के मुकाबले तीन गोलों से हराया। विजेता टीम के लिए सिंगसिट ने दो और कप्तान मुर्मू ने एक गोल जमाया। वायुसेना पालम की ओर से अमल दास ने गोल किया।

# 'आम आदमी पार्टी ने अपनी महिला नेता के साथ ही बदतमीजी की'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रोहिणी, दिल्ली में रोड शो किया

- भजनलाल शर्मा ने कहा, ऐसी पार्टी दिल्ली की माताओं, बहनों को सुरक्षा कैसे देगी।

उत्तर पश्चिमी/दिल्ली, 23 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार में डूबी हुई पार्टी है। यह बहुत ही हास्यास्पद है कि, अरविन्द केजरीवाल ने पूर्व में अन्ना हजारे जी के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया था लेकिन अब वे खुद भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने के कारण जेल गए। उन्होंने कहा कि, इस पार्टी ने मुख्यमंत्री कार्यालय में अपनी ही पार्टी की वरिष्ठ नेता के साथ बदतमीजी की, तो दिल्ली की माताओं-बहनों को सुरक्षा कैसे देंगे। दिल्ली की जनता भाजपा के पक्ष में वोट डालकर इन पाखंडियों को जवाब देगी। गुरुवार को भजनलाल शर्मा लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत उत्तर पश्चिमी दिल्ली सीट पर लोकसभा प्रत्याशी योगन्द्र चंदोलिया के समर्थन में दिल्ली के रोहिणी में रोड शो के दौरान उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। रोड शो में प्रवासी राजस्थानियों और दिल्ली की जनता ने मु.मंत्री का जगह-जगह मालाओं तथा फूल की वर्षा के साथ अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहा कि, वे विश्व के सबसे बड़े नेता हैं। भारत में पिछले 10 वर्षों में किए गए अभूतपूर्व कार्यों के कारण जनता का उन पर पूरी तरह से विश्वास कायम है। उन्होंने कहा कि, मोदी ने गरीब कल्याण, सीमा सुरक्षा, देश का विकास करने और आतंकवाद एवं नक्सलवाद को मिटाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं, जिससे पूरी दुनिया में भारत का गौरव बड़ा है और विश्व भारत को उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है।

शर्मा ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी केवल भ्रष्टाचार एवं तुष्टिकरण की राजनीति करती है। इस पार्टी ने केवल परिवारवाद को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी से लेकर आज इस पीढ़ी तक राहुल गांधी गरीबी हटाओ का नारा दे रहे हैं, लेकिन इनका गरीब से कोई सरोकार नहीं है। इस देश में गरीब कल्याण के लिए नरेन्द्र मोदी न केवल सोचते हैं बल्कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर गरीब की हर संभव मदद भी करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, दिल्ली की प्रचण्ड धूप में इतनी बड़ी संख्या में लोग बड़े उत्साह तथा उमंग के साथ अपना समर्थन देने आए हैं, वो यह दर्शाता है कि दिल्ली में 7 की 7 सीटें भारतीय जनता पार्टी बहुत बड़े मार्जिन के साथ जीतेगी। शर्मा ने रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की।

# महाराष्ट्र में फैक्ट्री का बॉयलर फटने से 8 की मौत, 40 घायल

मुंबई, 23 मई। महाराष्ट्र में डोंबिवली के एम.आई.डी.सी. इलाके में गुरुवार को एक फैक्टरी में बॉयलर फटने से आग लग गयी, जिसकी चपेट में आकर आठ लोगों की मौत हो गयी तथा 40 लोग जख्मी हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अपराह्न 1.40 बजे अमुदान केमिकल फैक्टरी में बॉयलर फटने से यह दुर्घटना हुई। धमाका इतना तेज था कि, इसकी आवाज़ दो से तीन किलोमीटर तक सुनी गयी और आसपास की इमारतों के शीशे टूट गए।

- एक केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से लगी आग से यह हादसा हुआ।

महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने बताया है कि, अब तक घटनास्थल से चार शव बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि, हादसे में घायल हुए लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की है कि, घायलों के इलाज का खर्च राज्य सरकार उठायेगी। महाराष्ट्र, उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर दुख जताते हुए कहा, डोंबिवली की घटना में जिन छह लोगों की जान चली गई और 48 घायल हुए उन लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

# मार्बल व्यवसायी सुराणा ने भाजपा नेता झाला पर गंभीर आरोप लगाये

## पचास एकड़ में फैले ममेंटोज होटल की भूमि बिना स्टाम्प ड्यूटी चुकाये जॉइंट वेंचर कम्पनी को ट्रांसफर करने का भी आरोप लगाया

- सुराणा पर हमले के मुख्य आरोपी लक्ष्मण सिंह झाला को पुलिस ने हिमालच प्रदेश के कांगड़ा से गिरफ्तार किया था।
- मार्बल व्यवसायी कपिल सुराणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में झाला पर गंभीर आरोप लगाये व दस्तावेज पेश किये।

उदयपुर, 23 मई (कासं)। शहर में करीब 10 दिन पूर्व खुद पर हुए जानलेवा हमले के बाद मार्बल व्यवसायी कपिल सुराणा गुरुवार को मीडिया के सामने आए। उन्होंने मुख्य हमलावर और राजसमंद जिले के भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह झाला पर गंभीर आरोप लगाए। साथ ही जिस जमीन विवाद को लेकर उन पर हमला हुआ उसके बारे में भी कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर किए। सुराणा ने मीडिया को पूरे दस्तावेज भी साक्ष्य के रूप में उपलब्ध कराए।

सुराणा ने कहा कि, झाला के खिलाफ दो दर्जन से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। इनमें 15 से 20 ऐसे हैं कि उनका ठीक ढंग से अनुसंधान हो जाए तो झाला को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। क्योंकि झाला ने गरीब, आदिवासी और राजपूत समाज के लोगों की ही जमीनों को हड़पने का काम किया है। राजनीतिक सरंक्षण की आड़ में अरबों रुपए के घपले-घोटाले किए हैं। सैकड़ों बीघा भूमि पर कब्जे जमाए हैं। सुराणा ने कैलाशपुरी पंचायत के राया गांव और राजसमंद के मोड़ब पंचायत की बीच बने, ईटीसी ग्रुप के मेमेंटॉज होटल एंड रिसोर्ट को भी अवैध करार दिया। उन्होंने कहा कि, इसका निर्माण झाला की मदद से होटल मालिक विजेन्द्र चौधरी ने गलत तरीके से किया।

उन्होंने बताया कि, जिस जगह मेमेंटॉज होटल बना है उसके पास उनकी निजी भूमि समेत कई अन्य लोगों की जमीनें हैं। इनमें करीब 30 से 40 हजार वर्गफीट पर कब्जा कर लिया गया है। इसके खिलाफ आवाज उठाई तो झाला और चौधरी ने डराया धमकाया। जब हाईकोर्ट, एनजीटी और अन्य जिम्मेदार एजेन्सियों की मदद से इनका कब्जा साबित कर दिया तो दो-बार जानलेवा हमला करवाया, जिससे मैं डर जाऊं और ये मेरी आवाज भी दबा दें।

सुराणा ने कहा, होटल मेमेंटॉज के निर्माण में हाईकोर्ट और एनजीटी के आदेशों की धज्जियां उड़ाई गई हैं। सैकड़ों लोगों को डरा-धमकाकर उनकी जमीनों को औने-पौने दामों में खरीद लिया गया। झाला और चौधरी ने क्षेत्रीय तहसीलदार और सरकारी एजेन्सियों की सहायता से ये सब किया। उनकी ठीक ढंग से सरकार जांच कराए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाए। चौधरी और झाला जमीनों के कारोबार में साझेदार हैं। दस्तावेजों में 450 बीघा भूमि में इनकी साझेदारी साबित है। इसमें तीन हिस्से चौधरी के और एक झाला का शामिल है।

सुराणा ने आरोप लगाया कि, झाला और चौधरी ने मिलकर होटल मेमेंटॉज के निर्माण और प्रदेश में अन्य सम्पत्तियों की आड़ में 2200 करोड़ रुपए के लोन ले रखे हैं। इससे साफ है कि, यह कितना बड़ा नेटवर्क है और किस कदर बड़े-बड़े गलत काम ये लोग कर रहे हैं। सारी जमीनों का खेल शुद्धिपत्रों की आड़ में खेला गया। 50 एकड़ में फैले मेमेंटॉज होटल एंड रिसोर्ट की प्रॉपर्टी को बगैर स्टाम्प ड्यूटी चुकाए शुद्धिपत्र की आड़ में एक जॉइंट वेंचर कंपनी से अन्य दो कंपनियों के नाम ट्रांसफर कर दिया। इस पर जांच हुई तो इनको नोटिस तक दिया गया।

सुराणा ने बताया कि, राया गांव से मावली के गांता तलाब तक के कुक्रती नाले का स्वरूप होटल के निर्माण के लिए बदल दिया गया। जल संसाधन विभाग ने जांच की तो उसे सही पाया। झाला ने अपने राजनीतिक रसूखातों का उपयोग कर वहां एनीकट का निर्माण करवा दिया और उसकी ऊंचाई डेढ़ मीटर तक बढ़ा दी जिससे कि होटल रिसॉर्ट की खूबसूरती बनी रही।

सुराणा ने जितने आरोप झाला और चौधरी पर लगाए, उसने सरकार और सरकारी तंत्र के सच को भी उजागर कर दिया। यदि आई.टी.सी. होटल मेमेंटॉज को बनाने के लिए इतने गलत काम किए गए तो इन पर कभी कोई जांच क्यों नहीं हुई, क्या कभी कोई शिकायत जिम्मेदारों तक नहीं पहुंची, यदि पहुंची तो किसके कहने से सारे मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। यदि लक्ष्मण सिंह झाला पर लगाए गए आरोप सही हैं तो इतने समय से सुराणा की शिकायतों को क्यों नजरअंदाज किया गया, कौन से वे सरकारी अधिकारी और राजनीतिक वर्चस्व वाले लोग हैं जिन्होंने इस पूरे खेल में मदद की।

इधर, सुखेर पुलिस ने एक दिन की रिमांड अवधि पूरी होने पर मार्बल व्यवसायी पर हमले के मुख्य आरोपी लक्ष्मणसिंह झाला को कोर्ट में पेश किया। यहां सुनवाई के बाद कोर्ट ने झाला को 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

ज्ञातव्य है कि, सुखेर पुलिस ने झाला को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा से गिरफ्तार किया था। इसके बाद कोर्ट में पेश कर दो दिन की रिमांड मांगी, पर एक ही दिन की मिल पाई। झाला को कपिल सुराणा पर हमले का मास्टरमाइंड मानकर पुलिस ने पकड़ा था।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ जारीः 7 नक्सलियों के शव बरामद

नारायणपुर, 23 मई। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में माओवादी संगठन की बटालियन नम्बर-5 के साथ जवानों की जबरदस्त मुठभेड़ जारी है। अब तक सात नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा की फोर्स ने नक्सलियों को घेर रखा है और दोनों तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग चल रही है।नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय और बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा जवानों के सम्पर्क में हैं। उन्होंने बताया कि, मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। उन्होंने दावा किया है कि इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों को गोली लगी है, अभी तक सात नक्सली के शव मिले हैं और करीब 10 घायल होने की सूचना है, लेकिन जवानों के वापस लौटने के बाद ही इसकी पुष्टि हो पाएगी। फिलहाल जवानों ने चारों ओर से नक्सलियों को घेर रखा है और मुठभेड़ जारी है।

# गुर्जर समाज गुंजल के समर्थन में उतरा, 26 को महापंचायत

- प्रहलाद गुंजल पर अवैध माइनिंग का मुकदमा व उनके भाई को अवैध कब्जे के नोटिस के विरोध में गुर्जर समाज से अनेक संगठन एकत्रित हुए।

कोटा, 23 मई (निसं)। पूर्व विधायक और कोटा-बूंदी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल पर अवैध माइनिंग का मुकदमा दर्ज किया गया है। अब उनके भाई रामरतन को भी यूआईटी ने नोटिस जारी किया है जिसमें यूआईटी की जमीन पर अवैध कब्जे की बात कही है।

लगातार हो रही इन कार्यवाहियों के विरोध में गुर्जर समाज सड़कों पर उतर गया है। किशोरपुरा स्थित पदमनाभजी मंदिर पर गुर्जर समाज के प्रबुद्धजनों की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में गुर्जर समाज के सभी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित हुए और लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल और उनके भतीजे, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष लोकेश गुंजल के विरूद्ध राज्य सरकार व प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही को रोकने के संबंध में विचार विमर्श करके आगामी दिनों की रणनीति बनाई। इसके अलावा आज समाज के लोगों ने कोटा जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम दिया गया है, जिसमें मांग की गई है कि, यदि प्रशासन द्वारा इस कार्यवाही को नहीं रोका गया तो गुर्जर समाज के लोगों ने निर्णय लिया कि, 26 मई 2024 प्रातः 10 बजे श्री देवनारायण मंदिर गणेश नगर पर गुर्जर समाज की महापंचायत होगी, जिसमे गुर्जर समाज के हाड़ौती भर के प्रबुद्धजन और गुर्जर समाज के लोग उपस्थित होंगे, जहाँ आर-पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया जाएगा। यदि कानून व्यवस्था भंग होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार और प्रशासन की होगी।

इस अवसर हाड़ौती गुर्जर महासभा अध्यक्ष डॉ बी.एल. गोचर, महासचिव सुरेश गुर्जर, नरेश कोटबावड़ी, गोपाल चौहान, अशोक रोहर आदि उपस्थित थे।

## सचिन पायलट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चुनाव में 14 राज्यों में 100 से अधिक सभाएं कर चुके हैं। माना जाता है कि, कांग्रेस पार्टी और इंडिया एलायंस की अन्य पार्टियों में मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के बाद सबसे ज्यादा डिमांड सचिन पायलट की है।

आने वाले दिनों में पायलट पंजाब, हिमाचल, और सातवें चरण के बाकी राज्यों में प्रचार करने जाएंगे।

## जालोर में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भैसवाड़ा को बेहोशी की हालात में एम्बुलैंस से जालोर के राजकीय चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

वहीं साफाडा निवासी कमला देवी (42) पत्नी लुम्बाराम गर्ग आज घर पर ही तेज गर्मी के चलते बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन उन्हें जालोर के राजकीय चिकित्सालय लेकर आये, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पिछले दिनों नरेगा श्रमिक अमरुदेवी, निवासी मालगढ व जलदाय कर्मचारी दिनेश अग्रवाल, निवासी जालोर की भी भीषण गर्मी से तबियत बिगड़ने से मौत हो गई थी।

# इंडी गठबंधन ने पिछड़े वर्ग का आरक्षण मुस्लिमों को दिया-भजनलाल

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रैंस में कहा कि, अब राजनेताओं के व्यवहार में बड़ा बदलाव आया है, नेता कुर्ते पर जनेऊ पहनने लगे और मंदिर जाने लगे हैं।

लखनऊ, 23 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, इण्डिया गठबंधन और तृणमूल कांग्रेस ने तुष्टीकरण की सभी पराकाष्ठाएं पार कर पिछड़े वर्ग के आरक्षण का हक मुस्लिम जातियों को देने का महापाप किया है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के हाईकमान परिवारवाद के प्रतीक हैं, जिन्होंने केवल परिवारजनों की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के सपनों को छीना है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को उत्तरप्रदेश के लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 118 मुस्लिम जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल कर इन्हें असंवैधानिक रूप से आरक्षण देने का महापाप किया है। कलकत्ता हाइकोर्ट ने ऐतिहासिक निर्णय देते हुए 2010 से 2024 तक मुसलमानों को जारी सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा कि, ममता बनर्जी इस निर्णय को मानने से इन्कार कर लोकतंत्र और न्यायिक व्यवस्था की गरिमा को धूमिल करने का काम कर रही हैं। उनकी इस अराजकतावादी राजनीति का जवाब पश्चिम बंगाल की जनता लोकसभा चुनाव में दे रही है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक में भी पिछड़े वर्ग के आरक्षण में मुस्लिम जातियों को शामिल कर संविधान का अपमान किया है।

शर्मा ने कहा कि, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के युवराज ( राहुल गांधी एवं अखिलेश यादव) 2017 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में गठबंधन कर मैदान में उतरे थे। जैसे ही नतीजे आए उन्होंने हथियार डाल दिए। इन लोकसभा चुनावों में भी इतिहास फिर दोहराया जाएगा और कांग्रेस के युवराज और समाजवादी प्रमुख को करारी हार मिलेगी।

उन्होंने कहा कि, 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में सभी क्षेत्रों में परिर्वतन आने के साथ ही राजनेताओं के व्यवहार में भी बड़ा बदलाव आया है। अब नेता कुर्ते के उपर जनेऊ पहनने और मंदिर जाने लगे हैं। उत्तर प्रदेश की जनता लोकसभा चुनावों में मोदी-योगी के कार्यों पर ही मुहर लगा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, राहुल गांधी ने स्वीकारा है कि, कैसे उनकी दादी (इंदिरा गांधी) और पिता ( राजीव गांधी) ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में संविधान को बदलकर इसकी मूल भावना की धज्जियां उड़ायीं। कांग्रेस का काला सच उनके नेता के मुंह से ही निकल गया है।

शर्मा ने कहा कि, डॉ. भीमराव अंबेडकर को कांग्रेस ने अपमानित और भाजपा ने सम्मानित करने का कार्य किया है। वे जब कांग्रेस में शामिल थे तो पार्टी ने उन्हें टिकट देने से इन्कार कर दिया। चुनाव लड़ा तो कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर को हराने का प्रयास भी किया। उन्होंने कहा कि, भाजपा ने ही उन्हें मान और सम्मान देने का कार्य किया है।

# जैसे-जैसे चुनाव दक्षिण बंगाल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- अभिषेक बनर्जी कल नंदीग्राम गये थे तथा लोगों को चेतावनी दी थी कि, भाजपा को समर्थन देने का नतीजा उन्हें शीघ्र ही भोगना पड़ेगा।
- तृणमूल के सूत्रों ने सोना चूरी की घटना को, सम्पत्ति को लेकर हुए पारिवारिक संघर्ष का नतीजा बताया।

दौरा किया था उस समय उन्होंने गाँव वालों को धमकी दी थी कि यदि उन्होंने भाजपा का समर्थन करने की हिम्मत की तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। लेकिन तृणमूल कांग्रेस का इस घटना पर कहना है कि यह घटना कुछ परिवारों के आपसी झगड़े के परिणामस्वरूप हुई है।

ज्ञातव्य है कि शुभेन्दु अधिकारी ने तृणमूल नेता ममता बनर्जी को विधानसभा चुनावों में पराजित किया था और वे संसदीय चुनावों के दौरान भाजपा का धुंआधार प्रचार कर रहे हैं। वे यह दिखा रहे है कि सिर्फ वे ही हैं जो तृणमूल को टक्कर दे सकते हैं।

यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि दो विरोधी राजनीतिक पार्टियों के बीच की लड़ाई का शिकार एक निर्दोष असहाय महिला बनी है जो कि भाजपा के एक जमीनी स्तर के कार्यकर्ता की माँ है।

शुभेन्दु अधिकारी का यह एक आक्रामक चुनाव प्रचार अभियान है कि वे ममता बनर्जी पर सीधा हमला कर रहे हैं और हर बार ममता बनर्जी को याद दिला रहे हैं कि नंदीग्राम के चुनाव में उन्होंने ही ममता बनर्जी को हराया था और यह बात तृणमूल की अध्यक्ष को नागवार गुजर रही है। चूंकि ममता बनर्जी प्रतिशोधी महिला हैं, इसे देखते हुए यह घटना साबित करती है कि वे और उनके भतीजे अभिषेक अधिकारी को सीधे चुनौती दे रहे हैं। बंगाल अपने पुराने स्वरूप में लौट आया है हर चुनाव की तरह इस चुनाव में भी हिंसा का तांडव मचा है। पिछले 50 वर्षों में ऐसा कोई चुनाव नहीं गुजरा है जिसमें कोई तबाही और हत्या की घटना नहीं हुई हो और इस हिंसा की कीमत आम आदमी को चुकानी पड़ती है। उत्तरी बंगाल में लड़े गए पिछले चुनावों की अपेक्षा इस बार के चुनाव कुछ शांतिपूर्ण रहे हैं। हालांकि, यह चुनाव जब दक्षिण बंगाल में पहुँचा और विशेष रूप से 24 परगना के जिलों के करीब क्षेत्र में तो हिंसा ने विकराल रूप ले लिया। तृणमूल दक्षिण बंगाल के क्षेत्रों में अधिक ताकतवर हैं और भाजपा उत्तरी क्षेत्र में सापेक्ष रूप से प्रभुत्व स्थापित करने में सक्षम रही है। इसलिए वे इस क्षेत्र में अपनी ताकत का दावा कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, तृणमूल की कुछ खास प्रतिष्ठित सीटों के चुनाव अब हो रहे हैं। तृणमूल के वयोवृद्ध नेता सुदीप भट्टाचार्य कलकत्ता उत्तर की लोकसभा सीट से तृणमूल के पूर्व कद्दावर नेता तापस रॉय के खिलाफ चुनाव लड़ रहे है। भ्रष्टाचार के महासमुद्र के बीच तापस रॉय की बहुत अच्छी बेदाग छवि है। यहाँ तक कि उत्तरी कलकत्ता में तृणमूल के कुछ अंदरूनी कार्यकर्ता भी रॉय का प्रचार व समर्थन कर रहे हैं। यदि चुनावों में सुदीप भट्टाचार्य पराजित हो जाते हैं तो तृणमूल कांग्रेस को बहुत ही करारा झटका लगेगा।

# नंदीग्राम में महिला भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के बाद विरोध-प्रदर्शन

कोलकाता, 23 मई। पश्चिम बंगाल में शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान से पहले पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में बुधवार रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला शाखा की कार्यकर्ता रतिबाला अरही की कथित हत्या के बाद विरोध प्रदर्शन किए गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि, भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को इस हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया, जिसके बाद केंद्रीय सशस्त्र बलों को तैनात करना पड़ा। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों ने गांव पर धावा बोला और कुछ घरों में आग लगा दी।सूत्रों ने बताया कि, सोनाचुरा गांव में अज्ञात बदमाशों ने कुछ भाजपा समर्थकों के घरों पर धावा बोला और उन पर धारदार हथियारों से हमला किया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता रतिबाला अरही की मौत हो गई और उनके बेटे संजय अरही समेत सात अन्य घायल हो गए।

# मु.मंत्री सिद्धारमैया ने एक और ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

झकझोर दिया है बल्कि पूरे देश में इसके प्रति नाराजगी है। यह बेहद शर्म की बात है कि प्रज्वल चुनाव लड़ रहा है।

कर्नाटक सरकार के अनुसार प्रज्वल रैवन्ना 27 अप्रैल को पहली एफ.आई.आर. दर्ज होने से पहले डिप्लोमैटिक पासपोर्ट का इस्तेमाल कर जर्मनी भाग गया। उसने देश से भागने के लिए सांसद को मिली सुविधा का लाभ उठाकर भाग गया। राज्य सरकार ने प्रज्वल के दुष्कृत्यों की जांच के लिए एस.आई.टी. का गठन किया है और ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी किया है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि इस मामले को गंभीरता से लें और तुरंत एक्शन लें और पासपोर्ट एक्ट 1967 के सैक्शन 10 (3) (एच) के तहत इसका पासपोर्ट रद्द किया जाए और स्वदेश वापसी सुनिश्चित किया जाए।

इसी बीच दिल्ली से खबर मिली है कि विदेश मंत्रालय ने कर्नाटक सरकार के पत्र पर कार्यवाही शुरू कर दी है। राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वरा ने दावा किया कि प्रज्वल का पासपोर्ट कैंसिल करने के बारे में राज्य को अभी तक भी केन्द्र सरकार से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। एक अन्य संबंधित घटनाक्रम में प्रज्वल के दादा एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा ने अपने पोते को चेतावनी दी है कि वापस लौट कर पुलिस के सामने आत्म समर्पण कर दे। अगर उसने ऐसा नहीं किया तो उसे परिवार से बेदखल कर दिया जाएगा।

# दिल्ली वि.वि में अलोकतांत्रिक नारों पर कड़ी कार्यवाही हो-विद्यार्थी परिषद

नयी दिल्ली, 23 मई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अ.भा.वि.प.) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) की दीवार पर 'चुनाव का बहिष्कार करो', 'नक्सलबाड़ी जिंदाबाद', 'मार्क्सवाद जिंदाबाद' जैसे नारे लिखे जाने के मामले में पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अ.भा.वि.प. ने इस संबंध में मौरिस नगर थाने में शिकायत दर्ज करायी है और इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और नारों को दीवारों से तत्काल मिटाने की मांग की है।

# जयंत सिन्हा ने झारखंड के पार्टी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से उनको प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से मुक्त करने की प्रार्थना की थी।

दो बार के सांसद ने साहु को लिखा, "मैंने 2 मार्च को ही इस वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। नड्डा जी से विचार-विमर्श और उनकी स्पष्ट अनुमति मिलने के बाद मैंने सार्वजनिक तौर पर यह स्पष्ट कर दिया था कि मैं इन चुनावों में शामिल नहीं होऊंगा। मैं पार्टी की वित्तीय और प्रशासनिक नीतियों का समर्थन करके खुश हूँ और लगातार कर रहा हूँ।"

सिन्हा ने यह भी कहा कि 30 अप्रैल को जायसवाल ने उनको 1 मई को अपनी नामांकन रैली में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन सूचना देर से मिलने के कारण वो उसमें सम्मिलित नहीं हो सके थे। सिन्हा ने कहा, मैं 2 मई को हजारीबाग आया था और सीधे जायसवाल जी के घर गया उन्हें बधाई देने। वो घर पर नहीं थे मैं उनके परिवार से मिलकर लौट आया।

सिन्हा 25 साल से भाजपा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में किए विकास कार्य की सब और प्रशंसा हुई है और उनकी 2014 व 2019 की जीत से यह स्पष्ट है। सिन्हा ने कहा कि "हमें निश्चित रूप से व्यक्तिशः बात करनी चाहिए थी या फोन पर ताकि गलतफहमी दूर हो सके। पार्टी नेता के रूप में मैं हजारीबाग लोकसभा चुनाव के लिए जिम्मेवार हूँ आप कभी भी मेरे पास आ सकते थे। चुनाव के बाद मुझे लैटर भेजना मेरी समझ से बाहर है।"

# 'जब मेरे साथ मारपीट हुई अरविन्द केजरीवाल घर पर थे'

- स्वाति मालीवाल ने यह भी कहा कि, केजरीवाल के पी.ए. बिभव ने मुझे किसके इशारे पर मारा, इसकी जांच हो रही है।

नई दिल्ली, 23 मई। दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट और बदसलूकी का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। फिर स्वाति मालीवाल ने न्यूज एजेंसी ए.एन.आई. को दिए इंटरव्यू में बिभव कुमार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

स्वाति मालीवाल ने कहा, "मैं 13 मई को करीब 9 बजे सुबह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर गई थी। वहां पहुंची तो स्टाफ ने मुझे ड्राइंग रूम में बैठने को कहा। साथ ही यह भी कहा कि अरविंद केजरीवाल घर पर हैं। इतने में बिभव कुमार दनदनाते हुए आते हैं। मैंने पूछा क्या हुआ? अरविंद जी आ रहे हैं। तभी उसने मुझे 7-8 थप्पड़ जोर से मारे। जब मैंने उन्हें पीछे धकेलने की कोशिश की तो बिभव ने मेरा पैर पकड़ लिया और मुझे नीचे घसीट दिया। मेरा सिर सेंटर टेबल से टकराया, मैं जोर-जोर से चिल्ला रही थी। लेकिन कोई मदद के लिए नहीं आया।"

इंटरव्यू में स्वाति मालीवाल ने कहा, "बिभव ने किसी के निर्देश पर मारा या फिर किसी के कहने पर मारा। मैं किसी को क्लीन चिट नहीं दे रही हूं। अरविंद केजरीवाल घर पर थे और मेरे साथ मारपीट हुई, दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है।"

स्वाति मालीवाल ने कहा कि अगर मेरी राज्यसभा की सीट उन्हें चाहिए थी, वो प्यार से मांगते तो मैं जान दे देती, सीट तो बहुत छोटी बात है, अब चाहे दुनिया की कोई भी शक्ति लग जाए मैं इस्तीफा नहीं दूंगी।

स्वाति मालीवाल ने रोते हुए कहा, "मैंने यह नहीं सोचा कि मेरे करियर का क्या होगा? मैं खुद महिलाओं के लिए लड़ाई लड़ी हूं। मेरे साथ ये लोग क्या करेंगे? आज मैं अपने लिए लड़ाई लड़ रही हूं। दिल्ली पुलिस में दर्ज कराई गई एफ.आई.आर. में मालीवाल ने आरोप लगाया था कि वह केजरीवाल से मिलने उनके कैंप ऑफिस स्थित आवास पर गई थीं। ड्राइंग रूम में जब वह मुख्यमंत्री का इंतजार कर रही थीं, इसी दौरान बिभव कुमार वहां आए और उनके साथ मारपीट की। उन्हें बुरी तरह पीटा गया।

# प्रदेश भर में भीषण गर्मी, 19 जिलों में लू का रैड अलर्ट जारी

- गुरूवार को बाड़मेर देशभर में सबसे गर्म क्षेत्र रहा, यहां तापमान 48.8 डिग्री पहुंच गया। जैसलेमर से सटी भारत-पाक सीमा पर तापमान 53 डिग्री तक पहुंच गया।
- ज्योतिषियों के अनुसार शनिवार से सूर्य का संचरण रोहिणी नक्षत्र में होगा इससे नौतपा शुरू होगा, ये 9 दिन भीषण गर्मी के होंगे।
- भीषण गर्मी के कारण सरकार भी पूरी चाक चौबंद है। अस्पतालों में बैड रिज़र्व हैं और चिकित्सा विभाग के अफसरों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। पानी व बिजली विभाग के अफसरों को भी मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया जा चुका है।

जयपुर, 23 मई। राजस्थान जबरदस्त लू की चपेट में है। सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा है। अस्पतालों में बेड रिजर्व कर दिए गए हैं। शनिवार से सूर्य का संचरण रोहिणी नक्षत्र में होगा, जिसे नौतपा भी कहा जाता है। यानी अगले 9 दिनों तक गर्मी का प्रकोप और भी भीषण रहने वाला है।

गुरुवार को देश में सबसे गर्म शहर राजस्थान का बाड़मेर रहा। यहां अधिकतम तापमान 48.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जैसलमेर से सटे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर तापमान 53 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि आगामी दो-तीन दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना है। साथ ही भीषण लू का दौर भी जारी रहने वाला है।

इस भीषण गर्मी के चलते राज्य सरकार अलर्ट मोड पर है। चिकित्सा अधिकारियों की छुट्टियां रद्द की जा चुकी हैं और बिजली और पानी से जुड़े विभागों के अफसरों और कर्मचारियों को बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दो दिन पहले ही जारी हो चुके हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के 7 शहर ऐसे हैं जहां उच्चतम तापमान 47 डिग्री सैल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। इनमें बाड़मेर, फलोदी, फतेहपुर (सीकर), चूरू, जालौर, जैसलमेर और वनस्थली (टोंक) शामिल हैं।

प्रदेश में 12 शहर ऐसे हैं जहां अधिकतम तापमान सामान्य से 4 से लेकर 6 डिग्री सैल्सियस ज्यादा है। मौसम केंद्र जयपुर के मुताबिक अगले चार दिन तक पूरे प्रदेश में लू का दौर चलेगा। लू का अलर्ट भी सभी जिलों के लिए जारी किया गया है। इनमें आज गुरुवार को 13 और इसके बाद तीन दिन तक 19 जिलों में भीषण लू का रैड अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार बाड़मेर गुरूवार को सबसे अधिक गर्म रहा जहां अधिकतम तापमना 48.8 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गया। फलौदी में अधिकतम तापमान 48.6 डिग्री, फतेहपुर में 47.6 डिग्री, जैसलमेर में 47.5 डिग्री, जोधपुर में 47.5 डिग्री, जालौर में 47.3 डिग्री, कोटा में 47.2 डिग्री, चूरू में 47 डिग्री, डूंगरपुर में 46.8 डिग्री, बीकानेर में 46.5 डिग्री, श्रीगंगानगर में 46.1 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908

## संक्षिप्त

### सी.ई.ओ. ने विकास कार्य देखे

**राजगढ,** (निसं)। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने गुरुवार को राजगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के अनेक गांव का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 में जलग्रहण विकास विभाग के तहत चरागाह विकास कार्य, अमृत सरोवर एनिकट निर्माण कार्य एवं फार्मपोंड के कार्य देखे। ग्राम पंचायत राजपुर बडा, सकट, कुंडला एवं बिघोता में कार्य संचालित है। निरीक्षण के दौरान जलग्रहण विकास विभाग के अधीक्षण अभियंता गुलाब चंद वर्मा, सहायक अभियंता नटवर सिंह, कनिष्ठ अभियंता, नवल सिंह चौधरी, नवीन शर्मा एवं पंचायत समिति राजगढ़ के विकास अधिकारी ललित बुनकर जेईएन रूपराम बैरवा एवं समस्त सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### बिजली कटौती से राहत देने की मांग

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र चौमूं में की जा रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर गुरुवार को पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर आमजन को राहत देने की माँग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में आमजन परेशान है तथा बिजली कटौती के चलते नलकूपो के बंद होने से पेयजल सप्लाई बाधित हो रही है। बिजली कटौती के कारण बिना मोटर घरों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है।

### दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। बरोनी थाना पुलिस ने लम्बे समय से फरार टॉप-10 में शुमार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत बरोनी थाना पुलिस ने करीब 14 माह से फरार आरोपी बलराम पुत्र हरिसिंह गुर्जर निवासी ठीकरी थाना बाटोदा जिला गंगापुर सीटी व हंसराज पुत्र कालुराम मीणा निवासी जेतपुरा थाना मित्रपुरा जिला सवाईमाधोपुर को गिरफ्तार किया है।

### एक मरीज का किया डायलेसिस

**कोटपूतली,** (निसं)। यहाँ के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में मेरा वार्ड मेरा अस्पताल अभियान के तहत गुर्दे की बीमारी से ग्रसित मरीजों हेतु डायलिसिस यूनिट सेंटर में गुरूवार को एक मरीज का डायलेसिस किया गया। पीएमओ डॉ. सुमन कुमार यादव ने बताया कि संस्थान में हैपेटाइटीस बी एवं एचआईवी ग्रसित मरीजों हेतु चिन्हित अलग से डायलेसिस सुविधा उपलब्ध है। जिसमें सामान्य मरीजों से अलग रखते हुये उक्त बीमारी से ग्रसित मरीजों हेतु चिन्हित डायलेसिस मशीन से डायलेसिस किया जाता है।

### 57 हाजियों का जत्था रवाना

**मालपुरा** (निसं)। मुस्लिम समाज मालपुरा ने गुरूवार को 57 हाजीयों के जत्थें को हज यात्रा के लिए रवाना किया। शहर के मोहल्ला सादात हथाई चौक पर सभी हाजीयों को माला पहना हज यात्रा का सोभाग्य मिलने पर बधाई दी। सांगानेर हवाई अड्डे पर हाजीयों की विदाई के लिए मालपुरा से बडी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग पहुचे। मोहम्मद इस्लाम नकवी ने बताया कि हाजीयों के जत्थें में 27 पुरूष व 30 महिलाए शामिल रही। जिनमें सबसे अधिक उम्र की 83 वर्षीय जमीला बेगम शामिल रही तो सबसे कम उम्र में 15 वर्षीय हाजी जमीला के नवासे हाजी मोहम्मद जुबेर शामिल हुए।

### मादक पदार्थ का तस्कर गिरफ्तार

**मालपुरा,** (निसं)। लाम्बाहरसिंह थाना पुलिस ने थाने में दर्ज मादक पदार्थ तस्करी के मामले में नो माह से फरार चल रहे एक आरोपी को रायला जिला भीलवाडा से गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की। थानाधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी रोकथाम को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस अधिक्षक के आदेशानुसार एएसपी एवं डीएसपी मालपुरा के निर्दशानुसार विशेष अभियान के तहत की जा रही वांछीत अपराधियों की धर पकड के लिए गठित विशेष टीम ने नो माह से फरार चल रहे आरोपी लोकेन्द्र सिंह उर्फ लाला पुत्र महेन्द्र सिंह राजपुत निवासी रेडवास थाना बडलिया जिला भीलवाडा को शाहपुरा जिले के रायला से दस्तेयाब कर गिरफ्तार किया गया।

# मोटर पंप खराब होने से पावटा के वार्डों में पेयजल संकट

**पावटा,** (निसं)। पीएचईडी विभाग के पावटा कस्बे के श्मशान घाट स्थित पानी की टंकी में पानी चढाने वाली मोटर पंप खराब होने के कारण खारवालों की ढाणी, रामलीला मैदान, पटेलो का मोहल्ला, इंदिरा कॉलोनी, सब्जी मंडी कॉलोनी, गोपाल भैया मंदिर के पास, किला ऊपर मालियों का मोहल्ला, खुहारो के मोहल्ले सहित विभिन्न वार्डो में पिछले दो दिनों से पेयजलापूर्ति बाधित है।

मोटर पंप खराब होने से श्मशान घाट स्थित पानी की टंकी से अधिकतर उपभोक्ताओं के घरों में पाइपलाइन से जलापूर्ति बंद है। इस कनेक्शन से लगभग हजारों घरों में पानी की सप्लाई की जाती है। एक तो आमजन इस भीषण गर्मी में परेशान हैं। उस पर से पानी नहीं मिलने के कारण नागरिकों में आक्रोश है। मोटर पंप खराब होने से जलापूर्ति पिछले दो दिनों से बंद होने के कारण पावटा कस्बे के कई वार्डो में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता दयाराम चौधरी ने बताया कि पंपहाऊस की मोटर जल गई है जिसके चलते पानी की आपूर्ति बाधित हुई है। मोटर को ठीक करवाया जा रहा है। जल्द ही लोगों को पानी की आपूर्ति शुरू की जाएगी। सभी वार्डो में पेयजल आपूर्ति के प्रयास किए गए हैं। जिन वार्डों में पानी की आपूर्ति नहीं हुई है वहां टैंकरों से पानी भिजवाया गया है। हालांकि लोगों का कहना है कि टैंकर का पानी पर्याप्त नहीं रहता जिससे घर का सभी काम नहीं हो पाता है।


पावटा के वे वार्ड जिनमे पानी की आपूर्ति नहीं हुई है वहां टैंकरों से पानी भिजवाया जा रहा है।

- **दो दिन से नहीं हुई पानी की आपूर्ति, लोग परेशान**

वार्डो में एक टैंकर पानी से लोगों का गुजारा नहीं हो पा रहा है। लोगों ने कहा कि अगर पुराने मोटर पंप बनाने के बजाए नए मोटर पंप लगा दिया जाए तो बार-बार लोगों को पानी के लिए परेशान नहीं होना पडेगा। उन्होंने विभाग से समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। सुझाव भी दिया है कि यदि कभी ऐसी समस्या आती है तो अन्यत्र पेयजल योजना के माध्यम से वार्डो में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। वहीं लोगों ने आग्रह किया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए समस्या का हल जल्द किया जाए।

## जरुरतमंद बेटियों का किया कन्यादान

**टोंक/अलीगढ,** (निसं)। भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त सामाजिक संस्था पे.टू.पे सोशियल फाऊंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा के आदेशानुसार ब्रांच कोऑर्डिनेटर राजेश कुमार सेन एवं कार्यकर्ता शोभासेन द्वारा ग्राम अलीगढ में सैनी समाज की बिना माँ की दो बेटियों की शादी में पैनासोनिक मिक्सी, कॉकरी सेट, 5 बर्तन, लेडीज पर्स इत्यादि देखकर कन्यादान किया। सहयोगी कार्यकर्ता सुमेर सरसिया व मनीषा द्वारा गाडौली गांव में बैरवा समाज दो बहनों की शादी में इंडक्शन चूल्हा, प्रेशर कुकर, लेडीज पर्स देकर कन्यादान किया। बहनों के पिता ने कहा कि संस्था आगे भी ऐसे ही समाज सेवा करते रहे। वहां के लोगों को भी उन्होनें संस्था के प्रति जागरुक किया। इस दौरान संस्था के अशोक टंकारीया, शाहरुख मंसूरी, राजेंद्र बैरवा, कन्हैया मेरोठा, मोहित शर्मा, सुरेन्द्र बन्ना, उमेश जागिड, मुकेश सैनी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण कर खाने की गुणवत्ता जांची

**कोटपूतली,** (निसं)। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरूवार को जिले के बानसूर पंचायत समिति सभागार में आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर ने पेयजल सप्लाई एवं विद्युत आपूर्ति की वास्तविक स्थिति का आकंलन किया।

पीएचईडी सहायक अभियंता से उपखण्ड क्षेत्र की पेयजल सप्लाई की जानकारी प्राप्त कर अबाधित रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं टैंकर से पेयजल आपूर्ति की प्रभावी एवं सघन मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया साथ ही विद्युत विभागके सहायक अभियंता को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु पूर्ण व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही। बानसूर डीएसपी को पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु पुलिस जाप्ते की आवश्यकता होने पर संबंधित विभागों को प्राथमिकता के साथ जाप्ता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये।

चिकित्सा विभाग के बीसीएमओ एवं पीएमओ को चिकित्सा सुविधाओं को दुरुस्त करने एवं संभावित डेंगू, मलेरिया की बीमारी के प्रसार को फैलने से रोकने हेतु चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त मेडिसिन उपलब्ध रखने एवं चिकित्सा कर्मियों को चिकित्सा संस्थानों पर पूर्ण समय में ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया। बैठक के पश्चात जिला कलेक्टर ने अन्नपूर्णा रसोई व्यवस्था का निरीक्षण कर अन्नपूर्णा रसोई में खाना खाकर खाने की गुणवत्ता की जांच की। रसोई संचालकों को रसोई में पर्याप्त साफ-सफाई रखने एवं नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण खाना उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने ग्राम होलावास में पीएचइडी विभाग द्वारा बनाई जा रही पानी की टंकी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पीएचईडी सहायक अभियंता को टंकी निर्माण में गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रयुक्त करने एवं शीघ्र कार्य पूर्ण कर पेयजल सप्लाई सुचारु करने के निर्देश दिये।


कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के अधिकारियों की बैठक ली।

- **पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करने एवं मॉनिटरिंग हेतु निर्देशित किया**

# नकबजनी गैंग का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। थाना मेंहन्दवास पुसिल ने नकबजनी गैंग का पर्दाफास कर दो पुरूष व दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। मेहन्दवास थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि हीरालाल पुत्र कन्हैयालाल जाति जाट ने थाना मेहन्दवास पर एक रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि 24 अप्रेल को दिन में अज्ञात लोग ग्राम छाण में स्थित मेरे मकान में घुसकर अन्दर रखे बक्से का ताला तोडकर 15 तोला सोने के जेवरात एवं 35 हजार 600 रूपये नकद चोरी कर ले गये।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर टोंक वृताधिकारी राजेश विधार्थी व थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने विशेष टीम का गठन कर अनुसंधान जारी किया। उक्त टीम द्वारा अज्ञात आरोपीयान की तलाश हेतु सीसीटीवी कैमरों को चैक कर फुटेज देखे गये तथा मुखबीर की सूचना पर सायबर टीम से तकनिकी सहायता से चोरी/नकबजनी की वारदात में शामिल दो पुरूष व दो महिलाओं को गिरफ्तार किया। आरोपियों में कानू उर्फ कानाराम उर्फ कान्हाराम मोग्या पुत्र रामेश्वर जाति मोग्या उम्र 20 साल निवासी कच्ची बस्ती पांचकुआ जुगलपुरा ढाणी निवाई हाल केरिया नाडा जोबनेर थाना जोबनेर जिला जयपुर, कालू उर्फ हिरालाल पुत्र गुल्लाराम जाति बावरिया (मोग्या) उम्र 35 साल निवासी कचोलिया की ढाणी चौमू हाल गोरख महाराज के मन्दिर के सामनें नगालासुसावतान आमेर थाना जिला जयपुर, श्रीमति लादी देवी पत्नी गोपाल जाति मोग्या उम्र 45 साल निवासी बंजारों का बास घाटी मालपुरा व ग्यारसी देवी पत्नी रामेश्वर जाति मोग्या उम्र 50 साल निवासी कच्ची बस्ती पांचकुआ जुगलपुरा ढाणी निवाई को गिरफ्तार किया गया है।


टोंक पुलिस ने नकबजनी गैंग के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

## सरकारी स्कूल की तीन छात्राओं ने नाम रोशन किया


रोशनी


सविता


युक्ता

**राजगढ,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के थाना राजाजी उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा युक्ता सैनी ने 12वीं कला वर्ग में 96 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय सहित परिवार का नाम रोशन किया है।

इसके साथ दो छात्रा रोशनी सैनी ने 92.80 प्रतिशत एवं सविता वर्मा ने 90.60 प्रतिशत अंक हासिल कर सरकारी विद्यालयों के प्रति ग्रामीणों में विश्वास को बढाया है। होनहार छात्राओं की कामयाबी पर सरपंच राजू वकील मीणा एवं विद्यालय प्रबंधन विकास समिति ने खुशी जाहिर की है। उच्च माध्यमिक विद्यालय की हॉनर छात्रा युक्ता सैनी पुत्री जितेश सैनी चोरवाडा मोहल्ला खवास का बाग राजगढ़, रोशनी सैनी पुत्री प्रकाश चंद निवासी खवास का बाग राजगढ एवं सविता वर्मा पुत्री जयनारायण वर्मा निवासी बैरवा मोहल्ला ग्राम थाना राजाजी की है। तीनों छात्राओं की कामयाबी पर समूचे गांव में खुशी का आलम है। सीबीईओ मौसम मीणा ने तीनों बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है। तीनों छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है।

# प्राची ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश को गौरांवित किया : मदन दिलावर

**किशनगढ़बास,** (निसं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर गुरुवार को खैरथल तिजारा जिले के कोटकासिम उपखंड के छोटे से गांव बीबीरानी इकरोटिया में बेटी प्राची सोनी को आशीर्वाद देने के लिए उसके घर पहुंचे। शिक्षा मंत्री के साथ वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, पूर्व विधायक रामहेत यादव भी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्राची शिक्षा मंत्री सहित नेता रथ में सवार होकर ढोल बाजे के साथ सभा स्थल पहुंची।

शिक्षा मंत्री ने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुझे कहा कि राजस्थान की हमारी बेटी ने सभी विषयों में 100 प्रतिशत अंक हासिल कर देश और राजस्थान को गौरांवित किया है। ऐसे में शिक्षा मंत्री होने के नाते घर जाकर बेटी को बधाई देकर आशीर्वाद दो कि वह आगे चलकर अपने सपनों को पूरा करें। आशीर्वाद देने के साथ प्राची आगे पढ़ने के लिए जो भी इंस्टीट्यूट से कोचिंग लेना चाहे उसका सारा खर्च राजस्थान सरकार उठाएगी। उन्होंने कहा कि प्राची ने जो सोचा है वह जरूर पूरा होगा। हार मानने वालों की जीत नहीं होती लेकिन जीत को मन में धारण कर ले उसकी कभी हार भी नहीं होती है। शिक्षा मंत्री ने कहा बीबीरानी की माटी पर जन्मी प्राची ने सब का मान बढ़ा दिया है। यह सामान्य बात नहीं है की सभी विषय में कोई 100 प्रतिशत अंक भी ला सकता है। शिक्षा मंत्री ने 47-48 डिग्री तापमान को लेकर कहा कि हम पेड़ काटते हैं लेकिन लगाते नहीं है भारत माता का असली श्रृंगार हरियाली है। संकल्प लेकर जाएं कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम पांच पौधे लगाकर बड़ाकर छायादार बनाएगा। मंत्री ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कार भी जरूरी है। यह संस्कार घर से और गुरुजनों से मिलते हैं। बच्चों को चाहिए कि वह अपने गुरुजनों का, माता-पिता का सम्मान करते हुए उनका अनुसरण करें।

इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने बेटी प्राची को आशीर्वाद दिया और कहा की धन्य है माता-पिता जिन्होंने प्राची जैसी बेटी को जन्म देकर देश और राजस्थान को गौरांवित करने का काम किया है। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने प्राची को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटी प्राची को आशीर्वाद देने के लिए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पहुंचे हैं। क्षेत्र की जनता की तरफ से स्वागत करता हूं। इस दौरान ग्राम वासियों की ओर से प्राची सोनी को 21000 रुपए नगद पुरस्कार स्वरूप दिए। जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ने 11000 देने की घोषणा की तो पूर्व विधायक रामहेत यादव ने उसे बढ़ाकर एक लाख एक हजार की घोषणा की। प्राची के नाना नानी ने आशीर्वाद स्वरुप एक सोने की अंगूठी और 500 रुपए आशीर्वाद स्वरूप दिए। इंद्राज यादव ने 51000 दिए जाने की घोषणा की।


शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, वन मंत्री संजय शर्मा, पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित भाजपा नेताओं ने प्राची सोनी को स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

- **शिक्षा मंत्री पहुंचे प्राची सोनी के घर, दिया आशीर्वाद**

## सार-समाचार

### स्कूल को चार पंखे और परिंडे भेंट



**चाकसू,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र के गांव हिंगोनिया निवासी भामाशाहों के द्वारा प्राथमिक विद्यालय हिंगोनिया में बच्चों को भीषण गर्मी से बचने के लिए चार पंखे व पक्षियों के पानी के लिए परिंडे मंजू सांवरिया एचएम को भेंट किए गए। इस दौरान भामाशाह मूलसिंह रिटायर कैप्टन, भामाशाह घनश्याम सिंह, भामाशाह परमाल सिंह और भामाशाह अर्जुन सिंह हिंगोनिया एडवोकेट को विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद दिया गया साथ ही भामाशाहों के द्वारा आश्वासन दिया गया कि जब भी स्कूल को कोई जरूरत होगी हम तैयार रहेंगे। इस दौरान चंद्र प्रताप सिंह राजावत, देवेन्द्र सिंह राजावत, भंवर कंवर, आशीष मीणा, नारायण लाल बैरवा, रामू कवंर, मंजू जोशी आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

### श्री जी के दर्शनों के लिए लगी कतारें

**मालपुरा,** (निसं)। पवित्र वैशाख महिने की वैशाख पूर्णीमा पर डिग्गी में श्री जी के दर्शनों के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ा। गुरूवार वैशाख पूर्णीमा पर श्री जी के दर्शनों का विशेष महत्व होने के चलते अल सवेरे मंगला आरती से ही कल्याण भक्तों के पहुंचने का क्रम शुरू हुआ जो कि देर शाम संध्या आरती तक जारी रहा। आसमान से बरस रही भीषण गर्मी के बावजूद श्री जी भक्तों के मंदिर के बाहर लम्बी कतारे लगी। जय श्री कल्याण के जयकारे लगाते मन में दर्शनों की चाह लिए कल्याण भक्त मंदिर की ओर बढते हुए घण्टों कतारों में लग निज मंदिर में पहुचे श्री जी भक्तों ने मनमोहक झांकी के दर्शन कर दरबार में हाजरी लगाई। वहीं वैशाख पुर्णीमा पर खाण्डल विप्र समाज मालपुरा द्वारा पुरानी तहसील मदनमोहन जी मंदिर में भगवान नृसिंह अवतार की सजीव झांकी सजा नृसिंह भगवान की लीलाओं का मंचन किया।

### होनहार प्रतिभाओं का सम्मान

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे में संचालित एसवीएम सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में विज्ञान संकाय में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एस वी एम स्कूल फुलेरा विज्ञान संकाय (हिन्दी माध्यम) के छात्र प्रियांशु सैनी पुत्र सुरेश सैनी और (अंग्रेजी माध्यम) के छात्र पुरु सारस्वत पुत्र निशान्त सारस्वत ने क्रमश 93.80 प्रतिशत और 93.40 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए क्षेत्र में अपनी बादशाहत को बरकरार रखा है। इसी कडी में शाला निदेशक पवन कुमार गौड, व्यवस्थापक रमेश चन्द कुमावत, विज्ञान संकाय प्रभारी प्रमोद निर्वाण, वाणिज्य संकाय प्रभारी हरिओम शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ ने क्षेत्र में प्रथम स्थान पर रहने पर दोनों बच्चों के घर पहुंचकर उन्हें माल्यार्पण कर और मुंह मीठा करवाकर शुभकामनाएं प्रदान की। शाला की प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा ने बताया कि सफलता के लिए कोई शॉर्ट कट नहीं होता है। नियमित अध्यन से ही उत्कृष्ट परिणाम मिलते है। छात्र पुरु सारस्वत और प्रियांशु सैनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादा दादी और भाई बहनों के साथ अपने शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह, लोकेश प्रजापति, चन्द्रकांत शर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### पेयजल समस्या में सुधार के दिये निर्देश

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। भरतपुर संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने बौंली उपखंड मुख्यालय पहुंचकर आमजनों से पेयजल समस्या को लेकर चर्चा की एवं विभागीय अधिकारियों को इसमें तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त के दौरे के तुरंत बाद देर रात्रि को सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर डॉ.खुशाल यादव ने बुधवार रात्रि को ग्राम पंचायत झनूण के सभागार में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं ग्रामीणों द्वारा बताई विद्युत, पेयजल व सडक सहित अन्य समस्याओं को सुनने के बाद जिला कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रात्रि चौपाल के दौरान एसडीएम विनीता स्वामी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद लखन सिंह, सीएमएचओ डॉक्टर धर्म सिंह मीणा, तहसीलदार राकेश मीणा सहित अन्य विभागों के जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर के कार्यक्रम की सूचना स्थानीय प्रशासन द्वारा पत्रकारों को नहीं देने पर पत्रकारों ने आक्रोश व्यक्त किया है एवं कहा है की केंद्र व राज्य सरकार की कोई भी योजना को प्रचारित करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है लेकिन बौंली उपखंड प्रशासनिक अधिकारी अपनी कमियों को छुपाने के लिए पत्रकारों से दूरी बनाकर रखते हैं।

### धाकड़ समाज का विवाह सम्मेलन संपन्न

**मालपुरा,** (निसं)। धाकड समाज द्वारा देवली तहसील के ग्राम गांवडी में आयोजित 14 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में गुरूवार पीपल पूर्णीमा पर शादी की सभी रस्में समाज के रीति रिवाज से सम्पन्न करवाई गई। विवाह सम्मेलन में पहुचे जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व उनकी धर्म पत्नी राधा देवी चौधरी ने नव विवाहित जोडों को सुखी दाम्पत्य जीवन जीने का आशीर्वाद दे धाकड समाज के लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। समाज की ओर से केबीनेट मंत्री को सम्मान से नवाजा गया। मंत्री चौधरी ने वर्तमान समय में महगाई के दौर में सामुहिक विवाह सम्मेलनों के आयोजन तथा सम्मेलनों में ज्यादा से ज्यादा समाज के नव विवाहित जोडों को शामिल कर राज्य सरकार के निर्देशों पर समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही प्रोत्साहन योजना का लाभ लेने की बात कहते हुए सम्मेलन आयोजन समिति व धाकड समाज के लोगों को बधाई दी।

### श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों का सम्मान

**शाहपुरा,** (निसं)। शाहपुरा कस्बा स्थित ग्राम घासीपुरा के एमडीएस इंग्लिश एकेडमी स्कूल में पिछले 9 दिनों से चल रहे समर कैंप का गुरुवार को समापन हुआ। हरिप्रसाद बलिवाल ने बताया की समर कैंप में म्यूजिक, डांस, बैडमिंटन, आर्ट एंड क्राफ्ट, फ्लेमलेस कुकिंग, बास्केट बॉल, स्विमिंग, क्रिकेट, स्केटिंग, सेल्फ डिफेंस, पॉटरी, स्प्लैश पूल, अंग्रेजी लेखन व अंग्रेजी वार्तालाप सहित अनेक गतिविधियों में बड़ी संख्या में बच्चों ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्कूल की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# चिकित्सकों के रिक्त पदों पर तहसीलदार ने नाराजगी जताई

**पावटा,** (निसं)। उपखंड पावटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पांचुडाला सीएचसी में गुरुवार को पावटा तहसीलदार प्रवीण सैनी के अचानक पहुंचने पर चिकित्सालय में अफरा तफरी मच गई। उन्होंने वहां वार्ड में भर्ती मरीजों से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

तहसीलदार प्रवीण सैनी द्वारा निरीक्षण करने पर साफ सफाई एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा गया। तहसीलदार प्रवीण सैनी ने कहाँ कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं दी जा रही सुविधाओं का मरीजों को लाभ दिया जाए। निरीक्षण करने पहुंचे तहसीलदार प्रवीण सैनी को देखकर सभी स्टाफ अपने अपने कमरों में व जिम्मेदारी से काम करते हुए मिले। तहसीलदार प्रवीण सैनी ने साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पांचुडाला सीएचसी में चिकित्सकों के रिक्त पडे पदों को लेकर व एक भी चिकित्सक नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए बीसीएमएचओ को चिकित्सकों को लगाने के निर्देश देते हुए ओपीडी मे मरीजों की अधिक संख्या को देखते हुए अस्पताल में डॉक्टरों की हर समय उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। वही निरीक्षण के दौरान ओपीडी, वार्डो, लेबर रूम, और परिसर की जांच की गयी। जांच के दौरान चिकित्सा प्रभारी को अस्पताल मे नियमित साफ सफाई करने, संस्थागत प्रसव मे बढोतरी, नियमित पर्यवेक्षण और अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

- **तहसीलदार ने पांचुडाला सीएचसी का निरीक्षण किया**


MARUTI SUZUKI
NEXA
EXTEND YOUR PEACE OF MIND.
AVAIL 5 YEARS EXTENDED WARRANTY
ON THE GRAND VITARA STRONG HYBRID.
5 YEARS WARRANTY
2 YEARS + 3 EXTENDED YEARS
STRONG HYBRID
GRAND VITARA
1200+km
IN ONE FULL TANK#
INTELLIGENT ELECTRIC
HYBRID
PANORAMIC SUNROOF
VENTILATED SEATS
6 AIRBAGS
EV MODE
SMARTPLAY PRO+
DIGITAL MULTI-INFORMATION DISPLAY
NEXA Safety Shield
SUZUKI-TECT BODY
DUAL FRONT AIRBAGS
ESP
SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
COMPLIANT WITH -
• FULL FRONTAL IMPACT
• FRONTAL OFFSET IMPACT
• SIDE IMPACT
Features and accessories shown may not be a part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.
"VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO GET EXCITING OFFERS UP TO ₹ 74 000*"
Know more about the Advanced Grand Vitara
Scan to chat on WhatsApp
JAIPUR: NEXA AJMER ROAD (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), NEXA MANSAROVAR (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), NEXA VKIA SIKAR ROAD (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102),
NEXA QUEENS ROAD (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), NEXA GOPALPURATONK ROAD (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), NEXA RAJAPARK (KTL AUTOMOBILE PVT. LTD. PH: 9257022731),
AJMER: NEXA MAKHUPURA (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), NEXA VAISHALI NAGAR (AJMER AUTO PH: 9694541201, 9314391004), ALWAR: NEXA MANHAR VILLA (FORTUNE CARS PH: 7230029424),
BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL (FORTUNE CARS PH: 9214794313), BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE (CHAMPION CARS PH: 8081133333), BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD (AURIC MOTORS PH: 7230081665),
JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL (AURIC MOTORS PH: 7412087314), JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), NEXA SHASTRI CIRCLE (AURIC MOTORS PH: 8875012697),
PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018),
JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929),
BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777),
SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH (AURIC MOTORS PH: 7412092301), UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS (TECHNOY MOTORS PH: 8306300695),
NEXA CENTRAL UDAIPUR (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), RAJSAMAND: NEXA RAJNAGAR (TECHNOY MOTORS PH: 9251988300),
DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).
Contact us at 1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA] and visit www.nexaexperience.com to book online.
8 YEAR WARRANTY ON THE BATTERY^
Maruti Suzuki offers warranty of 8 years on Strong Hybrid battery.
*Terms & conditions apply. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to owner's manual. #Fuel efficiency as certified by test agency under rule 115 of CMVR 1989, with Fuel Tank capacity of 45L, range is 1258.65 km (45L x 27.97km/l) under standard test conditions. Results may differ depending on actual driving, road, and other conditions. Car model and accessories shown may vary from the actual product and car colour may vary due to printing on paper. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Offers applicable for Zeta+ and Alpha+ variants of Grand Vitara only. All offers are applicable till 31st May'24 or till stocks last. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. ^Maruti Suzuki offers warranty of ninety six (96) months or 1,60,000 kilometers (whichever occurs first) for Hybrid Electric Vehicle (HEV) battery from the date of invoice to the first owner.